www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 1 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -297 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





भारत व नेपाल के साथ रहे हैं खास व मैत्रीपूर्ण संबंध : ओम बिरला 02

■ प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों पर गिर...
■ प्राधिकरण ने 30 करोड़ की जमीन को कराया... 04

■ इजरायली सेना ने गाजा के अल अमल अस्पताल
■ भ्रष्टाचार के मामले में इमरान को 14 साल की कैद 07

49 वर्ष की हुई प्रीति जिंटा 10

# हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया

## मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ देर बाद ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया

■ राज्यपाल ने हेमंत सोरेन का इस्तीफा स्वीकार किया

**रांची,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में बड़ी सियासी हलचल देखने को मिल रही है। हेमंत सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और इसके कुछ देर बाद ही केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने मुख्यमंत्री दफ्तर में उनसे दोपहर करीब डेढ़ बजे पूछताछ शुरू की थी। वे रात के करीब साढ़े 8 बजे राजभवन पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बताया जा रहा है कि सोरेन के जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार करने का फैसला किया। गिरफ्तारी से कुछ समय पहले झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी सीएम मुख्यालय पहुंचे। यहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। रांची में पुलिस को अलर्ट रखा गया है। ईडी दफ्तर, राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय के पास धारा 144 लगाई गई है। बता दें कि ईडी ने हेमंत सोरेन के नई दिल्ली में शांति निकेतन स्थित आवास से सोमवार को 36 लाख रुपए कैश, एक बीएमडब्ल्यू कार और कुछ दस्तावेज बरामद किए थे। ईडी ने उनसे इसके बारे में कई सवाल पूछे। सोरेन ने इस बात से इनकार किया कि कैश और कार उनकी है। इसके अलावा रांची के बड़गाईं अंचल की करीब चार एकड़ जमीन के स्वामित्व को लेकर पूछे गए सवालों पर सोरेन के जवाब से ईडी के अफसर संतुष्ट नहीं हुए। सोरेन की गिरफ्तारी की भनक मिलने के साथ ही उनके आवास के बाहर हलचल बढ़ गई है।



### चंपई सोरेन होंगे झारखंड के अगले मुख्यमंत्री

■ चंपई विधायक दल का नेता चुना गया

अब हेमंत सोरेन के करीबी चंपई सोरेन झारखंड के अगले मुख्यमंत्रीं होंगे। उन्हें हेमंत सोरेन से पूछताछ के बीच विधायक दल का नेता चुना गया और इससे जुड़ा पत्र लेकर सभी विधायक तीन बसों से राजभवन पहुंचे। पत्र पर 47 विधायकों का हस्ताक्षर हैं। ईडी की हिरासत में ही सोरेन राजभवन पहुंचे और इस्तीफा दे दिया। इसके बाद ईडी की टीम सोरेन को अपने दफ्तर ले गई।

### केजरीवाल को मिला ईडी का 5वां समन



■ शराब नीति केस में 2 फरवरी को पूछताछ होगी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में जांच एजेंसी ईडी ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन जारी किया है। एजेंसी ने केजरीवाल को 5वीं बार समन भेजकर 2 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले भेजे गए समन को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बदले की कार्रवाई बताया था। ईडी ने इससे पहले 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को दिल्ली सीएम को समन भेजा था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। चौथे समन पर केजरीवाल ने कहा था कि भाजपा मुझे गिरफ्तार करवाना चाहती है, ताकि मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं। शराब नीति केस में ही दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह जेल में हैं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर पश्चिम बंगाल पहुंची

# बंगाल के लोग देश को रास्ता दिखाते हैं : राहुल




**मालदा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को बुधवार को भी बिहार और पश्चिम बंगाल में जनता ने अपना भरपूर समर्थन दिया। यात्रा के दौरान एक बार फिर जनसैलाब उमड़ा। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय निवासियों, दुकानदारों ने राहुल गांधी पर फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा की फोटो अपने फोन में कैद करने के लिए लोगों में होड़ सी मची रही। यात्रा में राहुल गांधी को समर्थन देने उमड़ा जनसैलाब हर किसी को अचंभित कर रहा था। यात्रा 18वें दिन बुधवार को बिहार के कटिहार से शुरू हुई और फिर बंगाल में प्रवेश कर मालदा पहुंची। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आज हिंदुस्तान में अलग-अलग तरीके के अन्याय हो रहे हैं। मोदी सरकार आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय, किसानों के खिलाफ अन्याय, मजदूरों के खिलाफ अन्याय कर रही है। 'भारत जोड़ो यात्रा' में कांग्रेस ने 'न्याय' शब्द जोड़ा है। इस शब्द के पीछे आर्थिक न्याय और सामाजिक न्याय है। पश्चिम बंगाल के लोगों से सीधा संवाद करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। मैं पश्चिम बंगाल के हर नागरिक से कहना चाहता हूं कि आप लोग देश को रास्ता दिखाते हैं, आप बुद्धिजीवी लोग हैं। रबींद्र नाथ टैगोर जी, सुभाष चंद्र बोस जी और अमर्त्य सेन जी जैसी शख्सियत बंगाल से आती हैं। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आप आरएसएस की नफरत की विचारधारा के सामने एकजुट खड़े होकर लड़ें।

## सार संक्षेप

### ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा करने की इजाजत



**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को हिंदुओं को ज्ञानवापी मस्जिद के सीलबंद तहखाने के अंदर पूजा करने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने जिला प्रशासन को अगले सात दिनों में जरूरी इंतजाम करने को कहा है। अदालत के आदेश के अनुसार, हिंदू श्रद्धालु अब ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर एक सील क्षेत्र 'व्यास का तहखाना' में प्रार्थना कर सकते हैं।

### उड़ी में यात्री वाहन खाई में गिरा, 8 की मौत



**जम्मू।** बारामुल्ला जिले के उड़ी में एक यात्री वाहन के बर्फीली सड़क से फिसल कर खाई में गिरने से 8 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के उड़ी इलाके में एक दुखद सड़क दुर्घटना में कम से कम सात यात्रियों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

### वित्त आयोग में सरकार ने चार सदस्यों की नियुक्ति की




**नई दिल्ली।** सरकार ने 16वें वित्त आयोग में चार नए सदस्यों की नियुक्ति की है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को इसका अध्यक्ष बनाया गया था। राष्ट्रपति ने पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा,पूर्व विशेष सचिव व्यय एनी जार्ज मैथ्यू,अर्थी ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राज्याध्यक्ष को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में मंजूरी दे दी है। जबकि भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को 16 वें वित्त आयोग के अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

### कांग्रेस सांसद ने केटीआर को भेजा मानहानि नोटिस



**हैदराबाद।** कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव को उनके इस आरोप के लिए मानहानि का नोटिस भेजा है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने उन्हें पद हासिल करने के लिए 50 करोड़ की रिश्वत दी थी।

### विश्व वैष्णव सम्मेलन आठ फरवरी को

**नई दिल्ली।** गौड़ीय मिशन द्वारा श्री चैतन्य महाप्रभु के उपदेशों को समाज में फैलाने और मानव कल्याण पर समर्पित एक दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ श्रील प्रभुपाद के 150वीं जन्मोत्सव पर आठ फरवरी को राजधानी में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर निशाना

# 'कुछ लोग आदतन लोकतंत्र का चीरहरण करते हैं'

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। संसद से निलंबित किए गए सांसदो का निलंबन भले ही खत्म हो गया हो,लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर करारा हमला किया है। बजट सत्र में जाने से पहले उन्होंने बिना किसी का नाम लिए आरोप लगाया कि कुछ लोग आदतन लोकतंत्र का चीरहरण करते हैं। उन्होंने कहाकि उम्मीद करते हैं कि जिन सांसदों को लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाने की आदत है, वे आत्मनिरीक्षण करेंगे कि संसद सदस्य के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का मूल्यांकन करेंगे। हालांकि जिन लोगों ने संसद में सकारात्मक योगदान दिया है, उन्हें सभी याद रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहाकि जिन सदस्यों ने संसद के कामकाज में व्यवधान पैदा किया,उन्हें शायद ही याद किया जाएगा। उन्होंने कहाकि यह बजट सत्र पश्चाताप करने और सकारात्मक पदचिन्ह छोड़ने का एक अवसर है। मैं सभी सांसदों से आग्रह करता हूं कि वे इस अवसर को न चूकें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



### मोदी का विज्ञापन था अभिभाषण : खड़गे

सतरहवीं लोकसभा के अंतिम बजट सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में मोदी सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की और सरकार को हर मोर्चे पर कामयाब बताया। लेकिन कांग्रेस पार्टी इससे कतई इत्तेफाक नहीं रखती है। पार्टी अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति के दावे को पूरी तरह खारिज करते हुए उनके अभिभाषण को सरकार का विज्ञापन करार दिया।

राष्ट्रपति ने मोदी सरकार के कामकाज को सराहा

# मुर्मू ने 22 जनवरी को मील का पत्थर बताया

■ राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। बजट सत्र से पहले संसद के संयुक्त अधिवेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी सरकार के 10 साल के कामकाज को अभूतपूर्व बताया। एक तरफ उन्होंने सरकार के बड़े सुधारो की जमकर तारीफ की तो वहीं अयोध्या में राममंदिर निर्माण को सदियों पुरानी इच्छा का वास्तविकता बन जाना और 22 जनवरी को मील का पत्थर करार दिया। नए संसद भवन में दोनों सदनो को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए उग्रवाद से लेकर विकास एवं बदलाव के तमाम आयाम की चर्चा की ओर इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहाकि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है, जब वह अतीत की चुनौतियों को खत्म कर दे और भविष्य के निर्माण में पूरी ऊर्जा झोंक दे। मुर्मू ने जोर देकर कहाकि सशस्त्र बल आतंकवाद और विस्तारवाद का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं और भारत अब दुनिया में आतंकवाद के खिलाफ एक प्रमुख आवाज बन गया है। राष्ट्रपति ने कहाकि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभ पर खडी होगी। इनकी तरक्की के विकसित भारत की कल्पना बेमानी है। वहीं अयोध्या में बने भव्य राममंदिर लेकर उन्होंने कहाकि देश ने पिछले 10 साल में उन परियोजनाओं को पूरा होते देखा,जिनका दशकों से इंतजार था। राममंदिर के निर्माण की इच्छा सदियों से थी और आज वह वास्तविकता बन गई। सांस्कृतिक इतिहास में कुछ मील के पत्थर हैं जो सदियो का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे कई मील के पत्थर रहे हैं। 22 जनवरी को देश ने एक ऐसा ही मील का पत्थर देखा। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहाकि अनुच्देद 370 हटाए जाने को लेकर लोगों के मन में आशंकाएं थी,लेकिन अब वह इतिहास बन गई। राज्य में शांति और सुरक्षा का माहौल है। अतीत में देखी गई बंद खामोशी के बजाय बाजारों में रौनक है।



### 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

उन्होंने नीति आयोग की पिछले दिनो जारी रिपोर्ट के हवाले से भी कहाकि पिछले 10 सालों में तकरीबन 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले है। लंबे समय से गरीबी उन्मूलन का केवल नारा सुन रह थे,अब पहली बार बडे पैमाने पर गरीबी उन्मूलन दिखाई पड़ रहा है। पिछले एक दशक में सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता को अपनी हर प्रणाली की आधारशिला बनाया है और इसके लिए बेहतर से बेहतर माहौल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

अग्निपथ योजना पर कांग्रेस ने फिर सरकार को घेरा

# जवानों के हौसलों को पस्त करने वाली है अग्निपथ योजना

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में जाने से पहले कांग्रेस ने एक बार फिर से केंद्र की अग्निपथ योजना को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

पार्टी ने अग्निपथ को जवानों के हौसलों को पस्त करने वाली योजना करार देते हुए कहा कि जंग हथियारों से नहीं हौसलों से जीती जाती है। लेकिन सरकार अपने अडियल रुख के चलते देश की सुरक्षा और जवानों के भविष्य के साथ खिलवाड कर रही है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेडा ने कहाकि आप हजारों करोड़ रुपए खर्च करके मिसाइल,तोप खरीद लो, लेकिन इन मिसाइलों, तोपों को चलाने वाले का अगर मनोबल टूटा हुआ हो तो, हथियारों का कोई लाभ मिलेगा। क्योंकि किसी जंग को जीतने के लिए हौसला सबसे जरूरी होता है। उन्होंने कहाकि अग्निपथ योजना पिछले 70-75 सालों में सरकार ने सेना की जो रचना और उसका ढांचा बनाया था,उसको पूरी तरह ध्वस्त करने वाली है। इस योजना के जरिए न केवल सेना के मनोबल के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लाखो नौजवानों के जो सपने हैं,उन पर भी हमला किया जा रहा है। खेडा ने कहाकि आप घर किराए का ले सकते हैं,गाडी किराए पर ले सकते हैं,लेकिन सेना को किराए पर नहीं ले सकते हैं। सैनिक को वेतन मिलता है, इसलिए वह सीमा पर जाकर अपनी जान की बाजी नहीं लगाता है। बल्कि उसके मन में भरोसा होता है कि उसके बाद उसके परिवार के साथ पूरा देश खडा है। लेकिन अग्निपथ योजना उसके इस विश्वास को खत्म कर रही है। अगर सैनिक का यह विश्वास खत्म हो जाएगा तो वह लडाई भी नहीं लड पाएगा और देश की सीमा भी असुरक्षित हो जाएगी।



■ सेना के मनोबल के साथ खिलवाड़ किया जा रहा

पेटीएम पर आरबीआई की कार्रवाई

# 29 फरवरी से बैंकिंग व वॉलेट सेवाएं देने पर रोक

■ लगातार नियमों की अनदेखी पर की कार्रवाई

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड द्वारा दी जा रही सेवाओं जैसे पीटीएम वॉलेट, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड, पेटीएम यूपीआई, आईएमपीएस और धनराशि हस्तांतरण आदि सेवाओं पर 29 फरवरी से प्रतिबंधित कर दिया है। केन्द्रीय बैंक ने आज जारी बयान में कहा कि एक मार्च, 2022 को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को नए ग्राहकों को शामिल करने से रोकने का निर्देश दिया गया था। व्यापक सिस्टम ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की बाद की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट ने बैंक में लगातार गैर-अनुपालन और निरंतर सामग्री पर्यवेक्षी चिंताओं का खुलासा किया, जिसके मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है। भविष्य के सभी लेनदेन और नोडल खातों का निपटान (29 फरवरी, 2024 को या उससे पहले शुरू किए गए सभी लेनदेन के संबंध में) 15 मार्च, 2024 तक पूरा किया जाएगा और उसके बाद किसी और लेनदेन की अनुमति नहीं दी जाएगी।



# 'आप' की याचिका पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस


■ चंडीगढ़ मेयर चुनाव

**चंडीगढ़,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक दिन पहले हुए मेयर पद के चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम चंडीगढ़ से जवाब मांगा। हालांकि, परिणामों पर रोक लगाने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बंगर की खंडपीठ ने आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। इस फैसले को आप और कांग्रेस पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने चुनौती दी है, जिन्होंने पीठासीन अधिकारी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया।

मौसम | पहाड़ों पर बर्फबारी व मैदानी इलाकों में हुई बारिश ने बढ़ाई ठंड

# हिमाचल, जम्मू-कश्मीर व उत्तराखंड में वर्ष का पहला हिमपात

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में इस वर्ष का पहला हिमपात हुआ जबकि विभिन्न स्थानों विशेषकर मैदानी इलाकों में बारिश भी हुई। हिमाचल प्रदेश में कुफरी, नारकंडा और मनाली जैसे पर्यटन स्थलों पर सर्दियों के मौसम में चार महीने के सूखे के बाद पहला हिमपात हो रहा है। नारकंडा में आज सुबह पांच सेंटीमीटर हिमपात हुआ जबकि और अधिक हिमपात की उम्मीद है। डलहौजी, मनाली और कुफरी में शुरुआत में हल्की बारिश हुई, जो बाद में हिमपात में बदल गया। शिमला और आसपास के इलाकों में सुबह हल्की बारिश हुई। इससे ठंड और भी बढ़ गई है। आसमान में बादल छाए रहने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम हिमपात की सूचना मिली है। भारतीय मौसम विभाग ने विभिन्न स्थानों पर वर्षा दर्ज कीरू सलोनी (चंबा) में 25.2 मिमी, मनाली में 12 मिमी, पंडोह में 5.5 मिमी, सराहन (शिमला) में सात मिमी, रामपुर में नौ मिमी, डलहौजी में 7 मिमी, कुल्लू के भुंतर में 8.2 मिमी और सियोबाग में 8.8 मिमी बारिश हुई। मौसम कार्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हिमपात की सूचना दीरू लाहौल स्पीति के कुकुमसेरी में 14 सेमी, शिमला के खदराला में 14 सेमी, चंबा के भरमौर में 8.6 सेमी, किन्नौर के सांगला में 5 सेमी, कोकसर में 2.5 सेमी, सुमधो में 4.8 सेमी और शिलारू में पांच सेमी।



■ पर्यटन स्थलों पर सर्दियों के मौसम में लंबे सूखे के बाद हुई बर्फबारी

#### अटल टनल रोहतांग के लिए यातायात बंद


मनाली में ताजा हिमपात के कारण अटल टनल रोहतांग के लिए यातायात बंद कर दिया गया, एटीआर के दक्षिण और उत्तरी पोर्टल पर पर्याप्त हिमपात दर्ज की गई। शिमला के डोडराकावर, हाटू और खड़ापत्थर सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सुबह की बारिश के बाद हल्की से मध्यम हिमपात हुई। श्रीनगर से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में अच्छी खासी हिमपात हुई जिससे संबंधित इलाकों में बर्फ की सफेद चादर जैसी बिछ गयी जबकि श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और फिर सप्ताहांत में हिमपात होने का अनुमान जताया है।

# देश

**उवाच**

परिवार वादी पार्टियां केवल परिवार की चिंता में लिप्त हैं। साथ ही आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हैं। देश की भलाई ऐसी पार्टियां नहीं कर सकती यह जनता जान चुकी है। तीसरी बार मोदी सरकार एवं राज्य में मजबूत भाजपा सरकार बनाने केलिए हम सब मिलकर काम करेंगे।

**–बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 14.0 | 13.0 |
| मुंबई | 27.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 23.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# महंगाई व बेरोजगारी जैसी कड़ी सच्चाई छिपाना चाहती है केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही संसद का बजट सत्र शुरू हो गया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए असम से निर्वाचित कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि भारत की जो वास्तविक सच्चाई है उसकी झलक हमें राष्ट्रपति के वक्तव्य में नहीं दिखी। जो ऐतिहासिक महंगाई, बेरोजगारी है, उसकी झलक नहीं दिखी।

■ राष्ट्रपति के अभिभाषण को कांग्रेस ने बताया चुनावी भाषण
■ ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने सच छिपाने की कोशिश की

ऐसा लगता है कि सरकार ने देश की सच्चाई को छुपाने और दबाने की पूरी कोशिश की। गौरव गोगोई ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने सच छिपाने की कोशिश की। जिस तरह से चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र को कुचला गया, उसी तरह राष्ट्रपति के भाषण में आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को कुचला गया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से पीएम के करीबी लोगों को फायदा पहुंचाया जा रहा है, इस साल के बजट से भी उन्हें फायदा मिलता रहेगा। सांसद दानिश अली ने कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में कुछ खास नहीं था।



भारत की जो वास्तविक सच्चाई है उसकी झलक हमें राष्ट्रपति के वक्तव्य में नहीं दिखी : गौरव गोगोई

सरकार ने कहा कि रोजगार दिया है, लेकिन किसे दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हां, सरकार के कुछ मित्रों को रोजगार मिला है। सरकार के पास बताने को कुछ नहीं है। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि 10 साल पहले पीएम ने कई वादे किए लेकिन कुछ भी पूरा नहीं किया। जब उन्हें काम के आधार पर वोट नहीं मिल रहा तो वे वोट पाने के लिए भगवान राम के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## भाषण में मणिपुर में हुई घटनाओं का भी करतीं जिक्र : कांग्रेस

कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल ने कहा कि उनका संबोधन सुनने के बाद ऐसा लगता है कि भारत का जन्म 2014 के बाद ही हुआ है। अच्छा होता कि वह अपने भाषण में मणिपुर में हुई घटनाओं और बेरोजगारी व महंगाई का भी जिक्र करतीं। विपक्षी सांसदं को लेकर पीएम मोदी के बयान पर राकांपा सांसद फौजिया खान ने कहा कि जब विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर सरकार से बयान की मांग की, तो उन्हें निलंबित कर दिया गया। जब भाजपा विपक्ष में थी, तब वे इससे ज्यादा प्रदर्शन करते थे। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, यहां गरीब और अमीर के बीच के अंतर का क्या।

### सरकार ने राष्ट्रपति को देने के लिए चुनावी भाषण लिखा

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद परिसर में कांग्रेस सासंदों ने टिप्पणी की। पार्टी ने इसे चुनावी भाषण करार दिया। सांसदों ने सरकार पर बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दे की अनदेखी करने के आरोप लगाए। केरल से निर्वाचित कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रपति को देने के लिए एक चुनावी भाषण लिखा है, उन्होंने बेरोजगारी की बात नहीं की... यह एक तरफा आख्यान है जो कई महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी करता है। बकौल थरूर मेरा मानना है कि लोगों को तब सोचना होगा जब वे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जाएंगे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, मेरा मानना है कि लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने जाते समय इस बारे में सोचना होगा।

## केरल के लोग बदलाव चाहते हैं : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को केरल जनपक्षम (सेक्युलर) पार्टी के भाजपा में विलय का स्वागत करते हुए दावा किया है कि केरल के लोग बदलाव चाहते हैं और इस विलय से भाजपा राज्य में और अधिक मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भाजपा मुख्यालय में प्रकाश जावड़ेकर एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पीसी जॉर्ज और उनके बेटे शॉन का स्वागत करते हुए कहा कि केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के भाजपा में विलय होने से राज्य में भाजपा के फुटप्रिंट का विस्तार होगा। पीसी जॉर्ज को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास है इसलिए उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय किया है।



वह अब प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप केरल में बदलाव लाने में सहायक होंगे और लोक सभा चुनाव में कम से कम पांच सीटों पर हमारी जीत सुनिश्चित करेंगे। बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी के केरल दौरे के बाद दक्षिणी प्रांत के लोगों में जागरूकता बढ़ी है। केरल में सत्ताधारी वामपंथी दलों एवं कांग्रेस की आलोचना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ आज इंडी अलायंस का हिस्सा हैं और बीते 75 साल से इनकी जुगलबंदी से प्रदेश के लोग निराश हैं। प्रदेश के युवा, महिला, किसान सभी अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए बदलाव चाहते हैं।

## भारत व नेपाल के साथ रहे हैं खास व मैत्रीपूर्ण संबंध : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय संबंध और पर्यटन संबंधी संसदीय समिति के सभापति राज किशोर यादव के नेतृत्व में 8 सदस्यीय नेपाली संसदीय शिष्टमंडल ने बुधवार को संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। ओम बिरला ने नेपाल से भारत आए शिष्टमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि, साझे इतिहास, संस्कृति और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संरक्षक भी हैं, जिसके कारण दोनों देश एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच मौजूद सदियों पुराने आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों के साथ ही दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे भावनात्मक संबंध की बात भी की जिससे दोनों देशों के परस्पर संबंध मजबूत हुए हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दोनों देशों के बीच 'ओपन बार्डर' और नागरिकों के बीच घनिष्ठ संपर्क से इस बात का पता चलता है कि भारत-नेपाल के संबंध कितनी खास और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। बिरला ने शिष्टमंडल को जानकारी दी कि उनकी यात्रा भारत की संसद के नए भवन में आयोजित हो रहे पहले बजट सत्र के दिन हुई है, जिसमें राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया। उन्होंने लोकतांत्रिक देशों की संसदों के बीच परस्पर संवाद को जरूरी बताते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि इस प्रकार हम वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ अपने विचार साझा कर सकते हैं और हमारा एक साझा दृष्टिकोण बनता है।



■ नेपाल के संसदीय शिष्टमंडल ने की लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात

दोनों देशों के साझे लोकतांत्रिक लोकाचार का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि नेपाल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पड़ोसी देश है और उन्हें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से विकसित हो रहे संबंध समय के साथ और मजबूत होंगे। भारत की प्रभावशाली आर्थिक वृद्धि की सराहना करते हुए नेपाल के संसदीय शिष्टमंडल के नेता राज किशोर यादव ने इस आर्थिक यात्रा में सहयोगी भागीदार बनने की अपने देश की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए वर्ष 2014 में उनकी नेपाल यात्रा का स्मरण किया, जब हिमालय के अंचल में बसे देश में उनका जोरदार स्वागत हुआ था।

## सार संक्षेप

### कुलगाम में नशा तस्कर की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक नशा तस्कर की संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस ने बताया कि कुलगाम के निप्पोरा निवासी नशा तस्कर बशीर अहमद खांडे के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसके 1291.48 वर्ग फुट में फैले दो मंजिला आवासीय मकान व गौशाला, जिसका कीमत 25.62425 लाख है व एक अन्य 1139.5 वर्ग फुट जमीन की कीमत 6,78,803 रुपए है। पुलिस को जांच और पूछताछ के दौरान पता चला कि यह संपत्ति अवैध रूप से अर्जित से की गई है।

### नासिक में तेंदुए के हमले में महिला की मौत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में इगतपुरी तालुका के त्रिंगलवाड़ी में तेंदुए ने 31 वर्षीय एक महिला पर हमला किया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान इगतपुरी तालुका के त्रिंगलवाड़ी निवासी मीनाक्षी शिवराम जुगरे के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीनाक्षी मंगलवार सुबह घर से बाहर निकली तो उसके घर के पास बैठे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मार दिया। तेंदुए के हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय वन रेंज अधिकारी केतन बिरारिस के नेतृत्व में वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

### युवा उद्यमियों को बाजार से कर्ज की नौबत : कमलनाथ

**भोपाल।** पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा है कि अनुदान सहायता राशि न मिल पाने की वजह से युवा उद्यमियों को बाजार से कर्ज लेने मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस ओर पहल करते हुए अनुदान सहायता का वितरण अविलंब कराए जाने पहल कर शासन स्तर से उचित आदेश प्रदान करने का आग्रह किया है। स्वीकृत प्रकरणों में साढ़े तीन साल से देय अनुदान की राशि शासन की ओर से नहीं दी गई है। अनुदान की राशि न मिलने से युवा उद्यमियों को अपने उद्यमों के संचालन के साथ-साथ बैंकों के ऋण चुकाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### केटी परनायक ने लोगों को दी रेह उत्सव की बधाई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने इदु मिश्मी जनजाति के रेह उत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार को राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। लेफ्टिनेंट जनरल परनायक ने उम्मीद जतायी की कि यह उत्सव ईश्वर के आशीर्वाद का आह्वान करता है और सभी को अच्छे स्वास्थ्य, संतुष्टि व सांप्रदायिक सौहार्द की शुभकामनाएं देता है।

## आंध्र में 61 सौ शिक्षकों की भर्ती के लिए डीएससी को मंजूरी

**विजयवाड़ा,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने सरकारी स्कूलों में 6100 शिक्षकों की भर्ती और वन विभाग में 689 रिक्तियों को भरने के लिए अधिसूचना जारी करने के फैसले सहित



कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। यहां सचिवालय में बुधवार को हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) द्वारा अनुमोदित हरित ऊर्जा परियोजनाओं में 22,302 करोड़ रुपए के नए निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। बैठक में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से शुरू किए जाने वाले आईबी पाठ्यक्रम को संभालने में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए जिनेवा स्थित शैक्षिक संगठन आईबी को भागीदार के रूप में लेने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 62 वर्ष करने और विधानमंडल सचिवालय में 27 रिक्तियां भरने का भी निर्णय लिया है। फरवरी महीने के लिए कल्याण कैलेंडर को लागू करने और वाईएसआर चेयुथा की चौथी किश्त के लिए 5060.04 करोड़ रुपये जारी करने को हरी झंडी दे दी है, जिससे 26,98,931 अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पिछड़े वर्ग (बीसी) और 45 से 60 वर्ष की आयु की अल्पसंख्यक महिलाओं को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने कानून में संशोधन करके आरजीयूकेटी में रजिस्ट्रार का पद सृजित करने के अलावा 500 से अधिक आबादी वाली सभी 13,171 ग्राम पंचायतों के लिए सचिवों की नियुक्ति करने का भी निर्णय लिया है।

### अखिलेश ने चंडीगढ़ के मेयर चुनाव को लेकर भाजपा को घेरा

## उत्तर प्रदेश में भाजपा ने बेईमानी से जीते सभी चुनाव

**मैनपुरी,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मैनपुरी में एक निजी कार्यक्रम में भाजपा पर चुनाव में बेईमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 से पहले के सभी चुनाव भाजपा ने बेईमानी से जीते हैं। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव को लेकर भी उन्होंने भाजपा को घेरा। लोकसभा चुनाव उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथ ही लड़ने की बात कहते हुए उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया करने का दावा भी किया। सपा अध्यक्ष करहल के गांव गुन्हैया में

■ उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया करने का किया दावा

आयोजित एक वैवाहिक समारोह में पहुंचे थे। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में जब बेईमानी की जा सकती है तो अन्य चुनावों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

सपा प्रत्याशियों की घोषणा पर उन्होंने साफ किया कि सपा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ ही लड़ेगी। इसके लिए जल्द ही कांग्रेस के साथ सीटों का निर्धारण हो जाएगा। जिन सीटों से प्रत्याशी घोषित हुए हैं उन्हें सपा की सीटें बताया। ईवीएम हटाने की बात भी समाजवादी पार्टी अध्यक्ष



इंडिया गठबंधन के साथ ही चुनाव लड़ेगी सपा : अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने इस दौरान दोहराई। वहीं उन्होंने मैनपुरी में डीएम कार्यालय के बाहर आत्मदाह के प्रयास की सूचना मिलने पर कहा कि लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मैनपुरी में एक निजी कार्यक्रम में कहा कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं और महिलाओं के साथ भी अपराध बढ़ रहे हैं। इस दौरान पूर्व विधायक करहल सोवरन सिंह यादव, जिलाध्यक्ष सपा आलोक शाक्य, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सपा अध्यक्ष से जब उनके करीबी आरसीएल ग्रुप के मालिक मनोज यादव द्वारा सपा छोड़ने का सवाल किया गया तो उन्होंने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि सपा के करीबी हैं, लेकिन उनका मन अब बदल गया है इसलिए सपा से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन जिसका मन बदलता है फिर से बदलने में देर नहीं लगेगी।

### पीडीए ही एनडीए को हराएगा : सपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। प्रदेश में जहां भी कोई भी प्रत्याशी भाजपा को हराएगा उसे टिकट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ खुद स्वीकार कर चुके हैं कि गोरखपुर में भू-माफिया बढ़े हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर माफिया जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। भाजपा अब भू-माफिया पार्टी बन चुकी है। इस्राइल में युवाओं को रोजगार के लिए भेजने पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव कहां से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे, इस सवाल पर उन्होंने जल्द इसकी घोषणा होने की बात कही।

## दबाव में काम नहीं करते नीतीश : ललन सिंह



■ जदयू सांसद ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर बोला हमला

### जाति आधारित गणना था नीतीश का निश्चय

जदयू सांसद ने कहा कि जाति आधारित गणना, नीतीश कुमार का निश्चय था और यह मुद्दा नीतीश कुमार ने स्वर्गीय वी.पी.सिंह जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी उठाया था, जब आपका राजनीतिक उदय भी नहीं हुआ था। आपकी तो हालत यह है कि बेंगलुरु और मुंबई की बैठक में जब जनता दल (यूनाइटेड) की तरफ से प्रस्ताव पास करने को कहा गया, तब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया और आपने मौन रहकर उनका समर्थन किया।

**पटना,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। इंडिया अलाइंस से नाता छोड़कर एनडीए में शामिल होने के बाद जदयू सांसद ने पहली बार इंडी गठबंधन के नेताओं पर अटैक किया। जदयू सांसद ललन सिंह ने सीधे-सीधे राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना हमने कराया और झूठ का क्रेडिट लेने के लिए कुछ-कुछ बोल रहे हैं। इससे पहले सीमांचल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने देश भर में जातिगत गणना की जरूरत बताते हुए कहा कि बिहार में पिछड़े वर्गों के साथ न्याय नहीं हो रहा है। इसी पर नीतीश कुमार का जवाब आया है।

ललन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी, आपने कहा है कि आपके दबाव में बिहार में जाति आधारित गणना करवाई गई। इतना बड़ा असत्य हो ही नहीं सकता। शायद आपको पता नहीं है कि नीतीश कुमार, कभी किसी के दबाव में काम नहीं करते हैं। देश की राजनीति में कुछ पाने के लिए असत्य कथन का सहारा मत लीजिए। यही कारण है कि आपकी कांग्रेस पार्टी दिनों-दिन सिकुड़ती जा रही है। अगर असत्य का सहारा लीजिएगा तो प्रधानमंत्री बनने का आपका सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा। इसके आगे ललन सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक बात और, आप 'पप्पू' हैं, 'पप्पू' ही रहेंगे और अपनी 'चुटकुलेबाजी' से देश का 'मनोरंजन' करते रहेंगे।

## जम्मू-कश्मीर के छह जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने छह जिलों के ऊंचे इलाकों में अगले 24 घंटों में हिमस्खलन की चेतावनी बुधवार को जारी की। प्राधिकरण के अधिकारियों ने जारी बयान में कहा कि अगले 24 घंटों में जम्मू संभाग के डोडा जिले और कश्मीर के गांदरबल के ऊंचे इलाकों में समुद्र तल से 2800 और 3500 मीटर की ऊंचाई पर कम खतरनाक स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है। बयान में कहा गया कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू संभाग के पुंछ और कश्मीर घाटी के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों में 2400 मीटर से ऊपर मध्यम खतरनाक स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को जरूरी सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गयी है। इन जिलों के ऊपरी इलाकों में आज हल्की से मध्यम बर्फबारी भी हुई।

## अधिकारियों को संविधान के प्रति होना चाहिए प्रतिबद्ध : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के तहत उन अधिकारियों के लिए कोई जगह नहीं है जो संविधान और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं। यहां जिला प्रभारी सचिवों की पहली बैठक को संबोधित करते हुए सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि अधिकारियों को संविधान और धर्मनिरपेक्षता के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। यदि वे प्रतिबद्ध नहीं हैं, तो हमारी सरकार में उनके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपका अनुभव जिला अधिकारियों के काम आना चाहिए।

आपको जिला स्तर के अधिकारियों को त्वरित निर्णय लेने में सहायता करने के लिए नियुक्त किया गया है, ताकि सरकार के कार्यक्रम और योजनाएं लोगों तक पहुंच सकें। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गारंटी योजनाएं गरीबों के



■ गारंटी योजनाओं किसी भी कीमत पर बंद नहीं किया जाएगा

लिए कार्यक्रम हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर बंद नहीं किया जाएगा। राज्य में हर जिले के लिए जिला प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं और उनके काम का सत्यापन किया गया है।

राज्य में साइन बोर्डों पर कन्नड़ भाषा को प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य बनाने वाले अध्यादेश को खारिज करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि उनकी सरकार इस संबंध में विस में एक विधेयक लाएगी।

**शिकंजा** *जम्मू में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने के लिए जम्मू पुलिस ने कसी कमर*

## ड्रग रोधी प्रकोष्ठ में तस्करों से संबंधित डेटा होगा संग्रह

**जम्मू, 31 जनवरी (एजेंसियां)। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित जम्मू पुलिस का 'ड्रग रोधी प्रकोष्ठ' विशेष टीमों के साथ जल्द ही मादक पदार्थों के आपूर्तिकर्ताओं और ड्रग डीलरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगा। पुलिस विभाग के सूत्रों ने कहा कि ड्रग रोधी प्रकोष्ठ के गठन से पुलिस टीमों के कामकाज में।**

बहुत फर्क पड़ेगा, जो विशेष रूप से जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मामलों को संभालने में काम करेंगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जम्मू जिले में नशील पदार्थों के दुरुपयोग को नियंत्रित करने के लिए ड्रग रोधी प्रकोष्ठ सीधे जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में काम करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रकोष्ठ में मादक पदार्थों के तस्करों से संबंधित डेटा संग्रह होगा और यह पुलिस




■ ड्रग रोधी प्रकोष्ठ जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करेगा काम

स्टेशनों में दर्ज तस्करी के मामलों में आगे और पीछे के लिंक की भी जांच करेगा। सूत्रों ने कहा कि प्रकोष्ठ को जिला पुलिस कार्यालय (डीपीओ) से अपडेट किया जाएगा और इसमें ऑपरेटरों को चैनलाइज करने वाले लिंक का पता लगाने के लिए 2023 में दर्ज मामलों के अलावा जिले में सक्रिय नशीले पदार्थों के डीलरों से संबंधित विवरण होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि निरीक्षक पद का एक अधिकारी संबंधित थाना प्रभारी (एसएचओ) की सहायता से प्रकोष्ठ के प्रभारी के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू जिले में थानों की संख्या किसी भी अन्य जिले की तुलना में अधिक है। प्रत्येक थाना में औसतन दो से तीन ड्रग्स के मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जिनकी सेल टीमों द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जाएगी।

सूत्रों ने कहा कि एसएसपी जम्मू ने इस खतरे से लड़ने के लिए एक ड्रग रोधी प्रकोष्ठ का गठन किया है। सूत्रों ने कहा, जम्मू जिले में दर्ज मामलों के पिछले और आगे के लिंक की जांच की जाएगी। जांच के दौरान पीआईटी एनडीपीएस के तहत थानों द्वारा डोजियर जारी किए जाएंगे। तस्करों की संपत्ति कुर्क करने की भी योजना है। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया जम्मू जिले में नशीले पदार्थों के आदी लोगों और तस्करों की एक पूरी सूची रखी जाएगी तथा नशीले पदार्थों के हॉटस्पॉट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जेल से रिहा हुए तस्करों की सूची भी तैयार की जा रही है। सेल नशीले पदार्थों से संबंधित मामलों के खिलाफ आक्रामक तरीके से लड़ने के लिए थानों के साथ संयुक्त रूप से काम करेगा।

उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ अभियान जारी है और नागरिक समाज के सदस्यों की मदद से इस समस्या को रोकने के लिए एक रोडमैप तैयार है।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

सोनू : यार मेरी बीवी गुस्सा बहुत करती है
मोनू : मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती,
सोनू : तुमने क्या इलाज किया ?
मोनू : एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज में भी बात नहीं करती।

## एमसीडी कर्मचारियों को समय से मिलता रहेगा वेतन : आतिशी

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। केजरीवाल सरकार एमसीडी में काम की रफ्तार को

- **एमसीडी के लिए 803.69 करोड़ की तीसरी किश्त जारी करने को मिली मंजूरी**

रुकने नहीं देगी। इस दिशा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर वित्त मंत्री आतिशी ने एमसीडी के लिए 803.69 करोड़ रुपए की तीसरी किश्त जारी करने को मंजूरी दी है। इससे एमसीडी कर्मचारियों को समय से वेतन मिलता रहेगा।

बता दें कि केजरीवाल सरकार में साल दर साल एमसीडी को दिए जाने वाला पैसा बढ़ता रहा है। साल 2014-15 की तुलना में 2023-24 में ये 309 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ा है। 2014-15 में 854.5 करोड़ की तुलना में 2023-24 में दिल्ली सरकार से एमसीडी को 2642.47 करोड़ रुपए मिले है।



**एमसीडी में काम की रफ्तार को रुकने नहीं देगी दिल्ली सरकार : आतिशी**

साथ ही सरकार इसके अतिरिक्त कई अन्य मदों में भी एमसीडी को पैसे मुहैया करवाती है। इस बाबत साझा करते हुए वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार की ओर से 803.69 करोड़ रुपए की किश्त जारी करने के इस निर्णय से एमसीडी में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन मिल पाएगा। इसके अलावा एमसीडी के सफाई कर्मचारियों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, डॉक्टरों आदि को भी समय से सैलरी का भुगतान होगा। जोकि उन्हें आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। ऐसे में कर्मचारियों और दिल्ली की जनता को परेशानी झेलनी पड़ती थी। लेकिन अब केजरीवाल सरकार द्वारा जारी किए गए फंड से एमसीडी कर्मचारियों के वेतन समय पर मिलता रहेगा। केजरीवाल दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि एमसीडी के कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान उन्हें हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा।

### जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में एमसीडी को मदद मिलेगी

केजरीवाल सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में एमसीडी को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि एमसीडी में पैसे की कमी नहीं होने देंगे। इसके साथ ही एमसीडी के सभी कर्मचारियों को सैलरी समय पर मिलती रहेगी और दिल्ली की साफ सफाई का ध्यान अच्छे से रखा जाएगा। इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल जी ने इस वित्तीय वर्ष में बतौर तीसरी किश्त के रूप में 803.69 करोड़ रूपए एमसीडी को दिए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाने के केजरीवाल सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। पहले बीजेपी शासित एमसीडी में कर्मचारियों को समय पर सैलरी नहीं मिलत पाती थी। जिसके कारण वे हड़ताल करने को मजबूर थे।

## पटपड़गंज विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए डाक्टर कुलदीप भंडारी

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता व गढ़वाली कुमाऊनी जौनसारी अकादमी के उपाध्यक्ष डाक्टर कुलदीप भंडारी को पटपड़गंज विधान सभा का अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही प्रवीण मान सिंह को उपाध्यक्ष तथा मुकेश ठाकुर को विधान सभा संगठन मंत्री के रूप में पार्टी की ओर से पटपड़गंज विधान सभा क्षेत्र का कार्यभार सौंपा जाएगा। इन सभी पदों के लिए उम्मीदवारों का चुनाव दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आप नेता मनीष सिसोदिया, उप मुख्यमंत्री के निजी सचिव देवेंद्र शर्मा, पार्टी के संगठन प्रमुख राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, पूर्वी दिल्ली लोस के इंचार्ज विद्यायक दिलीप पांडेय और पूर्वी दिल्ली जिला अध्यक्ष नितिन त्यागी की आपसी सहमति के बाद किया गया है। इसके अलावा वार्ड अध्यक्ष के रूप में 196 मयूर विहार फेज 2 से योगेंद्र उपाध्याय, 197 पटपड़गंज से दिनेश नागर, 198 वेस्ट विनोद नगर से सुनील कुमार और 199 मंडावली से आलोक तिवारी का चयन किया गया है। साथ ही वार्ड संगठन मंत्री के पद के लिए 196 मयूर विहार फेज 2 से आभा जैन, 197 पटपड़गंज से अलका कश्यप, 198 वेस्ट विनोद नगर से तरुण बैस और 199 मंडावली से आशु कुमार को चुना गया है।



## सोनल गोयल ने युवाओं को दिया सफलता का गुरूमंत्र

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। त्रिपुरा सरकार में सचिव के पद पर कार्यरत, चर्चित आईएएस अधिकारी सोनल गोयल इन दिनों अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'नेशन कॉलिंग' को लेकर एक नेशनल टूर कर रही हैं। इसके तहत वह देश भर के विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं से संवाद कर रही हैं और उन्हें प्रेरित करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इसी क्रम में वो गुरुग्राम के के.आर.मंगलम विश्विद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर एवं स्टूडेंट काउंसिल द्वारा आयोजित गेस्ट सेशन 'यूथ फॉर नेशन' में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं।

युवाओं को संबोधित करते हुए सोनल ने कहा कि देश के युवा विश्व में तेजी से उभरते हुए नए भारत की नींव हैं। युवा शक्ति और नारी-शक्ति के सम्मिलित प्रयासों से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प सिद्ध होगा। आईएएस सोनल ने युवाओं के साथ अपने लक्ष्यों को वास्तविकता में बदलने के लिए कई गुरूमंत्र भी साझा किए। कार्यक्रम में लगभग पांच सौ से अधिक युवा मौजूद थे, जिनका सोनल ने खूब उत्साहवर्धन



- **कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक युवा रहे मौजूद**

किया। गौरतलब है कि सोनल गोयल पिछले कई वर्षों से सोशल मीडिया के जरिए सिविल सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने के इच्छुक युवाओं का मार्गदर्शन करती आई हैं। यही कारण है कि लाखों युवा सोनल को एक रोल मॉडल के तौर पर सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सोनल की पुस्तक 'नेशन कॉलिंग' की हस्ताक्षरित प्रति पाने के लिए युवाओं में होड़ सी दिखाई दी। सोनल गोयल ने भी किसी को निराश नहीं किया और बड़ी सहजता से सभी पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए और छात्रों के साथ तस्वीरें भी खिचवाईं।

### सार संक्षेप

#### दिल्ली नगर निगम के 289 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 289 कर्मचारी सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिए गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किए। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

#### कर्नाटक बैंक ने नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की अग्रणी बैंक कर्नाटक बैंक केबीएल और भारत के विविध एनबीएफसी और वित्तीय सेवा मंच में से एक नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड नॉर्दर्न आर्क ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे बैंक रिटेल बॉरोअर्स को ग्राहक-केंद्रित वित्तीय समाधान प्रदान करने में सक्षम होगा। एनपीओएस, को-ओरिजिनेशन, को-लेंडिंग और पूल बाय-आउट के लिए नॉर्दर्न आर्क का एक प्रौद्योगिकी मंच है, जिसका उद्देश्य लोन ओरिजिनेशन, अंडरराइटिंग, डिस्बर्शमेंट और कलेक्शन के लिए कर्नाटक बैंक को मल्टीपल ओरिजिनेटर्स के साथ सहजता से जुड़ने में सक्षम बनाना है। इस व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए, कर्नाटक बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीकृष्णन एच. ने कहा कि एनएसीएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नॉर्दर्न आर्क के साथ कर्नाटक बैंक की यह व्यवस्था, कई फिनटेक के साथ साझेदारी करने की हमारी आकांक्षाओं को देखते हुए, रणनीतिक रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। नॉर्दर्न आर्क कैपिटल के सीईओ और एमडी आशीष मेहरोत्रा ने कहा कि हम इस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी में कर्नाटक बैंक के साथ साझेदारी करके खुश हैं। एनपीओएस प्लेटफॉर्म का लक्ष्य बैंक को फिनटेक और एनबीएफसी के साथ अपनी को-ओरिजिनेशन और को-लेंडिंग पार्टनरशिप को गति प्रदान करने के साथ ही उसे सक्षम बनाना है।

## दिल्ली में कांग्रेस मजबूती से लोस चुनाव लड़ने के लिए तैयार : अरविंदर लवली

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस दिल्ली में बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। कांग्रेस दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस ने न्याय संकल्प सम्मेलन करने का निर्णय किया है, जिसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली के रामलीला मैदान में 3 फरवरी को सुबह 11 बजे होगी।

बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इस सम्मेलन को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेनुगोपाल, गठबंधन समन्वय समिति के संयोजक मुकुल वासनिक, दिल्ली के प्रभारी



- **लोकतंत्र की हत्या कर रही केंद्र सरकार**

महासचिव दीपक बाबरिया सहित सभी वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। लवली ने इस सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में दिल्ली के सभी पूर्व मंत्रियों, विधायकों, पार्षदों के साथ दिल्ली की सभी संसदीय क्षेत्रों में न केवल सभाएं की, बल्कि पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली में ब्लॉक स्तर पर व्यापक अभियान भी चला रही है। एक अनुमान के मुताबिक सम्मेलन में हजारों बूथ स्तर के कार्यकर्ता रामलीला मैदान में होंगे। लवली ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज न केवल लोकतंत्र की हत्या हो रही है बल्कि जिस तरीके से चंडीगढ़ निगम मेयर चुनाव में सरेआम गुंडागर्दी जनता ने देखा है। आज देश में सरकारी तंत्र के माध्यम से खौफ का माहौल बनाया जा रहा है. उससे पूरा देश स्तब्ध है। लोकतंत्र की रक्षा व जनहित में कांग्रेस पार्टी यह न्याय संकल्प सम्मेलन कर रही है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर भी उतरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से पार्टी ने समय-समय पर अत्याचार के खिलाफ मुखर होकर अपनी बात कही है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन के रूप में जाने वाले उद्यान उत्सव के मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान खिलते फूलों का दृश्य। फोटो इम्तियाज खान

## अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज के साथ मनाएं वैलेंटाइन डे

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। इस बार किसी रेस्टोरेंट में रिजर्वेशन कराने के झंझट को भूल जाइए और अपने सबसे खास व्यक्ति के साथ घर पर प्यार के इस सबसे खुशनुमा मौसम का भरपूर जश्न मनाइए।

1 से 7 फरवरी 2023 तक अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आपके घर पर डिलीवर होने वाले सबसे खास प्रोडक्ट के साथ आप अपने घर पर ही रोमांटिक और इंटिमेट डिनर का आनंद उठा सकते हैं।

ग्राहक अपने घर पर सुकून के साथ बैठकर खरीदारी कर सकते हैं और क्वालिटी प्रोडक्ट के विशाल संग्रह के साथ शॉपिंग का आनंद उठा सकते हैं। यहां से खरीदारी कर आप ताजा ग्रॉसरी, रोजमर्रा जरूरत की वस्तुएं, पैकेज्ड फूड्स, स्नैक्स, लजीज व्यंजन, पेय पदार्थ और स्टेपल सहित विभिन्न श्रेणियां के प्रोडक्ट पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। यहां पर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आईटीसी, डाबर, सो गुड, अमूल, कैडबरी, सफोला, लैक्मे, एरियल जैसे कई लोकप्रिय ब्रांडों में अपने पसंदीदा उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। यहां से खरदारी कर एक साथ कुकिंग करने, स्वादिष्ट भोजन तैयार करने के साथ सुनहरी यादें संजोंने का आनंद लें। यहां पर आप अमेजन फ्रेश के साथ सुविधाजनक स्लॉट डिलीवरी विकल्प, क्वालिटी प्रोडक्ट और बेहतरीन कीमतों के साथ शानदार शॉपिंग का आनंद उठा सकते हैं।

## सूखे मेवों की प्रदर्शनी 16 फरवरी से

**नई दिल्ली,** 31जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि प्रदर्शनी स्थल में 16-17 फरवरी के बीच

- **बीस देशों के व्यवसायी व उद्यमी लेंगे पहली बार हिस्सा**

मेवा इंडिया 2024 की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह अपनी तरह की पहली और अनोखी प्रदर्शनी है जिसमें लगभग 20 देशों के ड्राई फ्रूट्स व्यापार से जुड़े व्यवसायी एवं उद्यमी पहली बार हिस्सा लेंगे। यह भारत के नवगठित नट्स एंड ड्राईफ्रूट काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हो रही है,जिसमें ड्राई फ्रूट्स के व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। इस व्यवसाय से जुड़े देश- विदेश



के टॉप के बिजनेस मेन शामिल होंगे और भविष्य की रणनीति तय करेंगे। यह आयोजन इसमें भारत के मेवे और ड्राईफ्रूट व्यापार का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में बिजनेस की बातों के अलावा जबरदस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। यह आयोजन नट्स और ड्राई फ्रूट उद्योग को भारतीय बाजारों में एक नई ऊंचाई पर लाएगा। एनडीएफसीआई के अध्यक्ष गुंजन जैन ने बताया कि बीते बर्षों में ऐसे सभी आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय स्थलों पर आयोजित किए गए हैं जिनमें भारतीयों की अपेक्षाकृत कम भागीदारी रही है। प्रधान मंत्री के मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल के दृष्टिकोण भारत के खाद्य प्रसंस्करण के बुनियादी ढांचे को विश्व के पटल पर ले जाने में काफी मदद करेंगे। आने वाले वर्षों में इस प्रकार के आयोजन नट्स और ड्राई फ्रूट उद्योग को भारतीय बाजारों में एक नई ऊंचाई पर लाएगा और विकसित होते भारतीय बाजार को प्रदर्शित करने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि एनडीएफसीआई द्वारा शुरू किया गया मेवा 2024 भारत के संपूर्ण नट्स और ड्राई फ्रूट व्यापार को, जिनमें से अधिकांश अभी भी असंगठित है, एक छत के नीचे लाने का प्रयास और लक्ष्य है, ताकि भारत की तेजी से पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए अपने सदस्यों की सामूहिक ताकत का लाभ उठाया जा सके।

**उद्घाटन** *अब शिवाजी स्टेडियम स्टेशन पर ले सकेंगे मेट्रो ट्रेन चलाने का आभासी अनुभव*

## यात्रियों के साथ अधिक जुड़ने के लिए संग्रहालय किया स्थापित

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो के शिवाजी स्टेडियम स्टेशन पर आने वाले पर्यटक व आगंतुक अब मेट्रो ट्रेन चलाने का अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यात्रियों और सामान्य लोगों के साथ अधिक जुड़ने के लिए इंटरैक्टिव संग्रहालय की स्थापना की है। संग्रहालय का उद्घाटन बुधवार को डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार की उपस्थिति में शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर किया गया। यहां लगाए गए सिम्युलेटर में एक स्क्रीन और एक जॉयस्टिक है तथा

- **डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक ने किया संग्रहालय का उद्घाटन**
- **दिल्ली मेट्रो से संबंधित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भी ले सकते हैं हिस्सा**

आगंतुक लीवर खींचकर ट्रेन पायलट की सीट पर बैठने का एक बेहतरीन अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। स्क्रीन पर ऐसा अनुभव होता है कि वे स्वयं ट्रेन चला रहे हैं। इसके अलावा, एक कियोस्क पर लगे विशाल स्क्रीन पर आगंतुक एक संवादात्मक डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से दिल्ली मेट्रो निगम की 1995 में स्थापना, एक अक्टूबर 1998 को मेट्रो का काम शुरू होने और दिसंबर 2002 में पहले गलियारे के उद्घाटन सहित इस आधुनिक यातायात प्रणाली के पूरे इतिहास से रू-ब-रू हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोग कियोस्क के माध्यम से



दिल्ली मेट्रो से संबंधित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले सकते हैं। एक अन्य विशाल स्क्रीन पर दिल्ली मेट्रो के पूरे नेटवर्क को प्रदर्शित किया गया है।

साथ ही संबंधित स्टेशन के आस-पास के पर्यटक स्थलों की भी जानकारी दी गई हैं, जिसपर क्लिक करके आगंतुक पूरी जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा, स्टेशन के इंटरैक्टिव जोन में स्थापित एक विशाल वर्किंग मॉडल में ट्रेन, भूमिगत और ऊंचे ट्रैक, पुल और वायाडक्ट्स को दर्शाया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा सुरक्षा मुहैया कराए जा रहे स्टेशन पर कुछ खोजी कुत्तों की सूझबूझ को भी प्रदर्शित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पटेल चौक स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो के मौजूदा संग्रहालय के अलावा, शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर वीथिका स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि 2009 में शुरू हुए पटेल चौक संग्रहालय में जगह की कमी थी। डीएमआरसी की योजना ब्लू लाइन के सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर एक बड़ा मेट्रो संग्रहालय स्थापित करने की है, जहां वर्तमान में शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर रखे गए सामग्रियों को स्थानांतरित किया जाएगा औ भविष्य में इसका विस्तार किया जाएगा।

## शराब के लिए व्यक्ति की चाकू मारकर की हत्या

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। दक्षिण दिल्ली में शराब पीने के लिए एक नाबालिग ने 30 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के मूल निवासी अजरुद्दीन के रूप में हुई है। वह वर्तमान में संगम विहार में रहता था। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह 6.15 बजे नेब सराय पुलिस थाने को संगम विहार में अस्थल मंदिर रोड पर एकता चौक के पास एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर पर चाकू के हमले के कई घाव थे। पुलिस ने जांच के दौरान कई सीसीटीवी की जांच की। जिसमें पता चला कि उसी इलाके के निवासी एक नाबालिग ने अपराध किया था। अधिकारी ने कहा कि पता चला




कि मृतक और नाबालिग एक साथ शराब पी रहे थे। शराब को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। नाबालिग ने अजरुद्दीन की ईंट और चाकू से वार करके हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

महापंचायत में इस बार जो भी निर्णय लिए जाएंगे वो ऐतिहासिक होगा। क्योंकि 52 दिनों में डीएम को ज्ञापन से लेकर तालाबंदी, सांसद का घेराव कई बार प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है।

**सुखवीर खलीफा, भारतीय किसान परिषद अध्यक्ष**

## कल होगी प्राधिकरण पर महापंचायत

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। मांगों को लेकर 52 दिन से धरने पर बैठे किसानों की महापंचायत अब दो फरवरी को होगी। पहले ये पंचयात एक फरवरी को होने वाली थी। महापंचायत नोएडा प्राधिकरण परिसर के बाहर की जाएगी। इस मौके पर 105 गांव के किसान मौजूद रहेंगे। जिसमें एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांवों प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि महापंचायत में इस बार जो भी निर्णय लिए जाएंगे वो ऐतिहासिक होगा।

- **किसानों ने प्राधिकरण के तीन गेट किए बंद**
- **प्राधिकरण के साथ वार्ता रही विफल**



क्योंकि 52 दिनों में डीएम को ज्ञापन से लेकर तालाबंदी, सांसद का घेराव कई बार प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है। अब तक एनटीपीसी और नोएडा प्राधिकरण के किसानों को उनका हक नहीं मिला। सांसद को दी गई अवधि भी समाप्त हो गई है। ऐसे में दिल्ली में एनटीपीसी के सीएमडी के घिराव को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी। बता दे बुधवार को प्राधिकरण की तालाबंदी के बाद शाम होते होते प्राधिकरण से किसानों की वार्ता का निमंत्रण आया। जिसे समिति के अध्यक्ष खलीफा ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए किसानों का प्रतिनिधिमंडल वार्ता में गया। इस वार्ता में प्राधिकरण के एसीईओ मुख्य लीगल एडवाइजर, जॉइंट कमिश्नर, डीसीपी, एसीपी, एडिशनल डीसीपी व प्राधिकरण के ओएसडी मौजूद रहे। लेकिन वार्ता में कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिला। इसके बाद बैठक करते हुए किसानों ने महापंचायत करने की तारीख को एक दिन बढ़ाते हुए दो फरवरी कर दिया। इस मौके पर किसान परिषद के प्रेमपाल चौहान बाजितपुर ने खुले मंच से घोषणा की जब तक किसानों का काम नहीं होगा। किसी भी अधिकारी को अंदर घुसने नहीं दिया जाएगा। ऐसे में आवंटियों को प्राधिकरण आने में दिक्कत हो रही है। उनको रोजाना बिना काम कराए ही वापस जाना पड़ा रहा है।

## किसानों ने फोर्टिस अस्पताल पर किया प्रदर्शन

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। मांगों को लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। प्रवीण मालिक यूपी एनसीआर अध्यक्ष ने बताया कि हमारे का कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह की पत्नी ज्योति की तबियत खराब थी। उनको अस्पाताल में भर्ती कराया

- **एक्शन लेने के लिए 15 दिन का दिया समय, बोले इसके बाद होगा बड़ा आंदोलन**

गया। यहां इलाज के नाम पर लाखों रुपए ले लिए। इसके बाद उनको वेंटिलेटर पर डाल दिया गया। 15 जनवरी को उनकी मौत हो गई। किसानों ने इलाज करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ मोर्चा खोला और अस्पताल प्रबंधन को जांच करने के लिए कहा।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से न तो कोई जांच की गई और न परिवार की आर्थिक मदद की गई। ऐसे में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने दोबारा से फोर्टिस अस्पताल पर धरना दिया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए यहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस प्रशासन से बातचीत के बाद किसानों ने अस्पताल प्रबंधन को एक बार फिर से 15 दिन का का समय दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि अस्पताल सिर्फ पैसा लेता है इलाज नहीं करता। ऐसे अस्पताल को बंद हो जाना चाहिए। धरने में शामिल किसानों ने स्पष्ट कहा कि 15 दिन के अंदर उचित जांच कराकर आरोपी डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन और



फॉर्टिस हॉस्पिटल की होगी। जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

इस मौके पर प्रवीण मालिक यूपी एनसीआर अध्यक्ष, राम अवतार त्यागी प्रदेश उपाध्यक्ष, मनोज मावी दादरी अध्यक्ष, कुलदीप त्यागी मेरठ मंडल उपाध्यक्ष, राहुल सुराना टीनू चौधरी जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद, दिनेश नागर जिला सचिव गाजियाबाद, धीरज राठी जिला अध्यक्ष बागपत युवा अन्य सैकड़ों लोग धरने में उपस्थित रहे।

## बिजली की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले किसान

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रामीणों की बिजली संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह व महानगर अध्यक्ष कमल यादव के नेतृत्व में किसान एकता संघ का प्रतिनिधि मंडल अधीक्षण अभियंता ललित मोहन से मिला। इस मौके पर प्रभारी राजेंद्र चौहान ने अधीक्षण अभियंता को सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि मकानों को तोड़ कर बनाए जाने पर अस्थाई कंस्ट्रक्शन मीटर लगवाने के नाम पर ग्रामीणों का शोषण न किया जाए। जिन मकानों में घरेलू कनेक्शन लगे हुए हैं। उस में घरेलू दुकान है उसमें कामर्शियल कनेक्शन लगवाने के लिए ग्रामीणों को परेशान नहीं किया जाए। बिजली घरों में जारी इमरजेंसी नंबरों को उठाने के लिए एडवाइजरी जारी की जाए समय पर विद्युत घर में फोन नहीं उठाए जाते हैं जो की एक बड़ी समस्या है। विद्युत कंप्लेंट पर कंप्लेंट को सही करने वाले कर्मचारी को सुविधा शुल्क न लिए जाने संबंधी एडवाइजरी जारी की जाए। नए विद्युत कनेक्शन के लिए प्रॉपर्टी कोड, एफिडेविट, इत्यादि को डिजिटल वेबसाइट से हटाया जाए। क्योंकि नोएडा के गांवों में अभी प्रॉपर्टी कोड जारी नहीं किए गए हैं। डिजिटलीकरण के नाम पर लोगों को भ्रमित न किया जाए। ओवरलोड



के नाम पर लोगों से अवैध उगाही बंद हो। डिजिटलीकरण होने के कारण तीन महीने लगातार एक लोड आने पर विभाग द्वारा ऑटोमेटिक ही लोड बढ़ा दिया जाता है तो फिर फोन कर या कंज्यूमर के घर जाकर लोड के नाम पर वसूली क्यों की जा रही है। इसे बंद किया जाए। अधीक्षण अभियंता द्वारा शासन स्तर से समाधान करने का आश्वासन दिया।

### सार संक्षेप

#### मुठभेड़ में 3 बदमाश गिरफ्तार, एक को लगी गोली



**नोएडा।** राह चलते लोगों के साथ लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक बदमाश को गोली लगी। वहीं दो बदमाशों को कांबिंग के बाद पकड़ा गया गया। इनकी पहचान आकाश उर्फ शिवा, नितेश और रोशन झा हुई है। पुलिस की गोली आकाश को लगी है। वो एक हिस्ट्री शीटर भी है। इसके ऊपर एक दर्जन से ज्यादा लूटपाट के मुकदमे दर्ज है। एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि आज तड़के थाना 58 पुलिस खोड़ा तिराहा पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौराना एक मोटर साइकिल सवार तीन लड़के आते दिखे। पुलिस ने लड़कों को रुकने का इशारा किया वो नहीं रुके। पुलिस पार्टी द्वारा करीब 150 मीटर तक पीछा किया गया। घेरकर डी पार्क के पास रोकने का प्रयास किया गया। जिस पर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। आकाश की ओर से अधिकांश घटनाएं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में की गई। वहीं एक मामला दिल्ली का भी है।

#### लूटने वाले 3 गिरफ्तार



नोएडा। सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद में रविवार देर रात बाइक सवार दो बदमाशों ने दुकानदार पर फायरिंग कर लूटपाट का प्रयास किया। 29 जनवरी को पीड़ित दुकानदार सर्फाबाद निवासी प्रताप सिंह ने पुलिस को मामाले की जानकारी दी। मुकदमा दर्ज किया गया। टीम गठित की गई और सीसीटीवी कैमरे व मेनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सिरोज उर्फ फिरोज, नजाकत अली उर्फ राहुल, हसरत अली हुई। प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से जिला हमीरपुर के रहने वाला है। वह गांव में परचून की दुकान का चलाता है। 28 जनवरी की रात दुकान के सामने एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति आए। दोनों के पास तमंचे थे। आरोप है कि तमंचे के बल दोनों आरोपियों ने लूटपाट शुरू कर दी। एक आरोपी ने दुकान के गल्ले में रखे रुपए को निकालने का प्रयास किया। उन्होंने तमंचा तानने वाले बदमाश को धक्का देकर शोर मचा दिया। पीड़ित ने देखा कि दुकान से कुछ दूरी पर दुकान पर अक्सर आने वाला नजाकत उर्फ राहुल निवासी हापुड़ मुंह पर रुमाल रखकर खड़ा था। पीड़ित को देखकर नजाकत घबरा गया और उसका रुमाल नीचे गिर गया और वह भाग गया। दोनों बदमाशों ने भी भागने का प्रयास किया, लेकिन उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। लोगों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे बाइक लेकर भाग गए। पुलिस ने इस मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसमें एक बदमाश चोरी के दौरान भागा और उसके पैर में चोट भी लगी। इनके पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

## प्राधिकरण ने 30 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त





- **9700 वर्गमीटर एरिया में बने थे 5 दुकान और आवासीय कमरे**
- **अतिक्रमणकर्ताओं ने किया हल्का विरोध**

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण को लेकर सख्त है। बुधवार को ग्राम इलाबास में प्राधिकरण की टीम ने भारी संख्या में अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से हटाया। इस मौके पर गांव के खसरा नंबर 179 पर बनी 5 दुकानों और आवासीय कमरों को ध्वस्त करते हुए करीब 9700 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत कराया।

बुधवार को नोएडा प्राधिकरण की सर्किल और भू लेख विभाग के साथ नोएडा पुलिस की टीम ग्राम इलाबास पहुंची। यहां अवैध रूप से बनी दुकानों और प्लाट पर बने आवासीय कमरों को पहले से चिन्हित किया जा चुका था। साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं को दुकान का निर्माण रोकने और ध्वस्त करने का नोटिस जारी कर दिया गया था। लेकिन यहां निर्माता बदस्तूर जारी था। ऐसे में प्राधिकरण के बुलडोजर ने दुकान पर कार्रवाई की वहां मौजूद किसान प्राधिकरण विरोधी नारेबाजी और ध्वस्तीकरण में बाधा डालने लगे। मौके पर मौजूद नोएडा पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया बताया गया कि ये जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित अधिग्रहीत जमीन है। साथ मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है। इसलिए यहां किया गया निर्माण पूर्णता अवैध है। इस कार्रवाई के विरोध में जो भी आएगा उसके खिलाफ कानूनी एक्शन लिया जाएगा। फिलहाल प्राधिकरण ने जमीन खाली कराते हुए इसके चारों ओर फेंसिंग की गई।

## प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण की मुआवजा वितरण और जमीन अधिग्रहण में हुई गड़बड़ी से जुड़ी जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट करीब 200 पन्नों की है। इसमें एसआईटी ने बताया है कि कुछ और गांवों की फाइलों में अनियमितता मिली है। इन गांवों में सैकड़ों करोड़ रुपए गलत तरीके से मुआवजे के रूप में किसानों को बांटे गए। रिपोर्ट में प्राधिकरण के तत्कालीन आला अधिकारियों की लापरवाही को भी दर्शाया गया है। जिसके बाद से प्राधिकरण में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

- **एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण में मुआवजा वितरण में बरती अनियमितताओं की थी जांच**
- **न्यायालय में जमा की गई रिपोर्ट, कई और गांवों में मुआवजा देने में बरती गई लापरवाही**

**अंग्रेजी में ट्रांसलेट करने को कहा, इसके बाद होगा फैसला**

मुआवजा गड़बड़ी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस दौरान शासन ने एसआईटी के जरिए दी गई रिपोर्ट को न्यायालय के समक्ष रखा। शासन ने पूरी रिपोर्ट हिंदी में होने के कारण इसका अंग्रेजी में ट्रांसलेशन कराने के लिए न्यायालय से अतिरिक्त समय मांगा। ऐसे में न्यायालय ने शासन को रिपोर्ट को ट्रांसलेट करने के लिए वक्त देने को मंजूरी दी है। इस वजह से न्यायालय रिपोर्ट को लेकर कोई सुनवाई नहीं कर सका। अब अगले महीने होने वाली सुनवाई में न्यायालय इस रिपोर्ट के आधार पर कोई आदेश दे सकता है।

**गेझा गांव के 11 प्रकरण के अलावा कई और गांवों में मुआवजा बांटने में अनियमितता**

प्राधिकरण के आधिकारिक की मानें तो एसआईटी ने करीब 200 पेज की रिपोर्ट तैयार की है। इसमें प्राधिकरण की जानकारी में आए गेझा गांव के 11 प्रकरणों के अलावा कुछ और गांवों में बांटे गए मुआवजों की फाइलों में गड़बड़ी मिली है।

इन फाइलों में सैकड़ों करोड़ रुपए का वित्तीय नुकसान प्राधिकरण को होने की बात कही गई है। बताया गया कि मुआवजा देने की प्रक्रिया में बेशक फाइल सहायक विधि अधिकारी स्तर से चली, लेकिन इस मामले में मंजूरी देते समय आला अधिकारियों ने भी लापरवाही बरती।

इसको भी एसआईटी ने रिपोर्ट में शामिल किया है। मुआवजा वितरण की गड़बड़ी में शामिल रहे अधिकारियों-कर्मचारियों से शपथपत्र के साथ अपने और अपने परिवार की संपत्ति का भी ब्योरा देने को कहा गया है। अब अगले महीने सुनवाई में न्यायालय एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कोई फैसला दे सकता है। गेझा गांव में बांटे गए मुआवजा वितरण गड़बड़ी मामलें तत्कालीन सहायक विधि अधिकारी वीरेंद्र नागर और दिनेश सिंह को निलंबित किया जा चुका है। इस मामले में सेक्टर-20 और फेज-1 थाने में केस दर्ज हुआ था।

**बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन की टीम ने की है जांच**

उच्चतम न्यायालय ने 14 सितम्बर 2023 को नोएडा प्राधिकरण और शासन को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह गड़बड़ी सिर्फ सहायक विधि अधिकारी स्तर के अफसर नहीं कर सकते। इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। फिर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने इस मामले में बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन हेमंत राव की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी।

## शहर के सेक्टरों में बिजली की लाइनों को किया जाएगा भूमिगत, 200 करोड़ होंगे खर्च

**नोएडा।** शहर में बिजली लाइनों को भूमिगत किया जाएगा। यह काम अलग-अलग चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में चार सेक्टरों से इसकी शुरुआत होने जा रही है। यह काम शुरू करने के लिए जल्द ही टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इस काम पर 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में सेक्टर-3, 15ए, 47 और 112 में बिजली लाइनों को भूमिगत किया जाएगा। इस परियोजना को सीईओ ने मंजूरी दे दी है। अगले एक सप्ताह-दस दिन में टेंडर जारी करने की तैयारी है। अभी शहर में बिजली सप्लाई अधिकतर सेक्टर में ओवर हेड लाइन से होती है। इस कारण तेज हवा चलने या बारिश में सप्लाई ठप होने लगती है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव औद्योगिक सेक्टरों पर पड़ता है। कंपनियों में काम बंद हो जाता है।

अब प्राधिकरण ने इस परियोजना पर काम शुरू कराया है। पूरे शहर के लिए प्राधिकरण ने बिजली विभाग से अनुमानित एस्टीमेट मांगा था जिसमें 1600 करोड़ रुपए की डिमांड आई थी। अब प्राधिकरण ने पहले चरण में चार सेक्टर को चुना है। इनमें सेक्टर-15ए और 47, 112 आवासीय हैं जबकि सेक्टर-3 औद्योगिक सेक्टर है। इसके बाद अगले फेज की तैयारी प्राधिकरण शुरू करेगा। सेक्टर की लाइनों के साथ ही वितरण के लिए बनी एचटी लाइनों जैसे 33 और 11 केवी की लाइनों को भी भूमिगत किया जाएगा। शहर के कई सेक्टर के अंदर से 33 और 11 केवी की लाइनें निकली हुई हैं।

## बच्चों को आज खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद में कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत गुरुवार (एक फरवरी) को एक से 19 साल तक के बच्चों और किशोरों-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। जनपद में स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर करीब 8.07 लाख बच्चे व किशोर-किशोरी एल्बेंडाजोल खाएंगे। इसका शुभारंभ बृहस्पतिवार को निठारी स्थित कम्पोजिट स्कूल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार शर्मा करेंगे।

- **पांच फरवरी को चलेगा मॉप अप राउंड, इसमें छूटे बच्चों को गोली खिलाई जाएगी**
- **बच्चों को जरूर खिलाएं दवा : डा. ललित कुमार**

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने बताया कि एक फरवरी को एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की गोली खिलाई जाएगी। एक फरवरी को जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें मॉप अप राउंड में पांच फरवरी को गोली खिलाई जाएगी। जनपद में 8.07 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। डा. ललित कुमार ने बताया कि पेट के कीड़े बच्चों, किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होते हैं। पेट में कीड़े होने के कारण बच्चे एनीमिया का शिकार तो होते ही हैं साथ ही कुपोषित भी हो जाते हैं। यह कीड़े बच्चों-किशोरों की आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते रहते हैं, इस वजह से बच्चे एनीमिया और कुपोषण के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को यह दवा जरूर खिलाएं।

## आरक्षण के लिए जाट समाज आन्दोलन के लिए तैयार : युद्धवीर

**गाजियाबाद,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। साहिबाबाद साइड फॉर में गोल्डन कैसल मैरिज होम में अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी पूर्व विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को ग्राम, ब्लॉक व तहसील स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बात कही और जिले में मीटिंग कर लोगो को जोड़ने व जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह ने बताया कि आने वाली पीढ़ी के लिए जाट आरक्षण बहुत जरूरी है और आरक्षण हमारा अधिकार है लेकिन मौजूदा सरकार आरक्षण देने के मूड में नहीं है जिस के लिए हमे आंदोलन के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। अरुण भुल्लन ने पूरे जिले से आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का



- **संगठन की किया जाएगा मजबूत : भुल्लन**

आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दक्ष चौधरी को मेडल लाने पर, इंस्पेक्टर संजीव चौधरी को राष्ट्रीय पति पुरुस्कार से सम्मानित होने पर, अरुण चौधरी को तहसील बार सचिव का चुनाव जीतने पर सम्मानित किया गया।

महामंत्री अरविंद बालियान, परदेश महासचिव धर्मेंद्र तोमर, विक्रांत चौधरी, रविंद्र चौधरी, चौधरी जयवीर सिंह तेवतिया, देवेंद्र सिंह राजोरा, विशाल चौधरी आदि लोग उपस्ति रहे।

## सी एम ग्रीड में 349 करोड़ से होगा गाजियाबाद के 6 प्रमुख मार्गों का सौंदर्यीकरण

**गाजियाबाद,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। सी एम ग्रीड के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम शहर के प्रमुख मार्गों का सौन्दर्यीकरण करेगा। जिसमें 349करोड़ रुपए खर्च होंगे। बुधवार को महापौर सुनीता दयाल इन मार्गों का निरीक्षण भी किया। इनकी डी पी आर तैयार कर सौन्दर्यीकरण हेतु प्लानिंग भी हो चुकी है। जिसमें मोहन नगर बस अड्डे से मोहन नगर चौराहे होते हुए एयर फोर्स स्टेशन, एलिवेटेड रोड से हिण्डन मेट्रो स्टेशन, राज नगर एक्सटेंशन चौराहे से एलिवेटेड रोड, राज नगर एक्सटेंशन चौराहे से मेरठ रोड, एयर फोर्स स्टेशन से शेष नाग द्वार तथा शेष नाग द्वार से एलिवेटेड रोड तक शामिल किए गए हैं। महापौर सुनीता दयाल ने निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जिसमें मुख्य अभियंता एन के चौधरी, अधिशासी अभियंता देश राज सिंह, सहायक अभियंता गणेश लाल, अवर अभियंता विनोद कुमार उपस्थित रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि सी एम ग्रीन रोड के अंतर्गत



- **महापौर ने किया निरीक्षण**

उपरोक्त क्षेत्र में सड़कों का चौड़ीकरण, फुटपाथ, साइकल ट्रैक, अंडरग्राउंड वायर एवं अन्य सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत सभी सड़कों को चौड़ा किया जाना है जिससे यातायात की समस्या न हो सके और ट्रैफिक की आसानी से निकासी हो सके। फुटपाथ सभी सड़कों पर फुटपाथ उचे और कंक्रीट के बनाये जाएंगे साथ ही सुंदर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे और सुंदर रंगाई पुताई पेंटिंग की जाएगी। साइकल ट्रैक रोड के साथ साथ 6 इंच ऊंचा कर साइकल ट्रैक बनाया जाएगा जिसमें कलरफुल ट्रैक होगा जो दिखने में अति सुंदर लगेगा। अंदर ग्राउंड वायर सभी रोड के आस पास ओर ऊपर से जाने वाले लाईट के पोल ओर तार को हटा कर अंदर ग्राउंड किया जाएगा जिससे सुंदरता बढ़ेगी। सौन्दर्यीकरण में सभी रोड के आस पास ग्रीन एरिया बनाया जाएगा जिसमें हर 20 मित्र पर सुंदर चित्रकला की प्रस्तुति होगी, शिलापट्ट की अद्भुत मूर्ति स्थापित की जाएगी, घास लगाई जाएगी, जगह जगह पर पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी होगी जिससे सौन्दर्यीकरण में चार चांद लगेंगे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सभी जगह रंगीन फवारे लगाने के, शिलापट्ट के जानवरों के स्टेचू लगाने, वेस्ट प्लास्टिक की अद्भुत कृतियों से साज सज्जा करने, शेर की स्टेचू, रोड पर सभी के सुरक्षित रहने, रोड क्रोसिंग के लिए रेड लाइट की व्यवस्था और भव्यता से सौन्दर्यीकरण के निर्देश दिए है।

## नगर आयुक्त ने इंदौर के एमआरएफ सेंटर पर किया निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। इंदौर मे चल रही कार्यशाला के दौरान उत्तर प्रदेश के कई नगर निकाय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया है तथा अपने-अपने नगर निगमो के अनुसार ट्रेनिंग में विशेष योजनाओं के लिए प्रतिभाग कर रहे हैं। गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कचरा सेग्रीगेशन तथा आरडीएफ निस्तारण के लिए विशेष अध्यन चल रहा है। गाजियाबाद को पूर्णतः कचरा मुक्त करने की योजना के क्रम में मंथन कर रहे हैं। इंदौर में 400 टीडीपी के एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रतिदिन भारी मात्रा में सृजित होने वाले कूड़े का निस्तारण किस प्रणाली के तहत किया जाना है। ट्रेनिंग के दौरान देखा गया, सूखे कचरे को भी सेग्रीगेशन करने का कार्य मशीनों के द्वारा बेहतर तरीके से किया जा रहा है,



**गाजियाबाद को कचरा मुक्त करने के लिए निगम बनाएगा बेहतर योजना**

आरडीएफ का निस्तारण प्रणाली पर भी अध्ययन किया गया, 'रीयूज, रिड्यूस, रिसाइकल' पर इंदौर की तर्ज पर गाजियाबाद नगर निगम भी वृहद स्तर पर कार्रवाई करेगा जिससे वेस्ट से बेस्ट बनाकर कचरा निस्तारण में काफी मदद मिलेगी। नगर आयुक्त ने बताया गया कि गाजियाबाद में कचरा का सदुपयोग कर निस्तारण की कार्रवाई को प्रबल किया जाएगा, साथ ही शहर वासियों को भी जागरुक कर जन सहयोग से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बेहतर तरीके से किया जाएगा।

# संपादकीय

नई दिल्ली, गुरूवार 1 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्ष नहीं, सरकार करे आत्मपरीक्षण

बुधवार से संसद का बजट सत्र प्रारंभ हुआ है। इससे पहले संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के करीब डेढ़ सौ सांसदों का निलम्बन किया गया था। इस सत्र में आशा बंधी थी कि आम चुनाव की दहलीज पर खड़े देश की महापंचायत का अंतिम सत्र तो कम से कम ऐसा होगा जिसमें सत्ता पक्ष, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन तमाम मुद्दों पर जवाब देंगे जो सिलसिलेवार हों, तार्किक हों और तथ्यपरक हों- जिनसे देश जूझ रहा है और जिस पर खुली चर्चा अपेक्षित है। लेकिन ऐसा शायद ही हो, क्योंकि राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले, श्री मोदी ने संसद भवन के बाहर अपने तईं इस सत्र का प्रारम्भ विपक्ष को कोसते हुए किया। प्रधानमंत्री मोदी के संक्षिप्त उद्बोधन ने साफ कर दिया है कि 17वीं यानी मौजूदा लोकसभा का अंतिम सत्र भी उसी तर्ज़ पर होने जा रहा है जिसमें विपक्षी सांसद देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना चाहेंगे परन्तु प्रधानमंत्री स्वनिर्मित परम्परा के अनुरूप संसद के बाहर सभाएं एवं रैलियां करते फिरेंगे, अन्य मंत्रीगण मोर्चा सम्हालेंगे, असंतुष्ट सदस्यगण सभा त्याग करेंगे और किसी मौके पर नमूदार होकर मोदी आत्मगान करेंगे, नेहरू से लेकर वर्तमान कांग्रेसी नेताओं तथा समग्र विपक्ष का उपहास करते हुए संसद का सत्रावसान घोषित करा देंगे। हो सकता है कि पहले की भांति कुछ या बहुत से सदस्यों का फिर से निलम्बन देखने को मिले।

जो भी हो, पहले से कोई कयास लगाना उचित तो नहीं परन्तु मोदी कालखंड के दौरान हुए सभी सत्रों पर नज़र डालें और याद करें कि उनका हश्र क्या हुआ था, तो इसके अलावा इस सत्र की भी किसी और तरह की परिणति नहीं सूझ सकती। वैसे श्री मोदी ने नये संसद भवन में जाने के बाद कम से कम यह अच्छी परम्परा तो प्रारम्भ की है कि वे सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष चन्द मिनटों के लिये ही सही, कुछ कहने लगे हैं। हालांकि उन्होंने इस लिहाज से अपनी लीक कतई नहीं छोड़ी है कि वे पत्रकारों को सवाल करने की छूट दें; और हमेशा की तरह उनके उद्बोधनों की विषयवस्तु प्रतिपक्षी सदस्यों का अपमान और उपहास ही होता है। सो परिपाटी को बरकरार रखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने बुधवार के वक्तव्य में अपने भीतर संचित कटुता की ही पुनर्प्रस्तुति की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों के लिये इस बजट सत्र को 'पश्चाताप करने का अवसर' बताया और उन्हें 'लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले हुड़दंगियों' की श्रेणी में रखा। नरेन्द्र मोदी का कहना था कि 'अगर वे अपने व्यवहार के बारे में अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सौ लोगों से भी बात करें तो उन्हें पता चलेगा कि वे (मतदातागण) भी खुश नहीं होंगे और उन्हें उनके इस तरह के काम भी याद नहीं होंगे। मतदाताओं को उन्हीं के नाम याद रहते हैं जो सकारात्मक रहते हुए सरकार की तीखी आलोचना करते हैं' उनका कहना था कि 'आदतन हुड़दंगी (आशय: मुखर व सरकार विरोधी) सदस्यों के लिये यह आत्मचिंतन का अवसर है जिसे उन्हें हाथ से नहीं जाने देना चाहिये।'

निश्चित ही यह वही मोदीनुमा तरीका है जिससे वे विपक्षी दलों से हर-हमेशा डील करते आये हैं। पिछले सत्र में भी उन्होंने इसी तरह का कटाक्ष करते हुए कहा था कि 'विपक्ष को तीन राज्यों की पराजयों का गुस्सा संसद के भीतर कार्यवाहियों के दौरान नहीं निकालना चाहिये।' उनका मंतव्य छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व राजस्थान के विधानसभा चुनावों से था जिसमें भाजपा को जीत मिली थी। कहना न होगा कि श्री मोदी ने संसद के बाहर विपक्ष की आलोचना व उन्हें नीचा दिखाने का अवसर नहीं छोड़ा, जो साफ इशारा करता है कि इस सत्र में होने वाली वाली बैठकों एवं चर्चाओं का स्वरूप कैसा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान दरअसल सदन के भीतर अपने बचाव की उनकी रणनीति है। सत्र ऐसे समय में हो रहा है जबकि प्रधानमंत्री मोदी के पूरे 10 वर्षों की तमाम नाकामियों, निरंकुश कार्यप्रणाली, विभाजनकारी नीतियों, हिंसक विचारों तथा अनेकानेक तरह के घोटालों व भ्रष्टाचार लोगों के सामने आ चुके हैं और जिनके बाबत सवाल पूछे जाने लाजिमी हैं। जैसा कि नरेन्द्र मोदी का तरीका है, वे पहले ही सरकार विरोधी प्रश्नों को नकारात्मकता साबित करते हैं, बुधवार को भी उन्होंने सत्र की पूर्वपीठिका तैयार की है। वे बार-बार खुली चर्चा की बात करते हैं लेकिन उनके दोनों ही कालावधियों का इतिहास रहा है, जो संसदीय कार्यवाही के रूप में दर्ज भी है, कि वे स्वयं बहसों से भागते हैं। किसी भी विषय पर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिये हैं। विभिन्न योजनाओं की नाकामियां हों या राफेल लड़ाकू जहाज खरीदी, नोटबन्दी हो या जीएसटी, कोविड-19 के दौरान लोगों की दुर्दशा हो या मणिपुर की हिंसा- लोगों को कभी याद ही नहीं पड़ता कि किसी भी मुद्दे पर उन्होंने संजीदग़ी के साथ चर्चा की हो। संसद के अंदर के उनके भाषण आम सभाओं या चुनावी रैलियों में दिये जाने वाले भाषणों से अलग नहीं होते जिनमें उनका उद्देश्य विपक्ष को अपमानित करना एवं खुद को देश का सबसे प्रभावशाली व्यक्ति बतलाना होता है। उनके ज्यादातर भाषणों को देखा जाये तो वे गर्वोक्ति के उदाहरणों के अलावा कुछ नहीं होते। पिछले एक सत्र में उन्होंने कारोबारी गौतम अदानी के साथ उनके रिश्तों व उसे बेजा मदद पहुंचाने के आरोपों पर जवाब देने के दौरान खुद को 'अकेले ही सब पर भारी' बताया था। सच तो यह है कि अंतिम सत्र में विपक्ष को नहीं स्वयं प्रधानमंत्री मोदी और सरकार को आत्मपरीक्षण करना चाहिये।

# राम नाम सत्य है

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मम्मी पापा आई कान्ट डू जेईई, सो आई सुसाइड, आई एम लूज़र, आई एम वर्स्ट डॉटर, सॉरी मम्मी पापा, यही लास्ट ऑप्शन है। और इन पंक्तियों के साथ ही 19 बरस की निहारिका का संभावनाशील जीवन खत्म हो गया। मां-बाप ने बड़े चाव से नाम रखा होगा कि उनकी बच्ची का जीवन आकाशगंगा की तरह जगमगाता रहेगा। लेकिन केवल 19 साल की उम्र में निहारिका ने अपने जीवन में छाई निराशा को इतना गहन अंधकार समझ लिया कि उसने जीने की जगह मरने का विकल्प चुना। निहारिका ने खुद को लूजर यानी हारा हुआ समझा और उसके बाद अपने मम्मी-पापा को सॉरी कहते हुए बता दिया कि यही लास्ट ऑप्शन है। कोटा में जेईई मेन्स की तैयारी कर रही निहारिका का 30 जनवरी को इम्तिहान था और उससे एक दिन पहले 29 जनवरी को उसने आत्महत्या कर ली। कोचिंग संस्थाओं के गढ़ कोटा में पिछले साल 30 छात्रों ने परीक्षाओं के दबाव और नतीजों के कारण आत्महत्या की है, इस साल अभी दो ही आत्महत्याओं की खबर आई है। निहारिका से पहले 24 जनवरी को एक 18 साल के लड़के ने खुद की जान ले ली थी, उसे नीट की परीक्षा में बैठना था। वैसे बीते एक सप्ताह में देश के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में और भी बच्चों ने आत्महत्याएं की हैं, लेकिन अब जवान मौत की खबरें तब तक सुर्खियां नहीं बनतीं, जब तक उनमें कोई सनसनीखेज तथ्य, प्रेम त्रिकोण या एकतरफा प्रेम का कोण नजर नहीं आए। देश के नौजवान निराश होकर मौत को गले क्यों लगा रहे हैं, ऐसे गंभीर सवालों पर चर्चा करने अगर बैठ जाएं तो फिर मंदिर का काम कौन करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है, लेकिन अभी सत्ता की प्रतिष्ठा और परीक्षा दोनों बाकी है।

निहारिका ने खुद को लूज़र मान लिया, लेकिन क्या आत्महत्या करने से पहले उसे मोदीजी की परीक्षा पर चर्चा का 7वां एपिसोड नहीं सुन लेना चाहिए था। क्या पता मोदीवाणी सुनकर मन के विचार बदल जाते। मीडिया में तो यही बताया गया है कि पीएम सर ने अपनी मेगा क्लास में परीक्षा में बैठने के गुर बच्चों को बतलाए। उन्हें टाइम मैनेजमेंट से लेकर आने वाली हर चुनौती के लिए तैयार करने को प्रेरित किया। मोदी सर ने बताया कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। हालांकि इस सीख में कुछ भी नयापन नहीं है। गीता के उपदेश से लेकर जीत आपकी जैसी मोटिवेशनल यानी (तथाकथित) प्रेरणादायी किताबों में ऐसी ही बातें लिखी रहती हैं। इन्हें किसी भी किताब की दुकान से खरीदकर बच्चे पढ़ सकते हैं। अगर प्रधानमंत्री लाखों रुपए खर्च करके कोई चर्चा कर रहे हैं, और उसका दो कौड़ी का लाभ न मिले, तो फिर ऐसी परीक्षा पर चर्चा का क्या प्रयोजन। परीक्षा का दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने की सीख देने भर से बच्चे जीवन के तनाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हो जाएंगे। उसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल भी बना कर देना पड़ेगा। मगर इस वक्त देश के आम आदमी के हिस्से में निराशा का अंधेरा ही भरा हुआ है। इस अंधेरे को दूर करने के लिए जब कोई उपाय नहीं सूझता तो वह भगवान की शरण में जाता है और यहीं भाजपा लाभ लेने पहुंच जाती है। अयोध्या में अगर रोजाना दर्शन के लिए लाखों लोग पहुंच रहे हैं, तो वे महज भक्ति भाव से उमड़ रहे हैं, या उन्हें अपने जीवन की बेहतरी के लिए भगवान का ही सहारा है, इस बात का ईमानदार विश्लेषण और सर्वेक्षण किया जाए, तो शायद कोई नए तथ्य सामने आएं।

> परीक्षा का दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने की सीख देने भर से बच्चे जीवन के तनाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हो जाएंगे। उसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल भी बना कर देना पड़ेगा। मगर इस वक्त देश के आम आदमी के हिस्से में निराशा का अंधेरा ही भरा हुआ है। इस अंधेरे को दूर करने के लिए जब कोई उपाय नहीं सूझता तो वह भगवान की शरण में जाता है और यहीं भाजपा लाभ लेने पहुंच जाती है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा में उपदेश देने की जगह अगर परीक्षा के दबाव को कम करने की स्थितियां निर्मित करने में अपनी ऊर्जा लगाएं, तो इस देश के करोड़ों बच्चों का जीवन संवर जाएगा। हर साल जेईई की परीक्षा में 12-15 लाख बच्चे औसतन बैठते हैं और इनमें से केवल 50-60 हजार बच्चों के लिए ही स्थान रहता है। कमोबेश यही हाल नीट और बाकी परीक्षाओं का है। अगर मंदिर या दिखावे के बाकी निर्माण कार्यों पर लगने वाली लागत का मामूली हिस्सा भी उच्च शिक्षण संस्थाओं को खोलने के लिए लगाया जाए, तो फिर बच्चों को सामर्थ्यवान बनने के उपदेश देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जितने ज्यादा स्कूल-कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय खुलेंगे, उतने अधिक बच्चों को पढ़ने के मौके मिलेंगे। फिर उन्हें उम्र से पहले ही गलाकाट स्पर्द्धा का शिकार नहीं होना पड़ेगा, इससे आरक्षण जैसे मुद्दों पर होने वाला तनाव भी कम होगा, साथ ही उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की होड़ भी कम होगी। शिक्षण संस्थाओं में थोड़ा सा निवेश, ढेर सारा मुनाफा देश को देगा, यह सीधा सा गणित सरकार शायद समझना ही नहीं चाहती। और इस वक्त बहुलतावाद का शिकार समाज भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बल्कि समाज नफरत और हिंसा की भाषा सुनते-सुनते काफी हद तक संवेदनहीन भी हो चुका है।

इस आलेख में सबसे पहले अंग्रेजी में जो पंक्तियां लिखी गईं, दरअसल वही निहारिका का सुसाइड नोट है। यह नोट सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने बच्चों के भविष्य की चिंता जतलाते हुए पोस्ट किया। परिपक्व और संवेदनशील समाज ऐसी बातों को पढ़कर भीतर तक हिल जाता है, लेकिन यह देखकर हैरानी हुई कि इस नोट में लोगों ने अंग्रेजी व्याकरण की गलतियां निकालते हुए उसका मजाक बनाना शुरु कर दिया। ऐसी अंग्रेजी लिखकर तो कभी इंजीनियर नहीं बन सकती थी, ऐसी टिप्पणियां की जाने लगीं। हालांकि इसमें हैरान नहीं होना चाहिए था, क्योंकि ये बातें उसी चुटकुले की तरह हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में सुनाई थी कि एक लड़की ने आत्महत्या करने से पहले चिट्ठी लिखी, तो उसके प्रोफेसर पिता ने उसमें स्पेलिंग की गलतियां निकाल लीं। श्री मोदी के इस चुटकुले पर कार्यक्रम में उपस्थित नेता, ग्लैमरस पत्रकार और अधिकारी ठहाका मारकर हंसे थे। जब गंभीर मुद्दों को हंसी-खेल की बात बनाते हुए ही देश को चलाया जा रहा हो, वहां क्या उम्मीद रखी जाए।

आत्महत्या तो जनवरी 2016 में रोहित वेमुला ने भी की थी और उनका सुसाइड नोट या आखिरी खत अंग्रेजी में था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि -'मुझे विज्ञान से प्यार था, सितारों से, प्रकृति से, लेकिन मैंने लोगों से प्यार किया और ये नहीं जान पाया कि वो कब के प्रकृति को तलाक़ दे चुके हैं। हमारी भावनाएं दोयम दर्जे की हो गई हैं। हमारा प्रेम बनावटी है। हमारी मान्यताएं झूठी हैं। ज.एक आदमी की क़ीमत उसकी तात्कालिक पहचान और नज़दीकी संभावना तक सीमित कर दी गई है। एक वोट तक। आदमी एक आंकड़ा बन कर रह गया है। एक वस्तु मात्र। कभी भी एक आदमी को उसके दिमाग से नहीं आंका गया' मेरे लिए आंसू न बहाए जाएं। आप जान जाएं कि मैं मर कर ख़ुश हूं जीने से अधिक।'

सोचने की बात है कि कितना विवश महसूस करता होगा कोई, जब वह जीने से अधिक मरने में खुशी महसूस करे। रोहित वेमुला के इस आखिरी खत में ऐसी कई झकझोरने वाली बातें लिखी हैं। उन्होंने लिखा था कि वे कार्ल सगान की तरह विज्ञान लेखक बनना चाहते थे, लेकिन लिख पाए तो केवल आत्महत्या से पहले का यह खत। अंग्रेजी के सही व्याकरण और उम्दा अभिव्यक्ति में लिखे इस खत और चार पंक्तियों में गलत अंग्रेजी में लिखे आत्महत्या के नोट में आखिर क्या अंतर है। दोनों ही सम्मानजनक जीवन और उम्मीदों की अर्थी निकालने का ऐलान कर रहे हैं। समाज को सुना रहे हैं-राम नाम सत्य है, सबकी यही गत है।

# गंभीर समस्या बन रही एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधकता

■ डॉ अरुण मित्रा

भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों से कहा है कि वे एंटीबायोटिक दवाओं का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जब भी इस्तेमाल करें तो कारण बतायें। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) अतुल गोयल ने कहा है कि डॉक्टरों को रोगाणुरोधी दवाएं लिखते समय संकेत, कारण और औचित्य अवश्य बताना चाहिए। यह बढ़ते रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) की पृष्ठभूमि में है जो विश्व स्तर पर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मतलब है कि संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया या कवक एंटीबायोटिक या एंटिफंगल उपचार के प्रति प्रतिरोधी हैं। इसलिए यदि अभी इसे रोकने के कदम नहीं उठाये गये तो भविष्य में संक्रमण को नियंत्रित करना मुश्किल हो जायेगा।

यदि ऐसा होता है तो विशेषकर विकासशील देशों में जहां संक्रमण दर अधिक है, इसके गंभीर परिणाम होंगे। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि एएमआर के परिणामस्वरूप संक्रमण की रोकथाम और उपचार एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप लंबी बीमारी और मृत्यु का खतरा बढ़ रहा है। आईसीएमआर शोधकर्ता कामिनी वालिया के अनुसार, एएमआर भारत में महामारी का रूप ले रहा है। 19 जनवरी 2024 को द ट्रिब्यून में प्रकाशित समाचार के अनुसार, उनके हवाले से बताया गया कि एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग की तत्काल सलाह दी जाती है या हम प्री-एंटीबायोटिक युग में वापस आ जायेंगे।

> समुचित नीति और विनियमन के माध्यम से इस समस्या से निपटने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों की आवश्यकता है। वैज्ञानिक रूप से एंटीबायोटिक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और जागरुकता बेहद जरूरी है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक मान्यता प्राप्त वैश्विक खतरा है। इसलिए इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए वैश्विक सहयोगात्मक प्रयासों की भी आवश्यकता है।

एएमआर एक वैश्विक चुनौती का प्रतिनिधित्व करता है। 2019 में मरने वाले 49.5लाख लोग दवा-प्रतिरोधी संक्रमण से पीड़ित थे। एएमआर सीधे तौर पर उनमें से 12.7 लाख मौतों का कारण बना। इनमें से 5 में से एक मौत 5 साल से कम उम्र के बच्चों की हुई। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों का अधिक बोझ है। 204 देशों में एएमआर से जुड़ी प्रति 100,000 जनसंख्या पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर के मामले में भारत 145वें स्थान पर है। 2019 में, 297,000 मौतों का कारण, और1,042,500 मौतें सीधे एएमआर से बताई गईं। 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एएमआर को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए शीर्ष दस वैश्विक खतरों में से एक के रूप में चिह्नित किया।

भारत मानव एंटीबायोटिक उपयोग में विश्व में अग्रणी है। एक लैंसेट अध्ययन के अनुसार, 'एंटीबायोटिक दवाओं का ओवर-द-काउंटर उपयोग, जागरुकता की कमी, डायग्नोस्टिक्स का अपर्याप्त उपयोग, भीड़भाड़, क्रॉस-संक्रमण, फार्मास्यूटिकल्स द्वारा डॉक्टरों का वित्तीय मुआवजा और खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी भारत की रोगाणुरोधी प्रतिरोध समस्या को बढ़ाता है'। एक तरफ भारत में दवाओं की ओवर प्रिस्क्रिप्शन है तो दूसरी तरफ नियामक प्रणाली बहुत अप्रभावी है।

क्षय रोग, एक संचारी रोग के रूप में, एक सतत वैश्विक महामारी है जो वैश्विक मृत्यु दर और रुग्णता के उच्च बोझ के लिए जिम्मेदार है। वैश्विक स्तर पर, अनुमानित 1 करोड़ नये मामलों और लगभग 14लाख मौतों के साथ, टीबी 2019 में रुग्णता और मृत्यु दर के शीर्ष 10 कारणों में से एक के रूप में उभरा है। ग्लोबल टीबी के अनुसार, दुनिया के सभी टीबी मामलों में से 28 फीसदी भारत में हैं। रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2021 में 21.3 लाख मामले सामने आये। तपेदिक (टीबी) से निपटने के लिए बजट में वृद्धि के बावजूद, भारत में संक्रामक बीमारी के कारण होने वाली मौतों की अंतरिम अनुमानित संख्या 10 प्रतिशत बढ़ गई, जो 2020 में 500,000 से बढ़कर 2021 में 505,000 हो गई, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2022 में कहा गया है। इसका मतलब है कि प्रतिदिन भारत में टीबी से 1383 मौतें होती हैं। इससे लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है और बड़ी रकम खर्च होती है।

मृत्यु और विकलांगता के अलावा, एएमआर की महत्वपूर्ण आर्थिक लागतें हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि एएमआर के परिणामस्वरूप 2050 तक अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल लागत में 1 खरब अमेरिकी डॉलर और इससे 2030 तक प्रति वर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1 खरब अमेरिकी डॉलर से 3.4 खरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो सकता है।

बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक नये अध्ययन में पाया गया है कि प्राथमिकता वाले रोगजनकों से निपटने के लिए मौजूदा टीकों के प्रभावी उपयोग और नये टीकों के निरंतर विकास से हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं। यह अध्ययन एएमआर के प्रसार को धीमा करने और रोकने में टीकाकरण सहित निवारक उपायों के महत्व पर प्रकाश डालता है।

समुचित नीति और विनियमन के माध्यम से इस समस्या से निपटने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों की आवश्यकता है। वैज्ञानिक रूप से एंटीबायोटिक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और जागरुकता बेहद जरूरी है।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक मान्यता प्राप्त वैश्विक खतरा है। इसलिए इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए वैश्विक सहयोगात्मक प्रयासों की भी आवश्यकता है।

हाल ही में भारत में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई थी। संक्रमण नियंत्रण अकादमी के अध्यक्ष और हैदराबाद विश्वविद्यालय के मानद प्रोफेसर डॉ. रंगा रेड्डी के अनुसार जी-20 दस्तावेज़ अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) प्रयासों में तेजी लाने और एंटीबायोटिक्स बाजार को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

चिंता का महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि फार्मास्युटिकल्स पर कॉर्पोरेट कंपनियों का नियंत्रण है। उनके लिए जनस्वास्थ्य से ज्यादा प्राथमिकता मुनाफा है। यह महत्वपूर्ण है कि शोधकर्ता, सरकारें और नागरिक समाज कार्यकर्ता कॉर्पोरेट हितों की साजिशों पर नजर रखें। हमने देखा है कि कैसे वैक्सीन उत्पादक कंपनियों ने कोविड महामारी के दौरान वैश्विक स्तर पर जबरदस्त मुनाफा कमाया। भारत में फार्मास्युटिकल और वैक्सीन उत्पादक उद्योग में सार्वजनिक क्षेत्र में एक अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, परन्तु अब इसका कायाकल्प करने की जरूरत है।

## पावन प्रसंग

### सत्य का मार्ग

ऋषियों को वेद-उपनिषद काल से स्पष्ट रहा है कि ईश्वर ही एकमात्र सत्य है उनका अभिन्न अंश आत्मा ही सत्य है, शाश्वत है और एक शिष्य के लिए गुरु ही इसकी आत्मा और परमात्मा का स्वरूप होता है। गुरुमुख से निकले वचन ही शिष्य के लिए गुरुमंत्र होते हैं, जिनका वह अटल विश्वास के साथ दामन थामे रहता है और अपने आदर्श का स्तर अनुरूप स्वयं को तपाता, कसता रहता है जब तक कि सर्वोच्च सत्य को नहीं पा ले। इस सत्य की उपेक्षा कर कर्मकांड को ही परम सत्य मानने व उसी को पकड़े रहकर हम भारी भूल करते हैं और जीवन केसार तत्व को भूल जाते हैं। हमारा ज्ञान पुस्तकीय ज्ञान व कथा प्रवचन तक सीमित रह जाता है, जीवन में उतर नहीं पाता। जबकि महर्षियों के अनुसार, शास्त्रों के शब्द घने जंगल की तरह हैं, जहां व्यक्ति के खोने का भय रहता है। बिना साधना के मात्र पांडित्य जीवन में काम नहीं आता, अग्निपरीक्षा की घड़ियों में यह अपना प्रयोजन सिद्ध नहीं कर पाता। ऐसे में बाल की खाल निकालने वाले तर्क-कुतर्क में जीवन बीत जाता है और हाथ कुछ सार तत्व लगता नहीं। अंतिम आह के साथ आखिर यह जीवन भी नष्ट हो जाता है यह कुछ ऐसे ही होता है जैसे भवन में आग लगी है और विद्वज्जन आग के स्रोत पर बहस कर रहे हैं। पूरा भवन जलकर राख बनने के कगार पर है और विवाद किए जा रहे हैं। हमें धर्म के सार अध्यात्म को समझना होगा, कर्मकांडों की सीमा का एहसास करना होगा व इसके सारतत्व को ग्रहण करते हुए आगे बढ़ना होगा। अत: साधक को आत्मतत्व के यथार्थ को जानने का प्रयास करना चाहिए। शास्त्रों का सार हृदयंगम करते हुए इन्हें जीवन में धारण करना चाहिए।

शास्त्रों का ज्ञान जीवन सरल बना रहा है, सच्चाई-भलाई के मार्ग में रस आ रहा है, विद्वता के दंभ-अहंकार से मुक्ति मिल रही है और जीवन के संघर्ष पथ पर योद्धा बनकर आगे बढ़ने का साहस एवं जुझारूपन जाग्रत हो रहा है। इनके अभाव में व्यक्ति जीवन के यथार्थ से बचता फिरता है, जीवन के सत्य का सामना नहीं कर पाता। कुछ तो इतने आलसी, प्रमादी हो जाते हैं कि धर्म-अध्यात्म के नाम पर सत्य के अतिरिक्त अन्य सब कुछ कर रहे होते हैं। वास्तव में आध्यात्मिक जीवन अपनी कीमत मांगता है कि हम इसे चुकाने के लिए कितना तैयार हैं।

जब लक्ष्य स्थिर कर लिया, गुरु की शरण में आ गए तो फिर चाहे जो भी कीमत हो, नैष्ठिक साध्क बनकर इसे जीना होगा। अपनी क्षुद्रता, स्वार्थ- अहं प्रधान निम्नवृत्तियों को त्यागने के लिए तैयार रहना होगा; जगत के गोरखधंधे से बाहर निकलने का साहस रखना होगा? जन्म-जन्मांतरों के अज्ञानजन्य अभ्यास के रूप में हमें उलझाकर पंगु बना रहा है। कर्मकांडी विडंबनाओं में उलझने के बजाय हमें गुरु द्वारा बताए अध्यात्म पथ का अनुसरण करना होगा।

आध्यात्मिक पथ में जहां भावों की पावनता और उदारता को साधना होता है तो वहीं इच्छाशक्ति को सुदृढ़ करते हुए, मन को उच्चतर मार्ग पर उर्ध्वगामी भी बनाना होता है। सांसारिक उपलब्धियों व सुखभोगों के लिए हम दैत्य की भांति जिस एकाग्रता तथा इच्छाशक्ति का प्रयोग करते हैं, उन्हें आत्मनोन्मुख करना होता है। यदि हमें अपनी दुर्दशा और भटकी दिशा का थोड़ा सा भी एहसास हो जाए तो फिर उसी क्षण हम धर्म और सत्य के मार्ग पर बढ़ चलते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### भारतीय लोकतंत्र का मजाक बनाया है

जिन राज्यों में हम सत्ता में नहीं हैं, वहां अगली बार सत्ता में आने के लिए ईमानदारी से प्रयास करने में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन गलती वहां है कि चुनाव न होते हुए भी वे मौजूदा सरकार को गलत तरीके से उखाड़कर फेक कर अपने गुट में उन्हें लेना। राजनीतिक समझौते और बातचीत जनता के लिए स्पष्ट संदेश है कि आपका काम केवल वोट देना है। यदि आपने उस समय हमें अस्वीकार कर दिया और किसी और को स्वीकार कर लिया तो हम भविष्य में कभी भी उसे अपना लेंगे। बिहार की वर्तमान सियासी सियासत तो यही कहती है।

चुनाव में जनता द्वारा सत्ता परिवर्तन होना एक बात है और जनता के वोट का अपमान कर तथा लोकतंत्र को रौंद कर सत्ता परिवर्तन करना सदैव अस्वीकार्य रहेगा। जनता को जो राजनीतिक दल सत्ता में नहीं चाहिए उसे विपक्ष में बैठना पड़ता है और कुछ को तो सीधे घर भेज दिया जाता है। इसे पूरे दिल से स्वीकार करना इतना कठिन क्यों होना चाहिए? इसमें इतना कठिन क्या है? लोग आपको अस्वीकार कर देते हैं क्योंकि आपने काम नहीं किया है। पांच साल की लंबी अवधि के बाद लोगों को अपना गुस्सा जाहिर करने का सुनहरा मौका मिलता है। फिर लोग वोटिंग के वक्त घर पर नहीं बैठते।

प्रतिद्वंद्वी जैसी कोई चीज सामने न हो ऐसे प्रयास जारी है ऐसा लग रहा है। क्योंकि जो आज यहां हैं, वे कल कब वहां पहुंच जाएं और सत्ता में बैठ जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। इंडिया अलायन्स में झगड़े चालू है। पश्चिम बंगाल और पंजाब राज्य इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। सत्य यह है कि इन राज्यों ने इंडिया अलायन्स अब मिल कर काम नहीं करेगी।

भारतीय राजनीति में राम तभी आएंगे जब सत्ता हथियाने, मंत्रीवाद और भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारतीय राजनीति का नि:स्वार्थ होना भी उतना ही आवश्यक है। सत्ता के लिए कोई भी चलता है। वर्तमान राजनीति में पहले उनके खिलाफ बोलने वाले को भी अपना बना लेने की क्षमता है इसलिए उस वक्त की गई आगजनी महज एक नौटंकी है। ये तो कहना ही ठीक रहेगा। क्योंकि ऐसा समय लाया जाता है।

संवैधानिक तरीकों से चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं रह गया है। इसे औपचारिकता के रूप में देखना और निभाना ही रह गया है। क्योंकि अगर भाजपा सत्ता में नहीं आई तो कब असंवैधानिक रास्ता अख्तियार कर लेगी, इसका कोई ठिकाना नहीं। इसलिए चुनाव कराने की पद्धति पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए जिससे लोगों का समय और पैसा बचेगा। अगर वह बच भी गया तो उससे कई विकास कार्य कराए जा सकते हैं।

नौकरी बदलते समय पिछली कंपनी का नोटिस पीरियड पूरा करना होता है। यह एक व्यापारिक सत्य है। लेकिन राजनीति में जो व्यक्ति सुबह एक गठबंधन में मुख्यमंत्री होता है, वह शाम को दूसरे गठबंधन में आसानी से मुख्यमंत्री बन सकता है। यह देश ने बिहार की राजनीति के रूप में देखा है।

भगवान श्री राम अयोध्या में विराजमान हैं। प्रभु से विनम्र प्रार्थना है कि भारतीय राजनीति शुद्ध हो। और लोगों को नि:स्वार्थ नेता मिले जो हमेशा जनहित को ध्यान में रखते हैं और ईमानदारी से काम करते हैं। सर्वत्र निरंकुशता व्याप्त है। लोग गंदी राजनीति से तंग आ चुके हैं। लोकतंत्र की स्थिति का मजाक बनाकर रख दिया गया है यह स्पष्ट है। आपने रावण का विनाश किया और प्रजा को उसके ताप से मुक्ति दिलाई। साथ ही, भारत को भ्रष्टाचार, रहस्यमय राजनीतिक समझौतों नामक अजगर के चंगुल से मुक्त कराया जाना चाहिए और इस भारत को पूर्व गौरव प्राप्त करवाने हेतु जनता से मन से प्रयास हो।

**- जयेश राणे, मुंबई महाराष्ट्र**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## समुद्री यात्री जहाज व वाटर टैक्सी की टक्कर, दो की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में मनीला के दक्षिणी प्रांत बटांगस के पास बुधवार दोपहर समुद्री यात्री जहाज और वाटर टैक्सी की टक्कर में दो फिलीपीनी नागरिकों की मौत हो गई और अन्य दो विदेशी यात्री घायल हो गए। फिलीपींस तट रक्षक (पीसीजी) गार्ड ने कहा कि यह दुर्घटना बटांगस शहर के मटोको पाइंट में आज अपराह्न स्थानीय समय 12:30 बजे यात्री जहाज एमवी ओशन जेट 6 और एक जल टैक्सी (वाटर टैकसी) की आपस में जोरदार टक्कर हुयी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और अन्य दो विदेशी यात्री घायल हो गए।

# देश विदेश

# भ्रष्टाचार के मामले में इमरान को 14 साल की कैद



- पत्नी बुशरा बीबी को भी सुनाई जेल की सजा
- आठ फरवरी को है पाकिस्तान में आम चुनाव

**इस्लामाबाद,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 10 साल की कैद की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री का पद गंवा चुके श्री खान भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद पहले से ही तीन साल की जेल की सजा काट रहे हैं।

इससे पहले मंगलवार को उन्हें सरकारी राज़ लीक करने के मामले में सज़ा सुनाई गयी थी और आज भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में 14 साल की सज़ा सुनाई गई। श्री इमरान ने कहा है कि उनके खिलाफ कई मामले राजनीति से प्रेरित हैं।बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक श्री खान को यह सजा पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनावों से ठीक एक सप्ताह पहले सुनायी गयी है। इस वजह से वह खुद चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसके साथ ही अपनी पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के लिए प्रचार भी नहीं कर पाएंगे।माना जा रहा है कि उनके खिलाफ सजाएं एक साथ सुनाई जाएंगी। पिछले अगस्त में गिरफ्तारी के बाद से श्री खान ज्यादातर अदियाला जेल में रहे हैं। बुधवार के फैसले के बाद उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने भी जेल में आत्मसमर्पण कर दिया। गौरतलब है कि श्री इमरान के प्रधानमंत्री चुने जाने से कुछ महीने पहले 2018 में दोनों ने शादी की थी।उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया था कि उन्होंने कार्यालय में मिले सरकारी उपहारों को निजी लाभ के लिए बेच दिया है। चौदह साल की जेल की सजा के साथ उन्हें 1.5 अरब रुपये से अधिक का जुर्माना देने का भी आदेश दिया गया है।श्री खान की पार्टी पीटीआई ने बुधवार को कहा कि सजा का मतलब यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री को सार्वजनिक पद संभालने के लिए 10 साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। पार्टी के एक प्रवक्ता ने इस फैसले का वर्णन इस प्रकार किया, '' हमारी न्यायिक प्रणाली के इतिहास में एक और दुखद दिन, जिसे (न्यायपालिका) नष्ट किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अदालत के फैसले की आलोचना की थी। एक न्यायाधीश ने उन्हें एक वर्गीकृत दस्तावेज़ का खुलासा करने और राजनयिक संबंधों को नुकसान पहुंचाने का दोषी पाया था।

## बस व ट्रेलर की टक्कर में 19 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तरी मेक्सिको में माजातलान-कुलियाकन राजमार्ग पर एक डबल डेकर यात्री बस के ट्रेलर से टकरा जाने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। सिनालोआ राज्य की अटॉर्नी जनरल सारा ब्रूना क्विनोनेज़ एस्ट्राडा ने इसकी पुष्टि की। अटॉर्नी जनरल सारा ब्रूना क्विनोनेज एस्ट्राडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि दुर्घटना स्थल एलोटा नगर पालिका में है। बस से अब तक 19 शव निकाले जा चुके हैं। उन्होंने कहा, अभी भी हमारे पास यात्रा करने वाले लोगों की कुल संख्या नहीं है। उन्होंने कहा कि टक्कर के बाद बस में आग लग गई और शव इतने जल गए कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। बाद के एक बयान में, सिनालोआ की सरकार ने कहा कि बस ग्वाडलाजारा और लॉस मोचिस के बीच यात्रा कर रही थी जब मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 5-15 बजे दुर्घटना हुई।

## इजरायली सेना ने गाजा के अल अमल अस्पताल पर हमला किया

**गाजा,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। फ़िलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि इज़रायली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा। गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इज़रायली गोलाबारी देखी गयी थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुयी थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं



हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। इस बीच, रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने मंगलवार को गाजा पट्टी में लड़ाई के बीच नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान किया। समिति ने एक बयान में कहा, अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

## सुडोकू 6453

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 4 | | 5 | 2 | |
| | | 5 | 7 | 2 | 1 | | | 3 |
| 3 | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 4 | 1 | | 2 |
| | 2 | 1 | 6 | | 8 | 4 | 9 | |
| 5 | | 4 | 2 | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | | 4 | 7 |
| 2 | | | 4 | 5 | 9 | 3 | | |
| | 4 | 3 | | 7 | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 1 फरवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष -व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

वृषभ -आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। पेट सम्बंधित रोग से भी मन चिंतित रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। हालांकि कोई पुरानी चिंता दूर होगी।

मिथुन -आज आप में ताजगी का अभाव रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की भी संभावना है। स्थायी संपत्ति को लेकर आज आपके प्रयास सही दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे। आकस्मिक धन की संभावना रहेगी।

कर्क -किसी भी काम को बिना विचारें ना करें। आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो सकता है। उनके प्रेम से आप में आनंद में वृद्धि होगी। विरोधियों के सामने मजबूत मनोबल से टिके रहेंगे।

सिंह -आज बौद्धिक क्षमता से किसी खास चर्चा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे, हालांकि वाद-विवाद टालें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कन्या -आप के वाणी के प्रभाव से कोई विशेष काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। इससे अन्य लोगों के साथ आपके प्रेम संबंध बढ़ेंगे। किसी पर्यटन का कार्यक्रम बना सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आप को लाभ होगा।

तुला -क्रोध को वश में रखकर स्वभाव को नरम बनाए रखें। वाणी पर संयम रखने से वातावरण को शांत रखने में आप सफल हो सकते हैं। नियमों से जुड़ी बातों और निर्णयों को सोच-समझकर करें।

वृश्चिक -जीवनसाथी की तलाश के लिए आज का दिन शुभ है। आय और व्यापार में वृद्धि के योग हैं। मित्रों के साथ प्रवास पर घूमने जा सकते हैं। जहां आपका समय काफी आनंदपूर्वक गुजरेगा।

धनु -आज आपकी कार्य की योजनाएं अच्छी तरह से पूरी होगी। व्यापार में भी सफलता मिलेगी। कार्यालय में वातावरण अनुकूल रहेगा। परिश्रम के अनुसार पद में भी उन्नति होगी। परिवार में भी आनंद-उल्लास बना रहेगा।

मकर -आज विदेश जाने के इच्छुक लोगों का प्रयास सफल हो सकता है। धार्मिक यात्रा पर जाना होगा। परिजनों में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहेगा। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

कुंभ -नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बाहर खाने-पीने से आज आपको बचना चाहिए। अपनी वाणी पर संयम रखने से आप किसी के साथ उग्र चर्चा अथवा मनमुटाव को टालने में सफल हो सकेंगे।

मीन -व्यवसाय में भागीदारी से आप को लाभ होगा। किसी मनोरंजन स्थल पर स्नेहीजनों के साथ जाने का कार्यक्रम बनेगा। दोपहर के बाद परिस्थिति में परिवर्तन का अनुभव आप करेंगे। आज किसी नए काम की शुरुआत ना करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट लगी आग

**टोक्यो,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। स्थानीय पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। स्थानीय अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कोयले के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, साथ ही तीन क्षेत्रों से काला धुआं उठता देखा गया है। आग बुझाने के प्रयास अब भी जारी हैं। विस्फोट स्थल से लगभग 300 मीटर दूर एक व्यक्ति ने एक स्थानीय प्रसारक को बताया कि 'तेज आवाज' हुई, जिसके कुछ सेकंड बाद 'भूकंप जैसा झटका' आया।

# स्वीडन ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी की फंडिंग रोकी

- यूएनआरडब्ल्यूए को 38.4 मिलियन डॉलर देने का वादा किया था

**स्टॉकहोम,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। स्वीडन ने कहा है कि उसने इजरायल के इन आरोपों के बाद फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की फंडिंग को अस्थायी रूप से रोक दिया है कि उसके कर्मचारियों ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले में भाग लिया था।स्वीडिश टेलीविजन (एसवीटी) ने मंगलवार को बताया कि स्वीडिश इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोऑपरेशन एजेंसी (एसआईडीए) ने फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को अपना भुगतान रोक दिया है।एसवीटी की रिपोर्ट के अनुसार, स्वीडिश सरकार ने इस साल यूएनआरडब्ल्यूए को 400 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (38.4 मिलियन डॉलर) देने का वादा किया था, लेकिन 31 मिलियन क्रोनर फिलहाल रोक दिया है।समाचार एजेंसी



श ?न्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कहा गया है कि रोकी गई धनराशि विश्व खाद्य कार्यक्रम और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति जैसे संगठनों को दी जाएगी।

यूएनआरडब्ल्यूए ने पिछले शुक्रवार को कहा कि उसने इसमें शामिल स्टाफ सदस्यों के अनुबंधों को तुरंत समाप्त करने और जांच शुरू करने का फैसला किया है।

एसआईडीए के एक प्रेस अधिकारी जोहान तजेर्नेंग ने एसवीटी को बताया, हम चल रही जांच के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं और इसके तैयार होने तक कोई पैसा नहीं देंगे।अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया सहित देशों ने पहले ही कहा है कि वे यूएनआरडब्ल्यूए के लिए फंडिंग को अस्थायी रूप से निलंबित कर देंगे।

## नेपाल ने चीनी एनजीओ के प्रमुख को 'ओवरस्टे' के लिए निर्वासित किया

**काठमांडू,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। नेपाल सरकार ने हाल ही में एक चीनी महिला को निर्वासित कर दिया, जो नेपाल के अंदर एक



एनजीओ चला रही थी और देश में अवैध रूप से रह रही थी। चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट नाम के एक एनजीओ चलाने वाली ज़ो झिकियांग का तब विवाद शुरू हो गया जब एक माओवादी नेता गोरख बहादुर केसी ने पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट में राहत वितरण के दौरान कथित तौर पर उनकी पिटाई कर दी। चीनी एनजीओ की ओर से झिकियांग राहत वितरण के लिए जाजरकोट पहुंची थी, लेकिन गोरख बहादुर केसी सहित स्थानीय माओवादी नेताओं ने राहत सामग्री को घटिया सामान बताते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया। बाद में, उसने स्थानीय पुलिस स्टेशन और नेपाल में सत्तारूढ़ पार्टी सीपीएन (माओवादी सेंटर) में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि केसी और उनकी टीम ने महिला को तब पीटा जब वह जाजरकोट में राहत वितरण के लिए जा रही थी। जाजरकोट में 3 नवंबर को आए भूकंप में 150 से ज्यादा लोग मारे गए थे। जब वह राहत सामग्री बांटने जा रही थी तो स्थानीय माओवादी नेता केसी के एक साथी ने उसकी मौके पर ही पिटाई कर दी। केसी और अन्य माओवादी नेताओं ने उन पर घटिया राहत सामग्री वितरित करने का आरोप लगाया और कहा कि चीनी राहत सामग्री भ्रष्टाचार का हिस्सा है। बाद में माओवादी केंद्र की केंद्रीय समिति ने केसी से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि उन्होंने चीनी नागरिक की पिटाई क्यों की। केसी ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने उन पर कुछ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं और पार्टी महासचिव गुरुंग राहत वितरण में भ्रष्टाचार में शामिल थे। गुरुंग को माओवादी पार्टी के चीनी समर्थक नेता के रूप में जाना जाता है।

## मंगोलिया में गैस टैंक विस्फोट, पांच की मौत

**उलानबटोर,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। मंगोलिया में हाल ही में हुए गैस टैंक विस्फोट में बुधवार को एक और व्यक्ति की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। नेशनल ट्रॉमा एंड ऑर्थोपेडिक रिसर्च सेंटर के मुताबिक, विस्फोट के कारण शरीर का 90-95 प्रतिशत से अधिक जल जाने के कारण अस्पताल में भर्ती एक नागरिक की अस्पताल में मौत हो गई। केंद्र ने एक बयान में कहा, कथित तौर पर 60 टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस ले जा रहे एक टैंकर में पिछले सप्ताह एक वाहन दुर्घटना के कारण राजधानी के दक्षिण-पूर्वी जिले बायनज़ुरख में एक चौराहे पर विस्फोट हो गया। विस्फोट के दौरान 10 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि 30 से अधिक वाहन जल गए और विस्फोट के कारण आसपास की कई इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। मंगोलिया के राष्ट्रीय जनरल अभियोजक कार्यालय ने घटना की जांच के लिए 100 से अधिक लोगों की एक टीम गठित की है।

## वर्ग पहेली 6453

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. उतार-चढ़ाव से नीचे आना, संगीत में स्वरों के ऊपर से नीचे आने का क्रम
३. सलाह
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. अनीश्वरवादी
७. गहरापन, गहरेपन की नाप
८. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
१३. बेमिसाल
१५. घुड़साल
१६. कभी-कभी
१७. गिरवी, बंधने, पकड़ने वाला
१८. गर्व, अभिमान
२०. गूंज, प्रतिध्वनि
२२. विष्णु
२३. मिठास, मीठापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपना बनाना, अंगीकार करना, ग्रहण करना
२. रुचिकर होने का भाव, दिलचस्पी
३. पुष्प की पराग का बिखरना, पुष्प पर पराग का फैल जाना
४. हवाई किला, मन के लड्डू
५. जोर की आवाज, भारी वस्तु के गिरने की आवाज़
९. रसीला, रसदार
१०. आग्रह, विचार, प्रार्थना, फरमाईश
११. मरा हुआ
१२. चट्टान का टुकड़ा,
१४. गिरफ्त में लेना, बंदी बनाना
१७. अनुपजाऊ और कृषि के अयोग्य भूमि
१९. देवालय
२०. एक उपसर्ग, नकल, बहुत सी पुस्तकों में से एक
२१. बल, जान, सांस (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6452

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | दा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क्र | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | ति | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | झ | ■ | प्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्र | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1732- राट्सबॉन्स की संसद ने व्यावहारिक प्रतिबंध स्वीकार किया।
1783- विलियम हर्षेल ने लम्बेडा हरकुलिस को स्टार के रूप में घोषित किया।
1785- वॉरेन हेस्टिंग्स ने काउंसिल की बैठक में अंतिम बार हिस्सा लिया। बैठक के बाद बंगाल के गवर्नर जनरल पद से इस्तीफा दिया।
1793- फ्रेंच क्रांतिकारी युद्ध- फ्रांस ने ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1797- लार्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल के गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली।
1814- फिलीपींस में मेयॉन ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत
1827- बंगाल क्लब ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई।
1835- ईस्ट इंडिया कंपनी ने दार्जिलिंग क्षेत्र को सिक्किम से लीज पर लिया।
1835- मॉरीशस में दासता समाप्त की गई।
1842- विलमेट विश्वविद्यालय सलेम के ओरेगन में स्थापित किया गया।
1855- ईस्ट इंडिया रेलवे का ऑफिशियल उद्घाटन किया गया।
1856- ऑबर्न विश्वविद्यालय को पहली बार पूर्वी अलबामा पुरुष कॉलेज के रूप में किराए पर लिया गया था।
1881- दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित और पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन की स्थापना हुई।
1884- डाक बीमा योजना की शुरुआत हुई थी।
1884- ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का पहला वॉल्यूम प्रकाशित हुआ।
1908- पुर्तगाल के राजा कार्लोस (प्रथम) और उनके बेटे राजकुमार लुइस फिलीप की लिस्बन में हत्या।

**तैयारी** हाउती हमलों से बचाने के लिए शुरू होगा अभियान

# लाल सागर में अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

**मॉस्को,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हाउती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले संवाददाताओं से कहा, लाल सागर में दुःखद सुरक्षा चुनौती, हाउती के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय लिया जाएगा।

सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा। जो लोग भाग नहीं लेना चाहते उन्हें बस अलग हटना होगा और हम बहुत जल्दी इसमें भाग लेंगे। मुझे उम्मीद है कि 17 फरवरी को मिशन की शुरूआत की जा सकती है। श्री



बोरेल ने कहा कि नेताओं को यह तय करना होगा कि कौन सा देश कमान संभालेगा, मिशन का मुख्यालय कहां स्थित होगा और सदस्य देश कौन सी विशिष्ट नौसैनिक साजों सामान प्रदान करेंगे। हाउती ने नवंबर 2023 में गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद करने तक इज़रायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई है। इसने अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन को लाल सागर में नेविगेशन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन के निर्माण की घोषणा करने के लिए प्रेरित किया। बाद में अमेरिका और ब्रिटेन ने वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की विद्रोहियों की क्षमता को कम करने के लिए हाउती ठिकानों के खिलाफ बड़े हमले शुरू किए।

## हाउती ने अमेरिका के विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली पर किया हमला

**सना।** यमन के विद्रोह समूह हाउती ने बुधवार को कहा कि उसके आंदोलन ने लाल सागर में अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली पर एक और हमला किया है। हाउती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने टेलीविजन पर संबोधन में कहा, हमारे नौसैनिक बलों ने लाल सागर में अमेरिकी विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली पर मिसाइलें दागीं। उन्होंने कहा, लाल और अरब सागर में अमेरिकी और ब्रिटेन के जहाजों पर हमला हमारी कार्रवाई का लक्ष्य होता है। उन्होंने जोर दिया कि यमन की सेना गाजा पट्टी में शत्रुता समाप्त होने तक लाल और अरब सागर के माध्यम से इजरायल से जुड़े जहाजों या इजरायली बंदरगाहों के लिए जाने वाले जहाजों के मार्ग को अवरुद्ध करना जारी रखेगी।

## दुनिया को जानें

# चीन में बर्फीले तूफान को लेकर ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। चीन के मौसम विज्ञान प्राधिकरण ने बुधवार को देश के कुछ क्षेत्रों में भारी हिमपात के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि आज सुबह से गुरुवार की सुबह तक शानक्सी, शांक्सी, हेबेई, हेनान, शेडोंग और जियांग्सू के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान का प्रकोप रहेगा , जिससे दो सेंटीमीटर से पांच सेंमीटर तक हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने अधिकारियों को वसंत महोत्सव यात्रा (चुनयुन) पर प्रतिकूल मौसम के असर पर ध्यान देने की सलाह दी है। इस मौके पर दौरान लाखों लोग अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए घर लौटेंगे। केंद्र ने पैदल चलने वालों और चालकों को बर्फीले मौसम के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है और स्थानीय अधिकारियों से सड़क, रेलवे, बिजली और दूरसंचार के संबंध में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि चीन में चार स्तरीय रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर मौसम का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

# प्रादेशिकी

### सैनिक राजेंद्र सिंह का पार्थिव शरीर पंच तत्व में विलीन

**कोटद्वार।** सिक्किम आर्मी सप्लाई कोर में तैनात सैनिक राजेंद्र सिंह (42) का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह कोटद्वार के जशोधरपुर स्थित उनके आवास पर लाया गया। यहां से से पूरे सैनिक सम्मान के साथ पार्थिव शरीर कोटद्वार के मुक्तिधाम में ले गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैनिक राजेंद्र सिंह की सिक्किम में संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि वह अपने स्लीपिंग बैग में सो रहे थे। और अगले दिन वह सुबह मृत अवस्था में मिले।

## वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी विधायक प्राथमिकताएं: सक्खू



■ यूआईडीएफ के तहत शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण व वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी विधायक प्राथमिकताएं: मुख्यमंत्री

**शिमला,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने, आज यहां वार्षिक योजना 2024-25 के लिए विधायक प्राथमिकताओं पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। दूसरे दिन के पहले सत्र में जिला कांगड़ा, किन्नौर तथा कुल्लू के विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं आरम्भ की गई हैं। सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के उपेक्षित वर्ग को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन-यापन कर सकें।

उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन स्तर को उपर उठाने एवं स्थानीय विकास में इन बैठकों का विशेष महत्व है। वार्षिक योजना 2024-25 में प्रत्येक विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित पांच प्राथमिकताएं प्रस्तावित कर सकते हैं। इनमें सड़कें एवं पुल, लघु सिंचाई योजनाएं, ग्रामीण पेयजल/मल निकासी की एक-एक योजना अथवा किसी एक मद में तीन अथवा दो प्राथमिकताएं प्रस्तावित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रख-रखाव से सम्बन्धित एक प्राथमिकता तथा परिवहन विभाग के अन्तर्गत चार्जिंग स्टेशन सहित इलैक्ट्रिक-बस चलाने के लिए विधायक एक प्राथमिकता शामिल कर सकते हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नाबार्ड से ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आर.आई.डी.एफ.) के तहत केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण योग्य गतिविधियां ही पात्र हैं। ऐसे में नगर निगमों के अन्तर्गत आने वाले शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण, वित्त पोषण के लिए एवं विषम क्षेत्रीय विकास की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा सम्बन्धित विधायकों से प्राथमिकताएं मांगकर शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) के तहत वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन स्वीकृतियों के मामलों में तेजी आई है। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली एफसीए तथा एफआरए केसों की समीक्षा बैठकों में संबंधित विधायक को भी बुलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य सरकार ने विधायक निधि से भूमिगत केबल बिछाने तथा मुख्यमंत्री लोक भवन के निर्माण कार्य के लिए भी धन उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि आय के साधन बढ़ें और प्रदेश आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत परिवहन निगम की बसों को ई-बसों से चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है तथा राज्यभर में ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमित संसाधनों से आर्थिकी पर बोझ जरूर बढ़ा है, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत तक सुधार भी आया है।

**जिला कांगड़ा :** नूरपुर से विधायक रणबीर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण का आग्रह किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र खुखलेड़ के निर्माण तथा सदवां उप-तहसील के नए भवन के निर्माण, भूमि-कटाव रोकने के लिए चक्की और जबर खड्ड में चैनलाइजेशन का आग्रह किया। उन्होंने नशा माफिया पर लगाम लगाने पर भी सुझाव दिए। इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन ने अपने चुनाव क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने, बसंतपुर स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाने तथा नए शिक्षण संस्थान खोलने की बजाय पुराने संस्थानों को सुदृढ़ करने का आग्रह किया। उन्होंने आईटीआई गंगथ में नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने, बहुतकनीकी कॉलेज खोलने तथा भदरोहा में पुलिस चौकी खोलने की मांग की। उन्होंने नशा तथा खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। फतेहपुर से विधायक भवानी सिंह पठानिया ने निर्माणाधीन रे कॉलेज तथा संयुक्त कार्यालय भवन फतेहपुर के कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने फतेहपुर में विद्युत बोर्ड का वृत्त कार्यालय खोलने तथा शाह नहर की मरम्मत के लिए समुचित धनरशि उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया। देहरा से विधायक होशियार सिंह ने क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा बेहतर वन प्रबंधन से आर्थिक संसाधन बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने इमारती लकड़ी पर आधारित उद्योग स्थापित करने तथा प्रदेश के मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर्ची के माध्यम से राजस्व बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने लगभग 7000 पौंग बांध विस्थापितों के मुद्दे को केंद्र सरकार से उठाने का आग्रह भी किया।

## कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी : कश्यप



**शिमला,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी सरकार है।

जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में कर्मचारी सड़कों पर है और अपना अधिकार मांग रहा है उसे पूर्ण रूप से स्पष्ट होता है कि यह सरकार कर्मचारी विरोधी है। हिमाचल प्रदेश में सभी वर्गों के कर्मचारी चाहे वह डॉक्टर, आईपीएस, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, आउटसोर्स, एसएमसी, एचआरटीसी, बिजली बोर्ड, पेंशन भोगी, सभी निगम और बोर्ड सभी परेशान और हताश है।

उन्होंने कहा की पेंशनरों को राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पूर्ण आशा थी कि पेंशनरों के देय आर्थिक लाभों पर कोई घोषणा होगी, परंतु पेंशनरों को निराशा ही मिल पाई। उम्मीद थी कि पेंशन संशोधन की 80 फीसदी बकाया राशि, ग्रेच्युटी, लीव-एन-कैशमेंट, कम्युटेशन, महंगाई भत्ते की किस्तें, चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बज़ट न मिलना आदि को पूरा करने हेतु कम से कम महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने की घोषणा तो हो जाएगी। नई सरकार का कार्यकाल एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है, परंतु वरिष्ठ पेंशनरों के प्रति सरकार की उदासीनता बढ़ती जा रही है। इलाज़ के लिए अपनी जेब से खर्च की गई राशि के दौरान लाखों के चिकित्सा बिलों का वर्षों से विभागों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। बहुत से पेंशनर या फैमिली पेंशनर इस दुनिया को छोड़ चुके हैं। मृतक पेंशनरों के वैधानिक उत्तराधिकारियों को सरकार की ओर से अभी तक एक पैसा तक नहीं मिल पाया है।

उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा शास्त्री पद के लिए आरएंडपी में बदलाव किया गया है। इसके खिलाफ बेरोजगार शास्त्रियों ने शिमला में संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के बैनर तले सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संघ ने सरकार पर संस्कृत को बढ़ावा देने की बजाय इसको खत्म करने के आरोप लगाए हैं। भारतीय जनता पार्टी इस बात से सहमत है। सरकार ने शास्त्री पदों के लिए एनसीटीई का हवाला देकर आर एंड पी रूल बदल दिए हैं जिससे शास्त्रियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। सरकार ने शास्त्री पदों के लिए बीए के साथ संस्कृत और बीएड को मान्यता दे दी है और शास्त्रियों को बीएड करने को कहा जा रहा है। जबकि चार से पांच हजार शास्त्री प्रदेश में बेरोजगार हैं।

कश्यप ने कहा की स्थायी पॉलिसी की मांग को लेकर एसएमसी शिक्षकों ने एक बार फिर क्रमिक अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। हम इन कर्मचारियों के साथ है। प्रदेश में 2555 शिक्षक अभी तक अपने हकों के इंतजार में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उनके लिए कैबिनेट सब कमेटी बन गई है। 28 जून 2023 को सरकार की ओर से कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया था लेकिन यह कमेटी आज तक नहीं बनी। इसके बाद एमएमसी के सदस्य दोबारा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिले।

**सार संक्षेप**

### खाई में गिरी बेकाबू कार, घूमने आए पति पत्नी घायल

**मसूरी।** मसूरी देहरादून मार्ग पर सोमवार देर रात को कोलूखेत के पास एक टैक्सी कार यूके 07 टीडी 0114 अनियंत्रित होकर पहाड़ी से गिर गई। हादसे में टैक्सी में सवार सुखविंदर और उनकी पत्नी चरणजीत कौर निवासी संजय कॉलोनी पटेल नगर देहरादून घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से देहरादून हायर सेंटर अस्पताल भेजा गया। मसूरी पुलिस ने बताया कि सुखविंदर अपनी पत्नी चरणजीत कौर के साथ मसूरी घूमने के लिये आये थे। वापस देहरादून जाते समय कोलूखेत हनुमान मंदिर मसूरी रोड के पास उनकी कार सड़क से नीचे गिर गई। हादसा होने की सूचना पाकर मसूरी पुलिस 108 एंबुलेस के साथ घटना स्थल पर पहुंची। दोनों घायलों को रेस्क्यू कर पहाड़ी से निकाला गया। एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को जिला अस्पताल कोरोनेशन देहरादून के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

### प्रदेश भर में बारिश के आसार

**देहरादून।** प्रदेश भर में 31 जनवरी और एक फरवरी को बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। इसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 31 जनवरी को प्रदेश भर में गर्जन और बिजली चमकने के साथ बारिश होने के आसार हैं। जबकि पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। ऐसा ही हाल फरवरी के शुरुआत में भी देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, पश्चिमी विक्षोभ के बढ़ने से बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इससे तापमान पर भी असर पड़ेगा। हालांकि आने वाले दिनों में सामान्य तापमान में ज्यादा गिरावट दर्ज नहीं की जाएगी।इस साल दिसंबर-जनवरी में कोल्ड डे ने नया रिकॉर्ड बनाया है। यही वजह रही कि लोगों को पहाड़ से ज्यादा मैदानों में ठंड ने सताया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आमतौर पर इन दोनों महीनों में बारिश-बर्फबारी होने से शीत दिवस की संभावना कम होती है। लेकिन इस बार बारिश न होने से चार-पांच दिन शीत दिवस जैसी स्थिति रही।

### राष्ट्रपिता को सीएम धामी ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के दिए उपदेश आज भी प्रासंगिक है। उनके आर्दशों पर चलकर युवा देश में सभ्य समाज का निर्माण कर सकते है।

### सुडोकू 6452 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

## नैनी सैनी एयरपोर्ट से शुरू हुई हवाई सेवा



**पिथौरागढ़,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। पिथौरागढ़ में स्थित नैनी सैनी हवाई पट्टी से मंगलवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हवाई सेवा का शुभारंभ किया। इससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।

धामी सरकार के प्रयासों के फलस्वरुप मंगलवार को बहुप्रतीक्षित ष्पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवाष् का शुभारंभ हो चुका है। इस हवाई सेवा के शुरू होने से जहां स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होना जिले के लोगों के लिए सपना बन गया था। हवाई सेवा शुरू करने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन तक हुए। पिछले वर्ष पिथौरागढ़ के विधायक मयूख महर धरने पर तक बैठ गये थे। हर चुनाव में नैनी सैनी से हवाई सेवा शुरू करने को लेकर राजनीति दलों के द्वारा जमकर राजनीति भी की गयी। वहीं इसके माध्यम से सीमांत क्षेत्र का पर्यटन भी और अधिक विस्तारित होगा, जिससे स्थानीय लोगों की। आखिरकार मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फ्लाई बिंग कम्पनी के 19 सीटर विमान से नैनी सैनी पहुंचकर हवाई सेवा शुभारंभ किया। एयरपोर्ट मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि फ्लाई बिंग कम्पनी के द्वारा दो फरवरी से हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन शुरू की जा रही है। सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को नैनी सैनी एयरपोर्ट से जहाज उड़ेंगे। पिथौरागढ़ से देहरादून और पिथौरागढ़ से पंतनगर तक सेवा शुरू होगी।

## अरब हेल्थ 2024 एक्सपो में 2300 करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, हिमाचल में निवेश का धरातल तैयार हुआ

**शिमला,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की ओर से अरब हेल्थ 2024 में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए गए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मेडिकल डिवाइस और फार्मा क्षेत्र के निवेशकों के साथ महत्वपूर्ण संबंध स्थापित हुए। इस दौरे के दौरान आज संभावित निवेशकों के साथ सफल बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित हुई। इस दौरे के दौरान 2300 करोड़ के निवेश संबंधी एमओयू हस्ताक्षरित हुए। उनका कहना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने में निवेशकों ने अत्यधिक रूचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, जापान और अन्य देशों की अग्रणी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले निवेशकों की ओर से हिमाचल में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच और निवेश संबंधी वातावरण से निवेशक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित हो रहे बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क से राज्य में मजबूत फार्मा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होगा।

उन्होंने निवेश प्रोत्साहित करने के संबंध में कहा कि बल्क ड्रग्स पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क दोनों के लिए विनिर्माण की लागत को कम करने के उद्देश्य से निवेशकों से समर्थन प्राप्त हुआ है। एक समारोह के दौरान शुरूआत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के रूप में हुई, जो चिकित्सा उपकरण, थोक दवा, पर्यटन, आयुष और हरित ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में होगी और जिसकी कुल कीमत 2300 करोड़ रुपये से अधिक है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान उपस्थित प्रमुखता से विधायक चंद्र शेखर, प्रधान सचिव आरडी नजीम, उद्योग विभाग के निदेशक राकेश कुमार प्रजापति, उद्योग विभाग के अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी पार्टनर एवं निदेशक पारस अरोड़ा, इसी कंपनी के वरिष्ठ सलाहकार दिनेश चौहान, वरिष्ठ सलाहकार भी मौजूद थे।

### एमओयू का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है

क्रमांक, सेक्टर, राशि करोड़ में
1 बल्क ड्रग, 1100 करोड़
2 चिकित्सा उपकरण, 295 करोड़
3 पर्यटन/आयुष, 350 करोड़
4 हरित ऊर्जा, 350 करोड़
5 हेल्थकेयर, 250 करोड़
कुल, 2300 करोड़

## अधेड़ की हत्या कर शव नाले में फेंका

**हरिद्वार।** मंगलौर क्षेत्रांर्तगत गाँव के एक नाले में खून से लथपथ अधेड़ का शव मिलने से पूरे गाँव मे सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और जल्द खुलासा करने की बात कही गयी है। बताया जा रहा है कि मृतक अधेड़ की हत्या उसके घर में ही की गयी थी क्योंकि उसका बिस्तर खून से सना हुआ मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह मंगलौर कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहम्मद पुर जट्ट गांव के एक नाले में शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं सूचना के बाद एसएसपी हरिद्वार, एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, सीओ मंगलौर आदि मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव 54 वर्षीय रमेश पुत्र घसीटा का है जिसकी किसी धारदार हथियार से हत्या की गई है। पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि पुलिस गहनता से पूरे मामले की जाँच कर रही है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि आज प्रात: गांव मोहम्मदपुर जट्ट के एक व्यक्ति रमेश पुत्र घसीटा जो अविवाहित थे व अकेले ही रहते थे (उम्र 56 वर्ष) की हत्या कर हत्यारों ने उसका शव गांव के नाले में फेंक दिया गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की और वह मृतक के घर पहुंची जहां चारपाई पर खून व कुछ मांस के अवशेष थे। जिस पर पुलिस की फारेंसिंक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र करना शुरू किये और पुलिस जांच में जुट गयी है। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल, पुलिस अधीक्षक देहात स्वप्न किशोर, पुलिस अधीक्षक अपराधध्ट्रैफिक पंकज गैरोला, क्षेत्राधिकारी रुडकी पल्लवी त्यागी, एएसपी जितेंद्र मेहरा एवं फॉरेंसिक टीम, स्वान दल पहुंचे।

## पौड़ी में तैनाती रुड़की में ठेकेदार को किया 69 लाख का भुगतान




■ दूसरे के अधिकार क्षेत्र में काम करने के माहिर पेयजल निगम अभियन्ता संजय सिंह

■ मुख्य अभियन्ता पद पौड़ी में तैनात होने के बावजूद चहेते ठेकेदार को दून में दिया 4 करोड़ का लाभ

**देहरादून,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड पेयजल मुख्यालय में तैनात मुख्य अभियन्ता संजय सिंह का विवादों से लम्बा नाता रहा है। वह किसी ने किसी अवैध काम को लेकर चर्चाओं में रहते है। मंगलवार को भी उत्तरांचल प्रेस क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में भी उनके दो कारनामों का खुलासा हुआ है। उन्होंने अमृत योजना में रूड़की से स्थानान्तारण के बाद अपने चहते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए अधीक्षण अभियन्ता पौड़ी में तैनात होते हुए 70 लाख का भुगतान कर दिया। वहीं दूसरी ओर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए मोथरोवाला से आराघर तक बिछाई गई सीविर लाइन में ठेकेदार की ओर से सरकार व विभाग को दी जाने वाली प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी व एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी लगभग 7.49 करोड़ से घटाकर 2.81 करोड़ कर दी। जिसका अधिकार अधीक्षण अभियन्ता को होता है लेकिन संजय सिंह ने मुख्य अभियन्ता पौड़ी गढवाल रहते हुए इस कारनामें को अंजाम दिया। एडवोकेट शाहिद रजा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि मामला रुड़की के प्रोजेक्ट इंप्लीमेन्टशन यूनिट, अमृत योजना का है। जहां संजय सिंह अधिशासी अभियन्ता के पद पर तैनात थे और उनका प्रमोशन अधीक्षण अभियन्ता पद पर होने के बाद 1 जून 2021 को उनका स्थानान्तरण प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता निर्माण मण्डल पौड़ी में किया गया और उन्होंने 4 जून 2021 को पौड़ी में पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन अपने चहते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए उन्होंने प्रोजेक्ट इंप्लीमेन्टशन यूनिट, अमृत योजना रुड़की में 5 जून 2021 से लेकर 28 जून 2021 नौ बार में 69,92,826 रुपये का भुगतान अवैध तरीके से किया। क्योंकि स्थानान्तरण के बाद जो अधिशासी अभियन्ता तैनात किया जाएगा यह उसकी जिम्मेदारी होगी। प्रोजेक्ट इंप्लीमेन्टशन यूनिट, अमृत योजना को कोई अतिरिक्त प्रभार भी इंजीनियर संजय सिंह का नहीं दिया गया था। जिसकी शिकायत महाप्रबन्धक से की गई तों जांच में वित्तीय अनियमितता पाई गई और जांच अधिकारी ने एक जांच कमेटी बनाकर जांच करने की संस्तुति की।

दूसरा मामला आराघर से मोथरोवाला तक सीवर लाइन बिछाने में भी इंजीनियर संजय सिंह ने खेल किया है। अपने चहेते ठेकेदार को काम दिलाने के लिए मुख्य अभियन्ता गढ़वाल मंडल होते हुए देहरादून की आराघर से मोथरोवाला तक सीवर लाइन को पहले की गई निविदा निरस्त कराई गई जबकि मुख्य अभियन्ता मुख्यालय देहरादून को निविदा निरस्त करने का अधिकार था। जिस ठेकेदार को दूसरी बार निविदा निकालने पर काम दिया गया उसे प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी व एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी की तौर पर 7,49,39,715.94 रुपयेजमा करने थे लेकिन इंजीनियर संजय सिंह ने 2,81,08,260.00 रुपये जमा करने के लिए कहा। यह पत्र इंजीनियर संजय सिंह ने मुख्य अभियन्ता गढ़वाल रहते हुए पत्र लिख कर कहा।

## राधा रतूड़ी होंगी उत्तराखण्ड ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस



■ 31 जनवरी को रिटायर हो रहे है डा. संधु

■ 1988 बैच की आइएएस अधिकार है रतूड़ी

■ प्रदेश के कई महत्वपूर्ण पदों पर निभा चुकी है जिम्मेदारी

**देहरादून,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड का अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इसकी घोषणा हो गई है। वरिष्ठ आईएएस राधा रतूड़ी उत्तराखंड के मुख्य सचिव की कुर्सी संभालेंगी। वर्तमान मुख्य सचिव एसएस संधू के रिटायरमेंट के बाद राधा रतूड़ी उत्तराखंड में ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस होंगी। एसएस संधू के बाद राधा रतूड़ी उत्तराखंड में सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी हैं। इस समय राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव हैं। राधा रतूड़ी 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने प्रदेश में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां बखूबी संभाली हैं। वर्तमान में राधा रतूड़ी मुख्यमंत्री धामी के अपर मुख्य सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रही हैं। 31 जनवरी को जैसे ही वर्तमान मुख्य सचिव एसएस संधू रिटायर होंगे, राधा रतूड़ी उत्तराखंड की मुख्य सचिव बन जाएंगी। राधा रतूड़ी के नाम की घोषणा से पहले उत्तराखंड में मुख्य सचिव के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। चर्चा थी कि क्या एसएस संधू को फिर से सेवा विस्तार मिलेगा या फिर उनके बाद सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी उत्तराखंड में ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस बनेंगी। उत्तराखंड को अब पहली महिला मुख्य सचिव मिलने जा रही हैं। सीनियर आईएएस अधिकारी और शासन में अपर मुख्य सचिव के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रही राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी फिलहाल शासन में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी देख रही हैं। वो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सबसे करीबी अफसरों में शामिल हैं। उनके पास अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री की भी जिम्मेदारी है। मान मुख्य सचिव एसएस संधू रिटायर हो रहे थे। तब केंद्र सरकार से उन्हें 6 महीने का सेवा विस्तार मिल गया था।

### मुख्य सचिव डा. एसएस संधु को नहीं मिला सेवा विस्तार

राधा रतूड़ी के नाम की घोषणा से पहले उत्तराखंड में मुख्य सचिव के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। चर्चा थी कि क्या एसएस संधू को फिर से सेवा विस्तार मिलेगा या फिर उनके बाद सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी उत्तराखंड में ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस बनेंगी? दरअसल साल 2023 में 31 जुलाई को ही वर्तमान मुख्य सचिव एसएस संधू रिटायर हो रहे थे। तब केंद्र सरकार से उन्हें 6 महीने का सेवा विस्तार मिल गया था।

### राधा रतूड़ी होंगी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव

राधा रतूड़ी के नाम की आधिकारिक घोषणा के बाद उत्तराखंड को पहली महिला मुख्य सचिव मिल जाएगी। ऐसे में सीनियर आईएएस अधिकारी और शासन में अपर मुख्य सचिव के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहीं राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बन जाएंगी। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी फिलहाल शासन में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी देख रही हैं। वो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सबसे करीबी अफसरों में शामिल हैं। उनके पास अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री की भी जिम्मेदारी है। राधा रतूड़ी उत्तराखंड में विभिन्न जिम्मेदारियां में रह चुकी हैं। राज्य में कई जिलों की जिलाधिकारी के तौर पर उन्होंने जिम्मेदारी देखी है। महिला एवं सशक्तिकरण विभाग को उन्होंने लंबे समय तक देखा है। महिलाओं के विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी गंभीरता भी दिखाई दी है।

## अंगीठी के धुएं से दम घुटने पर तीन लोगों की मौत

नैनीताल, 30 जनवरी (देशबन्धु)। कोयले की गैस लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए कोयले की गैस वाले स्थान में हवा होनी जरूरी है। मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में हाईकोर्ट के समीप अस्थाई रूप से रहने वाले उत्तर प्रदेश(यू.पी.)के तीन मजदूरों की मौत हो गई। रविवार से अंगीठी में जलाई गई आग सोमवार देर रात तक जलती रही जिससे गैस उत्पन्न हो गई। इससे, तीनों मजदूर अपने अस्थाई ठिकाने में सोते रह गए। कमरे में हवा की जगह नहीं होने के कारण कोयले की गैस उन्हें लग गई और वह असहज हो गए। साथियों ने जब उन्हें देखा तो उन्हें तत्काल डेढ़ बजे रात बी.डी.पाण्डे अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने 25 वर्षीय राजकुमार और 21 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया, जबकि 21 वर्षीय मनिंदर को हल्द्वानी हायर सेंटर रैफर किया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार सवेरे मनिंदर ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि यह श्रमिक हाईकोर्ट में बन रहे एक निर्माण के लिए यू.पी. से आए थे और वह वहीं पास में अस्थाई निर्मित कमरे में रह रहे थे, जहां ठंड से बचाव के लिए जलाई गई अंगीठी की गैस से तीनों की जान चली गई। वरिष्ठ चिकित्सक एम.एस.दुगताल ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए जलाए गए कोयले की गैस घातक होती है और लापरवाही जान ले लेती है। उन्होंनें कहा कि कमरे में शुद्ध हवा के आने का स्थान जरूर होना चाहिए और बीच-बीच में वहां मौजूद लोगों ने बाहर जाकर शुद्ध हवा में सांस लेनी चाहिए।

# प्रादेशिकी

## 42 मोबाइल फोन सहित 11 शातिर चोर गिरफ्तार, महिलाएं भी शामिल

**फर्रुखाबाद,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने चोरी के 42 मोबाइल फोन सहित 11 चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों की सूचना मिलने पर कोतवाली मोहम्मदाबाद एवं थाना नवाबगंज पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। जिनमे केदार पुत्र भगवान सिंह निवासी मडला वदा थाना सिमर जिला इंदौर मध्य प्रदेश। देवी सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी 296/8 गली निवासी 09 पटेल नगर थाना पटेल नगर दिल्ली। करन पुत्र मोहन निवासी पंजाबी बस्ती बलजीत नगर थाना आनन्द पर्वत दिल्ली। सम्मी पुत्र मंशाराम निवासी प्रेमनगर शिव मदिर के पास थाना व मोहल्ला करोलबाग नई दिल्ली। अजय सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी 296/8 गली निवासी 9 पटेल नगर थाना पटेल नगर दिल्ली। किरन निवासी मध्य प्रदेश। शिभा निवासी दिल्ली। सुभद्रा निवासी मध्य प्रदेश। ऊषा निवासी मध्य प्रदेश।

# उत्तर प्रदेश में पहले की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या : योगी

**लखनऊ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में देश की बागडोर संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए उन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केंद्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों का किसान प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण भी अपना रहा है। इससे उनकी आय दोगुनी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे उत्तर प्रदेश का किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन का एक बड़ा माध्यम बना है। योगी ने मेले में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही मेले में लगे स्टालों का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 राज्यों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज का काम करेगा।

■ **मुख्यमंत्री ने सीमैप द्वारा किसान मेला का किया उद्घाटन**



**संसद के हर सत्र में उठता था मुद्दा : योगी आदित्यनाथ**

### उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरक : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरक है। साथ ही यहां प्रचुर मात्रा में जल की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारे 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान प्रदेश में मौजूद हैं। सीमैप निरंतर इन संस्थानों की विजिट करे। इससे संस्थानों में नवाचार और शोध को बढ़ावा मिलेगा।

## बूंदाबांदी के बाद गिरा तापमान, ठंड का प्रकोप जारी

**मेरठ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। आसमान में बादल व कोहरे का छाया रहा। बुधवार की दोपहर से बुदाबांदी शुरू होने के बाद ठंड और बढ़ गई है। मौसम ठंडा होने की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। ठंड से बचाव के लिए जिले के अधिकतर स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। बुधवार को बारिश से दिन का तापमान कम हो गया तथा दिन में ठंड बढ़ गई जिससे लोगों को घर मे रहना पड़ा।

जिन्हें आवश्यक काम या ड्यूटी करनी थी वहीं बाहर निकले। कई दिनों से बादल छाए रहने व बारिश होने से दिन का तापमान गिरावट आई। ड्यूटी के बाद लोगों को आने जाने में काफी परेशनियां उठानी पड़ी । लोगों ने घर के रहकर अलाव जलाकर ठंड दूर करने का प्रयास किया। मौसम के इस परिवर्तन के कारण अचानक ठंड बढ़ गई। पूरे दिन सूर्य नहीं दिखे इसके कारण हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई। प्रशासन की ओर से अधिकतर स्थानों में व्यवस्था नहीं की गई थी। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**लखनऊ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर योगी सरकार ने कमर कस ली है। पिछली बार की तरह ही इस बार भी लक्ष्य नकलविहीन परीक्षाओं का आयोजन कराना है। इसके लिए पुरानी व्यवस्थाओं के साथ-साथ नवीन पहल भी की जा रही हैं। इसी क्रम में इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से ट्रेन्ड किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी एक से एक बारीक बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। उल्लेखनीय है कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325)और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी बोर्ड परीक्षा में कुछ नए इनीशिएटिव्स लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं।

**हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को मास्टर्स ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण**

## जिला बार एसोसिएशन के विशेष आमंत्रित सदस्य बने जीशान सिद्दीकी

**मेरठ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। जिला बार एसोसिएशन लगातार अपनी मजबूती की ओर अग्रसर है। अधिवक्ताओं की विश्वसनीयता भी लगातार बढ़ती देखी जा रही है। इसी के साथ-साथ अब एसोसिएशन में एक और अधिवक्ता का चेहरा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जुड़ गया है। अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि निष्ठावान व ईमानदार अधिवक्ता जीशान सिद्दीकी को जिला बार एसोसिएशन, मेरठ की निर्वाचित प्रबंध समिति वर्ष 2023-24 में विशेष आमंत्रित सदस्य रूप में नामित किया गया है। इस मौके पर एडवोकेट जीशान सिद्दीकी ने जिला बार एसोसिएशन, मेरठ के अध्यक्ष रविन्दर कुमार सिंह व महामंत्री आनन्द कश्यप का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुझे एसोसिएशन जो भी जिम्मेदारी देगा उसे में हमेशा प्राथमिकता के साथ संभालने का कार्य करूंगा। उनकी नियुक्ति के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक संपन्न




**मेरठ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। दिसम्बर माह में प्राप्त 24 विभागों की कुल 59 शिकायत की निस्तारण आख्या पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने चर्चा की। जिस विभाग की निस्तारण आख्या गुणवत्तापरक नहीं थी उनको पुनः निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारी को आदेशित किया गया। जनवरी माह में जनपद के विभिन्न विभागों में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**मेरठ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत श्री शालिग्राम शर्मा स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज रासना, विकास खण्ड-रोहटा, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 12 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 10 हजार व अधिकतम 20 हजार रुपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। मेले में 302 अभ्यर्थियों में, जोकि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 126 अभ्यर्थियों का कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया।



## प्रधान लिपिक की सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित

**मवाना,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। नगर स्थित एएस इंटर कॉलेज के प्रधान लिपिक महकार सिंह की सेवानिवृत्ति होने के कारण विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक तथा प्रबंधन पवन कुमार रस्तोगी ने अपनी भागीदारी की कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रजनन कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने महकार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया, शाल उड़ाकर सम्मानित किया



■ **विद्यालय को एक वॉटर कूलर तथा दस पंखे भेंट किए**

प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि महकार सिंह ने 1989 में विद्यालय में कार्य करना प्रारंभ किया था आज 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्हें सेवानिवृत्ति दी गई इनके पिताजी राम सिंह मेरठ के जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुके हैं इनका व्यवहार समस्त विद्यालय परिवार के साथ हमेशा खुशनुमा एवं सहयोगात्मक रहा उसके उपरांत विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्ति साथी को नम आंखों के साथ विदाई दी और उनके दीर्घायु एवं स्वास्थ्य की मंगल कामना की सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक के द्वारा विद्यालय के छात्रों के लिए एक वाटर कूलर तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए 10 पंखे देने की घोषणा की विद्यालय की प्रबंध समिति ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुभारती विवि में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर का जलवा

**मेरठ,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव 2023-24 के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से आए युवा विद्यार्थियों ने शास्त्रीय व पाश्चात्य वाद्य यंत्रों के वादन, समूह गायन, एकांकी अभिनय, ललित कलाएँ जैसे कि पोस्टर कला, कार्टून कला, एवं मिट्टी के मॉडल निर्मित करना और वक्तत्व कला में उच्चस्तरीय प्रतिभा व कौशल प्रदर्शित किया। सुभारती परफार्मिंग आर्ट विभागाध्यक्षा एवं युवा महोत्सव की संयोजक डॉ.भावना ग्रोवर ने बताया हर वर्ष की भांति इस बार भी भारतीय विश्वविद्यालय संघ देश के विभिन्न जोन में अंतर्विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन कर रहा है। सेंट्रल जोन में 37 वें अंतर्विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2023-24 के आयोजन के लिए सुभारती विश्वविद्यालय को आयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं में शास्त्रीय वाद्य यंत्रों के वादन की प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के नन्दलाल बोस ललित कला विभाग में स्थित पंडित बिरजू महाराज नृत्य हॉल में किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 13 विश्वविद्यालय जिनमें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, राजा मान सिंह तोमर संगीत और कला विश्वविद्यालय ग्वालियर, और सुभारती भी शामिल हैं, के युवा विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए तबले की थाप और बांसुरी की मधुर तान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर डाला। उन्होंने बताया कि ललित कला विभाग में ही स्थित सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में पाश्चात्य वाद्य यंत्रों के वादन की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। बनारस हिन्दू विवि, अलीगढ़ मुस्लिम विवि, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि, देवी अहिल्या विवि, इंदौर, और सुभारती विश्वविद्यालय समेत 11 विश्वविद्यालयों ने इस स्पर्धा में हिस्सा लिया।



■ **सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**
■ **सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव का दूसरा दिन**


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–रजपुरा (मेरठ)।

**पत्रॉक** : 4544 /टेन्डर नोटिस/23–24 दिनॉक : 31–01–2024

**–:निविदा आमंत्रण सूचना:–**

एतद्द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदया उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र विकास निधि, सांसद निधि एंव विधायक निधि योजना से निम्न कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता दिनॉक 01–02–2024 से दिनॉक 07–02–2024 तक प्रातः 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से खाता संख्या प्राप्त कर खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के खाते में निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कराकर निविदा क्रय कर सकते हैं तथा दिनॉक 07–02–2024 अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन नं0, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नं0, शपथ पत्र, क्रास चैक संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता द्वारा 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर देनी होगी। शेष 8 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा स्वीकृति के समय एफ डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर जमा करनी होगी अन्यथा भुगतान के समय कटौती कर ली जाएगी। निविदा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष दिनॉक 07–02–2024 को अपराह्न 3–00 बजे खोली जायेगी। निविदा की अन्य शर्ते निविदा के साथ दी जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत लाख रू0 | 2 प्रति0 धरोहर राशि रू0 | निविदा प्रपत्र मूल्य 18 प्रति0 जी0एस0टी0 स्टेशनरी चार्जेज कुल मूल्य रू0 | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सा0नि0 | ग्राम अम्हैड़ा में मुख्य मार्ग पर साधु के मकान से पुलिया की ओर मार्ग पर सी0सी0 रोड का निर्माण काय | 999600–00 | 20000–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 02 | सा0नि0 | मवाना रोड पर ग्रीनपार्क कालोनी में सुशील शर्मा के मकान सतेन्द्र के प्लाट तक इ0ला0टा0 द्वारा सड़क का निर्माण कार्य | 580500–00 | 11620–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 03 | सा0नि0 | ग्राम रजपुरा में मुख्य मार्ग पर मनोज मलिक के मकान से वेदपाल के मकान की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य | 999300–00 | 20000–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 04 | सा0नि0 | वार्ड 25 रोहटा रोड पर बन्नूमियॉ कालोनी में सुधीर तोमर मकान के सामने अवशेश रास्ते का इ0लो0टा0 द्वारा सड़क का निर्माण कार्य | 170800–00 | 3420–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 05 | सा0नि0 | ग्राम पचगॉव पट्टी अमरसिंह में सुरेश नेता जी के घेर के पास व बड्डा वाले रास्ते पर एक हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 279600–00 | 5600–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 06 | सा0नि0 | ग्राम पचगॉव पट्टी सांवल में बाल्मीकि वाले तिराहे पर व बीरसिंह महाशय जी के घेर के पास एक हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 279600–00 | 5600–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 07 | सा0नि0 | ग्राम भगवानपुर में हनुमान मन्दिर वाले तिराहे पर व सोनू के मकान के पास तालाब किराने एक हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 279600–00 | 5600–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 08 | सा0नि0 | जागृति विहार सेक्टर 5 सी 19/5 के सामने पार्क में हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 139800–00 | 2800–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 09 | सा0नि0 | ग्राम मुरलीपुर जिठौली वाले रास्ते प्रा0 स्कूल के रास्ते पर एक सेमी हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 139800–00 | 2800–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 10 | सा0नि0 | ग्राम आलमपुर बुजुर्ग में राकेश सैनी प्रधान के घरी के पास हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 139800–00 | 2800–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 11 | सा0नि0 | ग्राम कमालपुर में लोकेश सैनी के घर पास तिराहे पर व हवेली चौक पर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 279600–00 | 5600–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 12 | सा0नि0 | ग्राम सिसौली में पैठ के मैदान में रास्ते पर समयपुर बस अड्डे वाले तिराहे पर स्व0 खचेडू पहलवान के घर के पास रामचरण कान्ती नाई के घर के पास रास्ते पर व बढ़िया वाला शिवमन्दिर के रास्ते पर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 699100–00 | 14000–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 13 | सा0नि0 | ग्राम मुरलीपुर फूल में गढ़ रोड के मैन चौराहे व छोटा पीर के पास रास्ते पर व माता मन्दिर समुन्द्र सैनी जी के मकान के पास पर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 279600–00 | 5600–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 14 | सा0नि0 | ग्राम भगवचानपुर चट्टावन में प्रा0पा0न0 के मैदान में धर्मशाला के पास लो. केश और भुजवीर के मकान के सामने बड़े मन्दिर के पास रास्ते पर दलित समाज के मन्दिर के पास व शिव मन्दिर के पास रोहताश के मकान के सामने तिराहे पर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 699000–00 | 5600–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 15 | सा0नि0 | ग्राम गोकुलपुर में दतावली–गेसूपुर शिवमन्दिर के पास तिराहे पर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 139800–00 | 2800–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 16 | सा0नि0 | ग्राम समयपुर में कैलाश तोमर के मकान से अशोक पुत्र श्री कदम सिंह के मकान तक मार्ग पर इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य | 722000–00 | 14500–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 17 | सा0नि0 | ग्राम मउखास रवि पुत्र जगराम मन्दिर के मोड वाले रास्ते पर व गजेन्द्र पुत्र जयपाल के सामने मेन रास्ते पर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य | 279600.00 | 5600–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 18 | सा0नि0 | ग्राम आलमपुर बुजुर्ग मे योगेन्द्र के मकान से उदयसिंह के मकान तक मार्ग पर इंटरलोकिग टाईल्स का कार्य | 680500.00 | 13600–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 19 | सा0नि0 | ग्राम समयपुर में कैलाश तोमर के मकान से अशोक पुत्र श्री कदम सिंह के मकान तक मार्ग पर इंटरलोकिग टाईल्स का कार्य | 722500.00 | 14500–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 20 | सा0नि0 | ग्राम पी0पी0 सांवल में सतवीर शर्मा के मकान से मूले/मदन के घर की ओर इंटरलोकिग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य | 998500.00 | 20000–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 21 | सा0नि0 | ग्राम भगवानपुर में महेन्द्र फौजी के मकान से सोनू के मकान तक इंटरलोकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य | 745300.00 | 14900–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 22 | सा0नि0 | कैलाश प्रकाश स्टेडियम मेरठ में बास्केटबाल कोर्ट के फर्श निमार्ण का कार्य | 820400.00 | 16400–00 | 300–54–500=854 | तीन माह |
| 23 | सा0नि0 | लालकुर्ती हण्डिया मौ0 में बिशनलाल के मकान से प्रेम के मकान तक व भगवत दयाल के मकान से सुमन के मकान तक मार्ग पर इंटरलोकिंग टाईलस का कार्य | 352800.00 | 7100–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |
| 24 | सा0नि0 | सूर्योदय विहार अंसल कालोनी शास्त्रीनगर में संजय महरोत्रा के मकान के सामने मार्ग के अवशेश भाग पर इंटरलोकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य | 254600.00 | 5100–00 | 225–41–500=766 | तीन माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**रजपुरा (मेरठ)।**

### बेटे जुनैद की अपकमिंग फिल्म की प्रोग्रेस देखने जापान जाएंगे आमिर खान

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान अपने बड़े बेटे जुनैद खान की दूसरी फिल्म के प्रोग्रेस का आकलन करने के लिए जापान जाने वाले हैं। हालांकि, फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, मुंबई में एक शूट शेड्यूल पूरा करने के बाद प्रोडक्शन यूनिट अगले शेड्यूल की शूटिंग के लिए जापान चली गई है। फिल्म जापान में साप्पोरो शहर के अनोखे लैंडस्केप को दर्शाती है। यह एक ऐसी जगह है जिसे पहले कभी सिल्वर स्क्रीन पर दिखाया नहीं गया है। इसे होक्काइडो का सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक केंद्र माना जाता है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक करीबी सूत्र ने साझा किया कि आमिर खान मुंबई में हैं। वह फिल्म पर सब कुछ कैसे आगे बढ़ रहा है, इस पर अपडेट लेने के लिए टीम के साथ लगातार संपर्क में हैं।

अंधेपन का तीसरा सबसे आम कारण ग्लूकोमा

# ग्लूकोमा के 80 प्रतिशत मामलों का पता ही नहीं चल पाता

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में अंधेपन का तीसरा सबसे आम कारण ग्लूकोमा के 80 प्रतिशत मामलों का पता ही नहीं चल पाता है। विशेषज्ञों ने बुधवार को बताया कि ग्लूकोमा एक

**■ ऑप्टिक तंत्रिका को प्रभावित करती है ग्लूकोमा**

ऐसी बीमारी है, जो ऑप्टिक तंत्रिका को प्रभावित करती है। जनवरी राष्ट्रीय ग्लूकोमा जागरूकता माह है, जो इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने का समय है।

ग्लूकोमा को 'छुपे चोर' के रूप में भी जाना जाता है। इसके कोई प्रारंभिक लक्षण नहीं होते हैं। यह अपरिवर्तनीय अंधेपन का प्रमुख कारण भी है, जिससे दुनिया भर में 8 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हैं।



नई दिल्ली में दिल्ली आई सेंटर और सर गंगा राम अस्पताल के वरिष्ठ कॉर्निया, मोतियाबिंद और सर्जरी विशेषज्ञ इकेदा लाल ने बताया कि ग्लूकोमा आंखों की स्थितियों का एक समूह है, जो ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है, जिससे धीरे-धीरे दृष्टि हानि होती है। यह आम तौर पर शुरुआती चरण में कोई लक्षण नहीं दिखाता है, जिससे प्रारंभिक निदान के लिए नियमित आंखों की जांच महत्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने आगे बताया कि जैसे-जैसे स्थिति बढ़ती है, व्यक्ति को धुंधली दृष्टि, कम रोशनी के साथ तालमेल बिठाने में कठिनाई और रोशनी के चारों ओर प्रभामंडल देखने का अनुभव हो सकता है। कुछ मरीजों को आंखों में दर्द और सिरदर्द का भी अनुभव हो सकता है।

डॉक्टर ने कहा कि यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देता है, तो व्यापक नेत्र परीक्षण के लिए नेत्र चिकित्सक को दिखाना महत्वपूर्ण है। भारत में 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 1 करोड़ लोगों को ग्लूकोमा है। लेकिन, उनमें से केवल 20 प्रतिशत ही जानते हैं कि उन्हें यह है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शुरुआत में इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, हालांकि ग्लूकोमा मुख्य रूप से मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्गों को प्रभावित करता है। यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है। नई दिल्ली एम्स में आरपी सेंटर फॉर ऑप्थेलमिक साइंसेज के रोहित सक्सेना ने बताया कि ग्लूकोमा में दृष्टिहानि ऑप्टिक तंत्रिका की क्षति के कारण होती है जो आंखों से मस्तिष्क तक इमेज को ले जाने के लिए जिम्मेदार होती है। दृष्टि हानि जीवन की कम गुणवत्ता और दैनिक जीवन की गतिविधियों को करने की क्षमता में कमी से जुड़ी हो सकती है, जिसमें अवसाद और चिंता भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ ग्लूकोमा आम होता जाता है। पारिवारिक इतिहास और आनुवांशिकी एक भूमिका निभाते हैं, जिन व्यक्तियों के रिश्तेदार ग्लूकोमा से प्रभावित होते हैं, वे अधिक जोखिम में होते हैं। ग्लूकोमा का कोई पूर्ण इलाज नहीं है। लेकिन, जल्दी पता लगाना, उपचार बहुत महत्वपूर्ण है और इससे दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिलती है। डॉक्टरों ने कहा कि जब इसकी पहचान हो जाती है, तो लोगों को दीर्घकालिक निगरानी और प्रबंधन की आवश्यकता होगी।

रूपाली गांगुली ने किया खुलासा

# आखिर कैसे वर्क और पर्सनल लाइफ को करती हैं बैलेंस

**मुंबई,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। 'साराभाई वर्सेज साराभाई', 'अनुपमा' और अन्य प्रोजेक्ट्स में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने खुलासा किया कि आखिर वह वर्क और पर्सनल लाइफ को कैसे बैलेंस करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास सपोर्टिव पार्टनर है तो कुछ भी मुश्किल नहीं है।

रूपाली ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की, जिसमें वह अपनी वैनिटी में तैयार होती देखी जा सकती हैं। रूपाली ने ऑरेंज कलर का चिकनकारी कुर्ता पहना हुआ है। वीडियो के शुरुआत में सुनाई देता है 'जब कोई पूछता है कि मैं अपने वर्किंग लाइफ और पर्सनल लाइफ को कैसे बैलेंस करूं?'



इस सवाल का जवाब वह 'कजरा रे' गाने पर लिप सिंक करके देती हैं और 'मेरा चैन वैन सब उजड़ा' लाइन पर एक्टिंग करती हैं।

'कजरा रे' गाने को अलीशा चिनॉय, जावेद अली और शंकर महादेवन ने गाया है। यह फिल्म 'बंटी और बबली' से है। रूपाली ने वीडियो को कैप्शन दिया कि कुछ भी मुश्किल नहीं है, अगर आपके पास अश्विन के. वर्मा जैसा सपोर्टिव पार्टनर है।

उन्होंने फरवरी 2013 में बिजनेसमैन अश्विन के साथ शादी की। कपल का एक बेटा है। वह फिलहाल शो 'अनुपमा' में लीड रोल में नजर आ रही हैं। यह शो बंगाली सीरीज 'श्रीमोयी' पर आधारित है। इसमें वनराज के रूप में सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना भी हैं। यह स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।



# जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी, मैदानी इलाकों में बारिश

श्रीनगर, 31 जनवरी (एजेंसियां)। बुधवार को जम्मू एवं कश्मीर में पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों में जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी/बारिश की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान 2.2, गुलमर्ग में माइनस 3.2 और पहलगाम में 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.2 डिग्री नीचे और कारगिल में शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 10.9, कटरा में 8.7, बटोट में 3, भद्रवाह में 1.2 और बनिहाल में 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# गहरी सांस लेने की एक्सरसाइज शांति देती है : हिना खान

**मुंबई,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। फिटनेस की शौकीन हिना खान का मानना है कि गहरी सांस लेने की एक्सरसाइज करना बेहद जरुरी है, इससे न केवल शांति बढ़ती है बल्कि ज्यादा वजन उठाने की क्षमता भी बढ़ती है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में जाकर अपने हालिया वर्कआउट सेशन के कुछ वीडियो साझा किए। वीडियो में हिना ने नियॉन ग्रीन टी शर्ट और ग्रे टाइट्स पहनी हुई है। उन्होंने बालों का पोनीटेल बनाया हुआ है और वह गहरी सांसें लेते हुए वजन उठा रही हैं।

वीडियो के साथ, 'हैक्ड' एक्ट्रेस ने एक लंबा नोट लिखा कि अपनी सांस रोकने की आदत बनाने से आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, जिसके चलते चक्कर आना, उल्टी या यहां तक कि दिल का दौरा भी पड़ सकता है। एक्सरसाइज करते समय गहरी सांस लेने की प्रैक्टिस करें, गहरी सांसें आपके ब्लड प्रेशर को कम कर सकती हैं, रिलैक्स देगीं, आपको शांत रखती हैं, सभी मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती हैं... यह आपको ज्यादा वजन उठाने की क्षमता भी देती है।

उन्होंने आगे कहा कि वेट ट्रेनिंग सिर्फ अच्छे फॉर्म के बारे में नहीं है गहरी सांस लेना और सही तरीके से सांस लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के दौरान अपनी सांसों पर ध्यान देना वास्तव में आपके लिए काम कर सकता है।



वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार 'फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13' में एक चैलेंजर के रूप में देखा गया था।

वह जल्द ही अंग्रेजी और हिंदी द्विभाषी फिल्म 'कंट्री ऑफ ब्लाइंड' में नजर आएंगी।

# पहले तपस्या, अब सुख-सुविधा का कल्पवास

**प्रयागराज,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। संगम आने वाले बड़ी संख्या में कल्पवासी भौतिक सुख का त्याग नहीं कर पा रहे हैं। पहले कल्पवास में कल्पवासी तपस्या करते थे जबकि अब भौतिक सुख साधन के साथ कल्पवास करते हैं। विष्णु संप्रदाय के छठे पीठाधीश्वर जगद्गुरु यमुनाचार्य महाराज 'सतुआ बाबा' मठ के सातवें महामंडलेश्वर संतोष दास के माघ मेला स्थित सतुआ बाबा के शिविर में गुजरात के सूरत की गीता बेन और पति गोविंद भाई पिछले 40 साल से कल्पवास करने आते हैं। गीता बेन ने कहा कि इच्छाएं जब तक समाप्त नहीं होगी, तपस्या का अर्थ ही कहां रह जाएगा। तप प्रदर्शन का माध्यम नहीं है, वह तो कषाय मुक्ति और आत्मा शुद्धि का अभियान है। वह पिछले 40 वर्षों से कल्पवास के नियमों और उसके वास्तविक तप का अनुसरण कर रही है।

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम के पीठाधीश्वर रहे जगद्गुरु यमुनाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' से गीता बेन और उनके पति गोपाल जी भाई शादी के कुछ दिनों बाद ही दीक्षित हुए थे। उन्होंने बताया कि 'बाबा' एक सिद्ध साधक थे। वह कड़ी साधना करते थे। वह जमीन पर विश्राम करते थे। बाद के दिनो में भोजन भी लेना बंद कर दिया था और यदाकदा फलहार करते थे। उन्होंने पैर तपती धूप हो कड़ाके की सर्दी पादुका का प्रयोग कभी नहीं किया।

गीता बेन ने दु:खी मन से बात करते हुए बताया कि सतुआ बाबा वाराणसी से गुजरात में नर्मदा नदी के किनारे साधना के लिए आए थे।

**■ 40 वर्षों से कल्पवास के नियमों और उसके वास्तविक तप का अनुसरण**

साधना के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई तो साथ में मौजूद शिष्यों के आग्रह पर वह राजकोट निवासी अपने अनुयायी के यहां लौट आए। यहां उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सन् 2012 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन 99 वर्ष की आयु में वह ब्रह्मलीन हो गए थे। उनके शव को गुजरात में पालीताना भावनगर सतुआ बाबा आश्रम लाया गया था। आश्रम में गुरू के शव के पास उनके जैसा जीवन जीने का संकल्प ले कर भौतिक सुख के साथ अन्न का त्याग कर दिया। गुरू के पदचिन्हों को आत्मसात करते हुए आजीवन उनके आदर्शों पर चलने का वचन लिया है। सतुआ बाबा के शव को वाराणसी मणिकर्णिका आश्रम लाया गया और यहीं मणिकर्णिका घाट के सामने गंगा की बीच धारा में जलसमाधि दी गई।

गीता बेन (58) ने बताया कि कल्पवास बहुत ही कठिन तपस्या है। चालीस साल पहले तक कल्पवासी कल्पवास में काया जलाकर तपस्या करते थे लेकिन अब अधिकांश कल्पवासी भौतिक सुविधा का उपयोग कर कल्पवास करते हैं। काया जलाकर कल्पवास में तपस्या से प्रभु भक्ति में जो आनंद मिलता है वो आज के भौतिकसुख संसाधन में नहीं है। उन्होंने कहा कल्पवास में सुखो का त्यागकर परलोक का मार्ग प्रशस्त करता है। भौतिकसुख के साथ तपस्या नहीं हो सकती। इसे सुविधा संपन्न कल्पवास कह सकते हैं। उन्होंने बताया कि कल्पवास के दौरान बहुत कम कल्पवासी कल्पवास में काया जलाकर तपस्या करते हैं, जबकि अधिकांश सुख-सुविधा वाला कल्पवास कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि समाज में तपस्या का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। वर्तमान समय में बड़ी संख्या में कल्पवासियों के शिविर में भौतिक सुख-सुविधा के सामान उपलब्ध हैं। आजकल तपाराधना काफी बड़ी संख्या में अपवित्र मन (खोट मन) से किया जा रहा है।

# मुनव्वर फारुकी और अब्दु रोजिक ने एक साथ किया डिनर

**मुंबई,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अब्दु रोजिक ने 'बिग बॉस 17' के विजेता मुनव्वर फारुकी से मुलाकात की और कहा है कि वे अपने अगले टेकओवर की प्लानिंग बना रहे हैं। मुनव्वर कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन के विजेता हैं। वह 50 लाख रुपए से ज्यादा की बड़ी रकम और एक कार के साथ ट्रॉफी घर ले आए। ताजिकिस्तानी सिंगर अब्दु, जो 'बिग बॉस 16' का हिस्सा थे, हाल ही में मुनव्वर के साथ डिनर के लिए बाहर निकले और अपनी आउटिंग से कुछ तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में अब्दु ने ब्लैक कलर की ड्रेस पहनीं हुई है और इसे ब्राउन कलर की जैकेट के साथ पेयर किया। मुनव्वर ने ब्लैक और वाइट कलर की स्पोर्ट्स जैकेट और मैचिंग जॉगर्स पहने है। वे लेंस के लिए खुलकर पोज दे रहे हैं। अब्दु ने तस्वीरों को शेयर करते हुए



कैप्शन दिया कि हम अपने अगले टेकओवर की प्लानिंग बना रहे हैं लड़कियों दिलों के राजा तैयार हो जाओ। फैंस ने पोस्ट पर कमेंट किया और लिखा कि दोनों प्यारे एक फ्रेम में एक यूजर ने कहा कि जिगरी, जबकि दूसरे यूजर ने लिखा कि दुबई हीरो के साथ इंडियन हीरो।

# उषा नाडकर्णी से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है : सृति झा

**मुंबई,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सृति झा ने कहा है कि उन्हें 'कैसे मुझे तुम मिल गए' की को-स्टार उषा नाडकर्णी से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है और शॉट्स के बीच में उनकी लगातार बातचीत उनके रिश्ते को मजबूत बना रही है और यही बात स्क्रीन पर दिखाई दे रही है।

उषा अमृता (सृति) की सौतेली दादी ज्ञानेश्वरी के किरदार में हैं। अपने ऑफ-स्क्रीन बॉन्ड के बारे में बात करते हुए सृति ने कहा कि उषा जी के साथ स्क्रीन साझा करना बेहद खुशी



और सम्मान की बात है। उनकी ऊर्जा और उत्साह हैरान करने वाली है। मैं उनके अनुभव से बहुत कुछ सीख रही हूं। हम ऑन और ऑफ स्क्रीन बहुत अच्छा समय बिता रहे हैं। उषा ने कहा कि सृति के साथ काम करना एक सुखद अनुभव रहा है। वह न केवल एक प्रतिभाशाली एक्ट्रेस हैं बल्कि एक योग्य को-स्टार भी हैं। मैं सेट पर उनके द्वारा लाए गए सकारात्मक माहौल की सराहना करता हूं। मैं उन्हें अपनी बेटी की तरह मानती हूं और हम साथ में शूटिंग का आनंद ले रहे हैं। शो में अर्जित तनेजा विराट की भूमिका में हैं। यह जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# 49 वर्ष की हुई प्रीति जिंटा

**मुंबई,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा आज 49 वर्ष की हो गई। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने करियर के शुरूआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1998 में प्रदर्शित मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इस फिल्म के लिए प्रीति जिंटा फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। संस्पेंस थ्रिलर पर आधारित इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई।



वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के करियर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले कि रदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस फिल्म के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गई। वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म दिल चाहता है प्रीति जिंटा के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। इस फिल्म से फरहान अख्तर ने बॉलीवुड में बतौर निर्देशक अपनी शुरूआत की थी। तीन दोस्तों पर आधारित इस फिल्म में प्रीति जिंटा के अपोजिट आमिर खान थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और आमिर खान की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के करियर के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो न हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो न हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा प्रीति जिंटा के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रीति जिंटा और शाहरूख खान की जोड़ी एक बार फिर से पसंद की गई। वर्ष 2005 में प्रदर्शित और लिव इन रिलेशनशिप पर आधारित फिल्म सलाम नमस्ते के जरिये प्रीति जिंटा ने एक बार फिर से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को दीवाना बना दिया।वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म कभी अलविदा न कहना प्रीति जिंटा के करियर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई।

# पानी की लड़ाई



**■ के पी सिंह**

**नोएडा,** 31 जनवरी (देशबन्धु)। पहले यह कहा जाता था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा किन्तु ऐसा लगने लगा कि पानी अपनी लड़ाई लड़ने के लिए खुद ही मैदान में उतर आया है। आज विश्व में जिधर भी देखो पानी ने तबाही मचा रखी है प्रति वर्ष हजारों की सख्या में आदमियों की जान बाढ़ के कारण चली जाती है। लाखों लोग बेघर हो जाते है लोगों की जीवन भर की कमाई एक झटके में बाढ़ में समा जाती है, बादल फटते है तो पहाड़ दरकने लगते है छोटी बड़ी गाड़ियां खिलानों की तरह पानी में बह जाती है। बड़े बड़े घर पल भर में पानी में समाहित हो जाते है। अमेरिका, चीन जैसे विकसित देश भी पानी की मार से बच नहीं पा रहें है। और कभी कभी इसके विपरीत पानी के लिए ऐसा हाहाकार मचता है कि इलाके के इलाके सूखने लगते है और लोग त्राहि त्राहि करने लगते है। लोग दूर दूर से पानी ढोने को मजबूर हो जाते है। पानी तो जैसे हर पैंतरेबाजी से सारी दुनिया को हरा देने को व्याकुल है। माना पानी की यह समस्या वैश्विक है और अतिवृष्टि अथवा अनावृष्टि के लिए हम पूरी तरह जिम्मेदार न भी हो किन्तु स्थानीय तौर पर कुछ मुद्दो के लिए तो कहीं न कहीं हम स्वयं ही जिम्मेदार है क्योंकि मानव ने ही सारे भौगोलिक व्यवस्था को तहस नहस कर दिया है। यदि संयम और सावधानी न बरती तो पानी की यह व्याकुलता दिनों दिन बड़े संकट लाने वाली है।

अतिवृष्टि और अनावृष्टि से अलग जो स्थानीय मुद्दा है और जिनके दूरगामी परिणाम होने वाले है वह है पानी की - बर्बादी और पानी का प्रदूषण। अगर पानी की कमी की बात करें तो इसका मुख्य कारण है पानी का बेहिसाब दोहन और बचत के प्रति घोर लापरवाही और यह भी सत्य है कि पानी की बहुलता वाले लोग पानी के अकाल ग्रस्त क्षेत्र के बारे में बहुत कम सोचते है और पानी की बचत के प्रति उनका रवैया बड़ा ही उपेक्षित सा रहता है। पानी मुख्यत: तीन जगह सीधे उपयोग में लिया जाता है

- घरेलु उपयोग, कृषि कार्य हेतु, औद्योगिक उपयोग, कुछ छुट पुट कार्यों।

घरेलु उपयोग को छोड़ भी दे तो कृषि और उद्योगों हेतु पानी का बहुत दोहन किया जाता है लेकिन दोनों में एक बड़ा अंतर है क्षि में पानी का दोहन किया जाता है जबकि उद्योग पानी का दोहन तो करते ही है और पानी को प्रदूषित भी करते है और इसका खामियाजा कृषि और सभी जीवों को झेलना पड़ता है और त्रासदी यह है कि पानी बिना कृषि संभव नहीं है और कृषि बिना जीवन संभव नहीं है। अत: पानी की बचत के लिए इन दोनों ही क्षेत्रों में जिम्मेदारी ढंग से काम करने होंगें। कृषि को पानी तो देना ही है और यह कार्य युग युगांतर तक चलना ही है तो हमें कृषि के प्रचलित तौर तरीके बदलने होंगें। सिंचाई की ऐसी तकनीक अपनाई जाए जिससे पानी की कम खपत हो जैसे ड्रिप विधि स्प्रिंकलर विधि। पानी की खपत कम करने के लिए किसानों को फ्लड सिंचाई को छोड़ना ही होगा जिसमें खेत के एक कोने से पानी भरने को छोड़ दिया जाता है इसके बजाय छोटे छोटे टुकड़ों में सिंचाई करें जैसे दक्षिण के राज्यों में गन्ने जैसी अधिक पानी की खपत वाली फसल के लिए किया जाता है।

कई बार तो सिंचित या फिर पानी भरे खेत में यूँ ही पानी चला दिया जाता है यह पानी की बर्बादी तो है ही विद्युत की भी बर्बादी है। यह स्थिति पंजाब, हरियाणा ओर उत्तर प्रदेश में ज्यादा मिलेगी। अच्छा हो यदि पूरी सिंचाई व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सोलर प्रणाली पर ले आया जाए इससे दो लाभ होंगे विद्युत बचत तथा किसान स्वत: पानी की बचत पर ध्यान देंगे। दक्षिण के राज्यों मे इस दिशा में अधिक काम हुआ है। पानी की कमी में सम्भवत: वहां किसानों को बचत करने को प्रेरित किया है।

### पानी का सेवन एवं बचत

हमारे पास पानी के दो मुख्य स्रोत है आसमानी पानी और पृथ्वी का पानी। आसमानी पानी को संभालना और पृथ्वी के पानी का संरक्षण हमारा दायित्व है और इसके लिए आवश्यक है पृथ्वी के पानी का संयमित सेवन और आसमानी पानी को नियोजित करना। पृथ्वी से पानी का दोहन तो किया जाता है पर उसके स्वत: रिचार्ज के सभी रास्ते धीरे धीरे खत्म कर दिये है। बढ़ती जनसंख्या और अंधाधुन्ध निर्माण कार्यो के चलते गांवों और शहरों के तालाब जाने कब लुप्त हो गए। यहां तक कि सड़कों के किनारे एवं गांवों में कभी तालाब हुआ करते थें। ये तालाब बरसात में लबालब भर जाया करते थें और पृथ्वी के लिए पानी का रिचार्ज का काम करते थे। तालाब न होने से बरसात का पूरा पानी बह कर निकल जाता है।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 3.42 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.90 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.28 प्रतिशत |
| मारुति | 2.27 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.24 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 4.22 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.03 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.41 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.17 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.11 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4550-4650 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9700-9800 |
| अरहर दाल | 11500-11600 |

## भारत का अप्रैल-दिसंबर राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 55 प्रतिशत

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। अप्रैल-दिसंबर 2023 के बीच 9 महीने में भारत का राजकोषीय घाटा 9.82 लाख करोड़ रुपए है, जो 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाले पूरे वित्तीय वर्ष के लक्ष्य का 55 प्रतिशत है। महालेखा नियंत्रक द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में ये बात कही गई है। राजकोषीय घाटा यानि फिस्कल डेफिसिट नियंत्रण में होने के कारण, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास आर्थिक विकास दर को बढ़ाने और गरीबों को लाभ पहुंचाने के लिए सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए पर्याप्त आवंटन के लिए अधिक गुंजाइश होगी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपए या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.9 फीसदी तय किया गया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि देश का अप्रैल-दिसंबर 2023 पूंजीगत व्यय या बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश 6.74 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2024 के लक्ष्य का 67.3 प्रतिशत है, जो कि सही दिशा में है। बुधवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है, राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है और सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए ज्यादा उधार नहीं लेना पड़ेगा। राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति दर को भी बढ़ाता है और अर्थव्यवस्था के लिए अस्थिर होता है।





सरकार के व्यय की तुलना में उसके राजस्व में कमी को दिखाता है। राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को ज्यादा उधार लेना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास दर धीमी हो जाती है।

कॉरपोरेट्स और उपभोक्ताओं के पास अपने संबंधित निवेश और उपभोग की जरूरतों के लिए उधार लेने के लिए कम पैसे बचते हैं। उच्च राजकोषीय घाटा

### जनवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ के पार

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जनवरी 2024 में 172129 लाख करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2023 में संग्रहित 155922 करोड़ रुपये की तुलना में 10.4 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2024 में संग्रहित जीएसटी अब तक दूसरा सबसे अधिक राजस्व संग्रह है और चालू वित्त वर्ष में यह तीसरा महीना है जब जीएसटी संगह 1.70 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार किया है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल महीने में यह राशि 187035 करोड़ रुपये , अक्टूबर में 172003 करोड़ रुपये और अब जनवरी में 172129 करोड़ रुपये रहा है। जीएसटी का यह आंकड़ा आज शाम पांच बजे तक का है। वित्त मंत्रालय द्वारा आज जारी जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172129 करोड़ रुपये रहा है। सरकार ने एकिकृत जीएसटी संग्रह में से सीजीएसटी 43552 करोड़ रुपये और 37257 करोड़ रुपये एसजीएसटी में दिया है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 40057 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 33652 करोड़ रुपये दिये है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी तक 10 महीने में जीएसटी संग्रह 16.69 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित 14.96 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक है।

## प्रमुख उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दिसंबर में घट कर रही 3.8 प्रतिशत



**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। कोयला, बिजली और इस्पात सहित देश में आठ प्रमुख उद्योगों ने दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इससे एक माह पहले नवंबर में इन उद्योगों की वृद्धि 7.8 प्रतिशत तथा दिसंबर, 2022 में 8.3 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि कुल औद्योगिक उत्पादन में 40.27 प्रतिशत का योदान करने वाले कोयला, प्राकृतिक गैस, इस्पात, उर्वरक, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में दिसंबर 2023 में 3.8 प्रतिशत (अनंतिम) की वृद्धि हुई।

दिसंबर 2023 के दौरान कोयला, प्राकृतिक गैस, इस्पात, उर्वरक, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट और बिजली का उत्पादन सालाना आधार पर ऊंचा रहा, लेकिन कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी।

इस उद्योगों के सितंबर 2023 के उत्पादन के पूरे आंकड़ों के आधार पर वृद्धि दर को संशोधित कर 9.4 प्रतिशत कर दिया गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में सितंबर, 2023 की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत आंकी गयी थी।

चालू वित्त वर्ष में पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) की संचयी वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत (अनंतिम) बतायी गयी है जो एक साल इसी अवधि में इसी अवधि के बराबर रही थी। दिसंबर माह में सीमेंट उत्पादन की वृद्धि 1.3 प्रतिशत, कोयला की 10.6, बिजली 0.6 प्रतिशत, उर्वरक प्राकृतिक गैस 6.6 प्रतिशत, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद 2.6 प्रतिशत और स्टील उद्योग की उत्पादन वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही। इसी माह में कच्चा तेल उद्योग का उत्पादन सालाना आधार पर 1.0 प्रतिशत कम रहा।

## बढ़ती कीमतों के बीच भारत में सोने की मांग घटी : रिपोर्ट

**मुंबई,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में सोने की मांग 2023 में 3 फीसदी गिरकर 747.5 टन रह गई, जो 2020 के बाद से सबसे कम है। बढ़ती कीमतों ने आभूषणों की मांग को कम कर दिया है। ये बात वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी ) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कही गई है। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय सोने की खपत 4 प्रतिशत गिरकर 266.2 टन हो गई। आभूषणों की मांग में गिरावट के कारण निवेश के मकसद के लिए सिक्कों और बार की बिक्री अधिक प्रभावित हुई। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में विवाह के कम शुभ दिन होने के कारण मांग कम रहने की संभावना है। सरकार ने आयात को प्रतिबंधित करने के लिए सोने पर ऊंचा कस्टम लगाया है। इस पर बहुमूल्य विदेशी मुद्रा खर्च होती है जो कच्चे तेल जैसे आवश्यक आयात के लिए ज्यादा जरूरी है। स्विट्जरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात भारत के लिए सोने के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हालांकि वैश्विक आभूषण बाजार रिकॉर्ड-उच्च कीमतों के बीच उल्लेखनीय रूप से मजबूत साबित हुआ है। मांग साल-दर-साल 3 टन बढ़ गई। चीन ने सोने की मांग में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर भारत में 9 प्रतिशतक की कमी की भरपाई करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2023 में सोने का खनन उत्पादन 1 प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत स्थिर रहा।

## मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आयात शुल्क में कटौती : आईसीईए

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (आईएएनएस)। देश के शीर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग निकाय, इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने बुधवार को कहा कि सरकार ने मोबाइल फोन के विनिर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले हिस्सों पर आयात शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। यह देश में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य नीतिगत हस्तक्षेप है।

वित्त मंत्रालय ने एक नवीनतम अधिसूचना में कहा कि बैटरी कवर, मुख्य लेंस, बैक कवर, प्लास्टिक और धातु के अन्य यांत्रिक वस्तुओं जैसे हिस्सों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

इस कदम से एप्पल जैसी कंपनियों को देश में अपने अधिक हाई-एंड



प्रीमियम स्मार्टफोन बनाने में मदद मिलेगी।

आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, बिल्डिंग स्केल, कम इनपुट टैरिफ पर सवार होना भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात के लिए वैश्विक केंद्र में बदलने की कुंजी है।

इलेक्ट्रॉनिक्स कुछ साल पहले 9वें स्थान से सुधरकर 2024 में भारत का 5वां सबसे बड़ा निर्यात हो गया है।

मोहिन्द्रू ने कहा, पीएलआई योजना की बदौलत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में मोबाइल का हिस्सा 52 प्रतिशत से अधिक है। यह पिछले 8 वर्षों के भीतर आयात प्रतिस्थापन से निर्यात-आधारित विकास की ओर छलांग लगाने वाला पहला उद्योग है।


भारत का स्मार्टफोन इनपुट टैरिफ वर्तमान में प्रतिस्पर्धी विनिर्माण स्थलों में सबसे अधिक है।

आईसीईए की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, जब तक भारत प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों के अलावा चीन और वियतनाम के प्रतिस्पर्धी टैरिफ शासन से मेल नहीं खा सकता, तब तक निर्यात वृद्धि में भी चालू वित्त वर्ष के बाद मंदी देखी जाएगी।

## हेलथकेयर और रियल्टी कंपनियों में लिवाली से लौटी बाजार की तेजी

**मुंबई** 31 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, रियल्टी, ऑटो और सर्विसेज समेत 18 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत शेयर में आज तेजी लौट आई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 612.21 अंक की छलांग लगाकर 71,752.11 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.60 अंक उछलकर 21,725.70 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,774.50 अंक और स्मॉलकैप 1.83 प्रतिशत की उड़ान भरकर 45,722.58 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3914 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2455 में तेजी जबकि 1373 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष चार में बिकवाली हुई।

बीएसई में इंडस्ट्रियल्स और कैपिटल गुड्स की 1.23 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान हेल्थकेयर 2.67, रियल्टी 2.29, कमोडिटीज 1.48, सीडी 1.43, ऊर्जा 0.73, एफएमसीजी 0.91, वित्तीय सेवाएं 1.31, आईटी 0.87, दूरसंचार 0.97, यूटिलिटीज 1.15, ऑटो 1.77, बैंकिंग 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.71, धातु 1.09, तेल एवं गैस 0.29, पावर 1.15, टेक 0.73 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.60 प्रतिशत मजबूत रहे।





अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रूख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जर्मनी का डैक्स 0.11, हांगकांग का हैंगसेंग 1.39 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.48 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जापान के निक्केई में 0.61 प्रतिशत की तेजी रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 67 अंक उतरकर 71,073.04 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद 70,846.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर तक 71,851.39 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 71,139.90 अंक के मुकाबले 0.86 प्रतिशत की तेजी लेकर 71,752.11 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 35 अंक फिसलकर 21,487.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,448.85 अंक के निचले जबकि 21,741.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 21,522.10 अंक की तुलना में 0.95 प्रतिशत चढ़कर 21,725.70 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में सन फार्मा 3.42, टाटा मोटर्स 2.90, बजाज फिनसर्व 2.28, मारुति 2.27, एसबीआई 2.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.08, पावरग्रिड 2.05, अल्ट्रासिमको 1.92, रिलायंस 1.36, एक्सिस बैंक 1.29, एचडीएफसी बैंक 1.25, भारती एयरटेल 1.23, विप्रो 1.14, आईसीआईआई बैंक 1.14, इंडसइंड बैंक 1.10, एचसीएल टेक 1.08, टाटा स्टील 0.89, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.87, आईटीसी 0.79, बजाज फाइनेंस 0.71, इंफ़ोसिस 0.68, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.67, एनटीपीसी 0.67, टेक महिंद्रा 0.64, नेस्ले इंडिया 0.49, टीसीएस 0.41, कोटक बैंक 0.17 और एशियन पेंट 0.11 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एलटी 4.22 और टाइटन के शेयरों ने 1.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## एआई को बड़े पैमाने पर लागू करना है : सत्या नडेला

नई दिल्ली, 31 जनवरी (आईएएनएस)। कंपनी के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने कहा, एआई-फर्स्ट स्टार्ट-अप और दुनिया की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए, माइक्रोसॉफ्ट पूरे डेटा और टेक स्टैक में एआई के पावर को एकीकृत कर रहा है। 2,30,000 से ज्यादा संगठन पहले ही पावर प्लेटफॉर्म में एआई क्षमताओं का उपयोग कर चुके हैं, जो तिमाही दर तिमाही 80 प्रतिशत से ज्यादा है, और संगठन माइक्रोसॉफ्ट 365 के लिए कोपायलट को तैयार कर सकते हैं या अपने खुद के लिए कस्टम कोपायलट बना सकते हैं। नडेला ने मंगलवार देर रात कंपनी की अर्निंग कॉल के दौरान एनालिस्ट को बताया, इसका उपयोग पहले से ही 10,000 से अधिक संगठनों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें एन पोस्ट, हॉलैंड अमेरिका, पीजी एंड ई शामिल हैं। उदाहरण के लिए, कुछ ही हफ्तों में, पेपाल और टाटा डिजिटल दोनों ने आम कर्मचारियों के सवालों का जवाब देने, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और समर्थन लागत कम करने के लिए कोपायलट का निर्माण किया।



सबूतों के बढ़ते समूह से यह स्पष्ट हो जाता है कि काम में बदलाव लाने में एआई की भूमिका होगी। नडेला ने कहा, हमारी रिसर्च, एक्सटर्नल स्टडीज, वर्क टास्क के लिए जेनरेटर एआई का उपयोग कर प्रोडक्टिविटी में 70 प्रतिशत तक सुधार दिखाते हैं और यह कुल मिलाकर माइक्रोसॉफ्ट 365 यूजर्स के लिए शुरूआती कोपायलट सर्चिंग, राइटिंग और समरी जैसे टास्क की सीरीज में 29 प्रतिशत तेज था। उन्होंने आगे कहा, हम यह भी देख रहे हैं कि एटलसियन, म्यूरल और ट्रेलो जैसे आईएसवी के साथ कोपायलट इकोसिस्टम उभरना शुरू हो गया है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 53 रिंगिट गिरकर 3815 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की गिरावट के साथ 45.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10450-10550, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और **चावल :** 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## बजट से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नयी दिल्ली 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है। महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, तकनीकी सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है।

11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। इस तरह वे प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत लाभ प्राप्त करने में सक्षम बन सकते हैं। ऐसे उपाय इन उद्यमों को वित्तीय तौर पर सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




उसने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एमएसएमई के लिए अपार अवसर प्रदान करते हुए, सस्टेनेबल उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। भारत ने खुद को एक ऐसे देश के रूप में भी स्थापित किया है, जहां निवेश करना लोगों की पहली पसंद हो सकता है। एमएसएमई 'चीन प्लस 1' भावनाओं से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। यह रणनीतिक व्यावसायिक दृष्टिकोण, आशाजनक विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में निवेश और विनिर्माण में विविधता लाता है, जो भारतीय एमएसएमई के विकास पथ के साथ सहजता से मेल खाता है।

विकास संबंधी इन प्रयासों को देखते हुए, सरकार के लिए एमएसएमई क्षेत्र, विशेष रूप से ग्रामीण एमएसएमई पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है, ताकि उन्हें व्यवसाय स्थापित करने के पहलुओं के साथ-साथ वर्तमान डिजिटल युग के माध्यम से इसे बनाए रखने में सहायता मिल सके। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण एमएसएमई उद्यमियों के बीच किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी सामने आई है। व्यावसायिक करों को मैनेज करना और फाइलिंग करने से संबंधित जटिलताओं से निपटना, संबंधित लागतों, समय की आवश्यकताओं और न्यूनतम पूंजी निवेश के बारे में जागरूकता की कमी, और माल और सेवा कर (जीएसटी) को लेकर जानकारी का एक महत्वपूर्ण अंतर, ग्रामप्रेन्योर्स के सामने आने वाली शीर्ष चुनौतियां हैं। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि बहुत कम ग्रामप्रेन्योर्स डिजिटल भुगतान के तरीकों को अपना रहे हैं और इसी तरह ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने वाले भी सीमित संख्या में हैं।

## सार संक्षेप

### मारुति सुजुकी का मुनाफा 33 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में 3206.8 करोड़ रुपये का सकल लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2406.1 करोड़ रुपये की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी अपने वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि चालू वित्त वर्ष की इस तीसरी तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 33.1 फीसदी उछाल के साथ 3130 करोड़ रुपए रहा जो एक वर्ष पहले 2351.3 करोड़ रुपए रहा था। उसने कहा कि इस दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में कुल विक्रय 31860 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले समान तिमाही में 27849.2 करोड़ रुपए रहा था।

### सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गयी है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किये गये हैं। भारतीय स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किये गये हैं। सोलहवें वित्त आयोग से 1 अप्रैल, 2026 से शुरु होने वाली पांच वर्षों की अवधि को कवर करते हुए अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

### तीसरी तिमाही में मारुति सुजुकी इंडिया का शुद्ध लाभ 3,130 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कम सामग्री लागत और बिक्री की मात्रा में वृद्धि के चलते वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 3,130 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। बुधवार को एक नियामक फाइलिंग में, कंपनी ने कहा कि 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए उसने 31,860 करोड़ रुपए (पिछले साल इसी अवधि में 27,849.2 करोड़ रुपए) का बिक्री राजस्व और 3,130 करोड़ रुपए (2,351.3 करोड़ रुपए) का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का परिचालन से कुल राजस्व 33,308.7 करोड़ रुपए (29,044.3 करोड़ रुपए) रहा। तीसरी तिमाही के दौरान, कंपनी ने 12,841.1 करोड़ रुपए में सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड (एसएमजी) का 100 प्रतिशत इक्विटी शेयर सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी), जापान का अधिग्रहण कर लिया। मारुति सुजुकी के अनुसार, तीसरी तिमाही के दौरान उसने 501,207 इकाइयां बेचीं। पिछले साल की इसी अवधि में बेची गई इकाईयों की संख्या 465,911 थीं। कंपनी ने कहा कि कमोडिटी की कीमतों में नरमी, क्षमता उपयोग और वसूली में सुधार और लागत में कमी के चलते मार्जिन में सुधार हुआ है।

# खेल जगत

## विष्णु सरवनन ने नौकायन में भारत का पहला पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां) भारतीय नाविक विष्णु सरवनन ने ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में आईएलसीए विश्व चैम्पियनशिप 2024 में नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। एडिलेड सेलिंग क्लब में एक व्यक्ति डोंगी स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करते हुए, सरवनन ने छह दिनों में 125 शुद्ध अंक अर्जित किए और समग्र लीडरबोर्ड पर 26वां स्थान हासिल किया। विशेष रूप से, उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान सुरक्षित करने के लिए पात्र नाविकों के बीच पांचवें स्थान का दावा किया। विष्णु सरवनन ने एडिलेड में आयोजित आईएलसीए 7 विश्व चैम्पियनशिप में सेलिंग में भारत का पहला सपेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, इस आयोजन में उपलब्ध 7 ओलंपिक कोटा में से एक को हासिल करते हुए।



# टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट को एक स्थान का फायदा, पोप की लंबी छलांग



- विराट कोहली पहले टेस्ट में नहीं खेले थे, इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ
- बाबर आजम उनसे एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर

**दुबई** 31 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बिना खेले एक पायदान का फायदा हुआ है वहीं हैदराबाद जीत के हीरो इंग्लैंड के ओपी पोप 20 स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए 15वें पायदान पर पहुंच गये है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा जारी बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में पोप को हैदराबाद टेस्ट में 196 रनों की पारी खेलने का फायदा मिला और वह 20 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 15वें स्थान पर पहुंच गये है।

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन अभी भी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में नहीं खेले थे। इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है और वो छठे स्थान पर आ गए हैं। बाबर आजम उनसे एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर है। ताजा रैंकिंग के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की शुरुआती पारी में अर्धशतक के बाद दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के बैटर बेन डकेट भी भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में 35 और 47 रन की पारी के बाद पांच स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। हैदराबाद में इंग्लैंड की जीत और ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज बराबरी पर खत्म होने के बाद टॉप-10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में मामूली बदलाव हुआ है।

अश्विन अब भी टेस्ट के नंबर-1 गेंदबाज

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है और जसप्रीत बुमराह को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह हैदराबाद में छह विकेट लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में कगिसो रबाडा दूसरे और पैट कमिंस तीसरे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की ताजा जारी टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर बने हुए हैं। आर अश्विन दूसरे स्थान हैं। जो रूट ने भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट झटके थे और वो ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंच गये हैं।

## शानदार गेंदबाजी के बाद जोसेफ, हार्टले को टेस्ट रैंकिंग में हुआ फायदा

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ और इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने दो अलग-अलग महाद्वीपों में शानदार गेंदबाजी करने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में बड़ा फायदा हासिल किया है। दाहिने पैर के अंगूठे की चोट को दरकिनार करते हुए दूसरी पारी में जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने ब्रिस्बेन के गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर आठ रन की जादुई जीत हासिल की और ऑस्ट्रेलिया के साथ श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अब वह 42 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोसेफ के 397 रेटिंग अंक दो टेस्ट मैचों के बाद वेस्टइंडीज के किसी गेंदबाज द्वारा पांचवां सर्वश्रेष्ठ है। इस सूची में उनसे कुछ पूर्व महान खिलाड़ी आगे हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी, तेज गेंदबाज कॉलिन क्रॉफ्ट (447), बाएं हाथ के स्पिनर अल्फ वेलेंटाइन (443), तेज गेंदबाज वेस हॉल (422) और ऑफ स्पिनर सोनी रामाधीन (407) के पहले दो टेस्ट के बाद अधिक अंक थे। ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद गेंदबाजों के मामले में जोसेफ वेस्टइंडीज के लिए शीर्ष पर थे, लेकिन उनके साथी तेज गेंदबाज केमार रोच (दो स्थान ऊपर 17वें स्थान पर) और अल्ज़ारी जोसेफ (चार स्थान ऊपर 33वें स्थान पर) ने भी तीन स्थान के साथ बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज जोशुआ डी सिल्वा (12 पायदान ऊपर 60वें), किर्क मैकेंजी (नौ पायदान ऊपर 76वें) और केवम हॉज (98 पायदान ऊपर 81वें) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कुछ उपयोगी पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में ऊपर चढ़ गए हैं। दूसरी ओर नवोदित हार्टले ने भी भारत के खिलाफ शुरूआती टेस्ट की दूसरी पारी में सात विकेट का शानदार प्रदर्शन किया और मैच में नौ विकेट लेकर मेहमान टीम को राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में 28 रन से जीत दिलाने में मदद की।

# जय शाह सर्वसम्मति से तीसरे कार्यकाल के लिए एसीसी अध्यक्ष बने



**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। बीसीसीआई सचिव जय शाह इंडोनेशिया के बाली में आयोजित एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से नियुक्त किए जाने के बाद एसीसी के अध्यक्ष बने रहेंगे। शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने दूसरी बार किया था और नामांकन को सभी एसीसी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया था। शाह ने एसीसी के एक बयान में कहा, मैं उनके निरंतर विश्वास के लिए एसीसी बोर्ड का आभारी हूं। हमें उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ खेल के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए जहां यह अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह, जो 2019 से बीसीसीआई सचिव हैं, ने जनवरी 2021 में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन से एसीसी अध्यक्ष का पदभार संभाला था, जिससे वह एसीसी अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त होने वाले सबसे कम उम्र के प्रशासक बन गए। सिल्वा ने कहा, जय ने पूरे एशियाई क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की दिशा में एसीसी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुझे खुशी है कि एसीसी बोर्ड ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया। जय के पास वाणिज्यिक और प्रसारण सौदों के माध्यम से वित्त बढ़ाने का एक सिद्ध रिकॉर्ड है। एसीसी बोर्ड ने रणनीतिक वाणिज्यिक और प्रसारण सौदों के माध्यम से वित्तीय स्थिरता बढ़ाने में शाह के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ-साथ इन वित्तीय संसाधनों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की उनकी प्रतिबद्धता को भी स्वीकार किया, जिससे संगठन के भीतर सहयोगी सदस्यों का उत्थान हुआ। मैंने काफी समय तक जय शाह के साथ मिलकर काम किया है और प्रशासन के प्रति उनके जुनून और उत्साह को प्रत्यक्ष रूप से जानता हूं। वह स्पष्ट दृष्टि और रोडमैप वाले एक युवा और गतिशील नेता हैं। वह न केवल सदस्य बोर्डों के बीच सहयोगात्मक भावना को बढ़ावा देने में कामयाब रहे हैं, बल्कि एसीसी की वित्तीय और वाणिज्यिक स्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एसीसी के उपाध्यक्ष और ओमान क्रिकेट के अध्यक्ष पंकज खिमजी ने कहा, आज, हितधारक एसीसी द्वारा आयोजित टूर्नामेंटों में निवेश करने में मूल्य देखते हैं, और मैं इस बड़े परिवर्तन के लिए उन्हें श्रेय देता हूं, जो क्षेत्र में खेल के विकास को और बढ़ावा देगा। मैं एसीसी को अगले स्तर पर आगे ले जाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। एसीसी ने यह भी कहा कि उसने शाह के नेतृत्व में पूरे एशियाई क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने और विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, जैसे पुरुष और महिला एशिया कप के साथ-साथ उभरती टीमों के टूर्नामेंट और अंडर 19 प्रतियोगिताओं का आयोजन।

# मयंक अग्रवाल को मिली अस्पताल से छुट्टी



**अगरतला** 31 जनवरी (एजेंसियां)। तबीयत बिगड़ने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराये गये कर्नाटका क्रिकेट टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल को बुधवार की शाम डिस्चार्ज कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चिकित्सकों ने मयंक को दर्द कम करने की दवाई दी गई है ताकि वह बेंगलुरू की यात्रा कर सकें। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मयंक एमबीबी हवाईअड्डे पहुंचे और बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए।हालांकि बेंगलुरू में उन्हें आगे जांच के लिये फिर से अस्पताल में रहना पड़ सकता है। इस बाबत कर्नाटका के टीम मैनेजर ने इस मामले की जांच करने के लिए त्रिपुरा पुलिस से शिकायत दर्ज करायी है।

मयंक ने आज अपराह्न सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, अब वह अच्छा महसूस कर रहे है। ठीक होकर वापसी करेंगे। उनके लिय प्रार्थना करने वाले प्रियजनों और समर्थकों का धन्यवाद। उन्होंने एक्स पर अपनी अस्पताल के बेड पर लेटे हुये तस्वीर भी साझा की है। उल्लेखनीय है कि यह घटना मंगलवार को शाम को उस समय हुई जब अग्रवाल अगरतला से दिल्ली के रास्ते सूरत के लिए उड़ान भर चुके थे। विमान में बैठते ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अग्रवाल ने इंडिगो के विमान में बैठने के बाद पानी समझकर एक बोतल से तरल पदार्थ ग्रहण किया था। जिसके बाद उन्हें पेट में दर्द महसूस होने लगा। इसके साथ ही उन्हें मुंह और गले में जलन की शिकायत की। उन्हें विमान में उल्टी भी हुई, जिसके बाद उन्हें अगरतला के आईएलएस अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

शुक्रवार को सूरत में कर्नाटका को रेलवेज के खिलाफ खेलना है। हालांकि कर्नाटका के शेष टीम को सूरत के लिए रवाना कर दिया गया। अग्रवाल की अनुपस्थिति में निकिन जॉस कर्नाटका की कप्तानी करेंगे। आईएलएस अस्पताल ने अग्रवाल के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अभी उनकी हालत स्थिर है और वह चिकित्सीय निगरानी में हैं। अस्पताल ने बताया कि अग्रवाल को मुंह में जलन हो रही थी और उन्हें होठों पर सूजन का अनुभव हो रहा था। वह अगले 24 घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन इस समय त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन और अग्रवाल का इलाज कर रहे चिकित्सकों के संपर्क है। अभी उनकी और जांच की जाएगी, जिसके बाद उनके बेंगलुरु लौटकर आगे के इलाज के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

इंडिगो ने मेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली जा रहे उसके एक विमान को वापस अगरतला लौटने की पुष्टि की है। उन्होंने कि विज्ञप्ति में कहा मेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली के लिए संचालित होने वाले इंडिगो विमान 6ई 5177 को वापस अगरतला लौटना पड़ा। यात्री को विमान से उतारा गया और उन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए अस्पताल ले जाया गया। विमान ने चार बजकर 20 मिनट पर दोबारा अपने गंतव्य स्थान के लिए उड़ान भरी।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे लाबुशेन को मिला क्लार्क का समर्थन



**मेलबर्न,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने मार्नस लाबुशेन की बल्लेबाजी में तकनीकी बदलाव को देखा है और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को इसे सुधारने और न्यूजीलैंड दौरे पर स्कोरिंग की राह पर लौटने का समर्थन किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 1-1 से ड्रा हुई टेस्ट सीरीज में लाबुशेन का समय बहुत खराब रहा, उन्होंने चार पारियों में सिर्फ 19 रन बनाए।

कुल मिलाकर 226 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया टेस्ट समर के लिए उनका औसत 28.25 है। इसके अलावा, उन्होंने अपने पिछले 18 टेस्ट मैचों में सिर्फ एक शतक और छह अर्धशतक बनाए हैं। क्लार्क ने कहा, केवल एक चीज जो मैं तकनीकी रूप से देख सकता हूं, वह यह है कि वह अपने दाहिने कंधे को थोड़ा ऊपर उठाता दिख रहा है। इसलिए मुख्य रूप से गेंदें जो कि बैक-ऑफ-ए-लेंथ हैं, वास्तव में साइड ऑन रहने के बजाय जैसे वह करता है और बैक-फुट गेंद को कवर करने या पॉइंट करने के लिए बचाव करता है, या यहां तक कि उसे अपने पैरों पर गिराता है, वह बस थोड़ा सा ऊपर कर रहा है और यही कारण है उसे परेशानी हो रही है। क्लार्क ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में कहा, आप लाबुशेन को नजरअंदाज नहीं कर सकते। वह नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर रहा है, जो टेस्ट क्रिकेट में सबसे कठिन स्थानों में से एक है। अगर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलते हैं और सबसे ज्यादा रन बनाते हैं तो आश्चर्यचकित न हों।

# गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया को संकट से बाहर निकाल रहे हैं : फिंच

मेलबर्न, 31 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि टीम का गेंदबाजी आक्रमण अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर के टेस्ट मैचों में टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाल रहा है, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों के आंकड़े अच्छे नहीं दिखाई दे रहे हैं। घरेलू मैदान पर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर 3-0 से सीरीज़ जीती और यहां तक ??कि एडिलेड टेस्ट भी दस विकेट से जीता। लेकिन ब्रिस्बेन के गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में, ऑस्ट्रेलिया को 216 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। फिंच ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में कहा, सोचिए गेंदबाज ही हैं जिन्होंने उन्हें कुछ बार संकट से बाहर निकाला है, लेकिन उस्मान ख्वाजा भी... और मिच मार्श भी उस संबंध में अपना वजन बढ़ा रहे हैं। मुझे लगता है कि वे मध्य क्रम के लिए अच्छी संख्या नहीं हैं। कुछ बहुत प्रतिभा है। शतक कॉलम मेरे लिए चिंता का विषय है। लोग शुरुआत कर रहे हैं, और यह संख्याओं में परिलक्षित होता है, ऐसा नहीं है कि वे छह का औसत निकाल रहे हैं। द गाबा में, उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी और पैट कमिंस के बल्ले से आगे बढ़ने से पहले ऑस्ट्रेलिया 54/5 पर लड़खड़ा गया। अपने घरेलू समर में, केवल डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड ने शतक बनाए, जबकि मार्श ने 90 के दो स्कोर बनाए, जबकि स्टीव स्मिथ ने ब्रिस्बेन में नाबाद 91 रन बनाए। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन पारियों में सिर्फ 18 रन बनाए। अगर आपके पास मार्नस (लाबुशेन) की तरह दो टेस्ट मैचों में खराब श्रृंखला है, तो यह ठीक है, हर किसी के पास किसी न किसी बिंदु पर ऐसा होगा, लेकिन पर्याप्त शतक नहीं हैं। कुछ दरारें हैं जिन्हें उस्मान ख्वाजा और गेंदबाजों ने खत्म कर दिया है। फिंच ने निष्कर्ष निकाला, सोचिए कि यह उनके (लाबुशेन) स्ट्राइक-रेट में भी उजागर हुआ है। आप एक रक्षात्मक मानसिकता में आ जाते हैं जहां आप पहले अस्तित्व के बारे में सोचते हैं और मैं बाद में इसका फायदा उठाऊंगा।

# एशियन लीजेंड्स लीग में चमक बिखेरेंगे पांच देशों के दिग्गज




**नई दिल्ली,** 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेट सितारे 13 मार्च से शुरु होने वाली एशियन लीजेंड्स लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे।

वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने बुधवार को एशियन लीजेंड्स लीग के उद्घाटन संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। इस रोमांचक टी20 टूर्नामेंट में एशिया के पांच बड़े क्रिकेटिंग देश भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज सितारों से बनी टीमें 13 से 21 मार्च तक प्रतिस्पर्धा करेंगी।

लीग कमिश्नर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने सीज़न के लिए अपने आइकन खिलाड़ियों के साथ पांच फ्रेंचाइजी के नामों की भी घोषणा की। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान जहां इंडियन रॉयल्स टीम का हिस्सा बने, वहीं पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान पाकिस्तान स्टार्स के लिए मैदान में उतारेंगे।

इसी तरह श्रीलंका लायंस ने पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को अपने साथ जोड़ा है, जबकि अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान उद्घाटन संस्करण के लिए अफगानिस्तान पठान्स टीम में शामिल हुए हैं। मोहम्मद अशरफुल को बांग्लादेश टाइगर ने अपने आइकन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया है।

इस टूर्नामेंट को लेकर चेतन शर्मा ने कहा, एशियन लीजेंड्स लीग एक अनोखा टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बड़े नाम एक बार फिर वर्चस्व की लड़ाई में भाग लेते हुए दिखेंगे। एक क्रिकेटर के रूप में, जब हम खेलते हैं तो हमें बहुत गर्व महसूस होता है। लेकिन ऐसी लीगों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की अनुभूति होती है। इरफ़ान पठान और मोहम्मद इरफ़ान जैसे मशहूर खिलाड़ियों की मौजूदगी निश्चित रूप से इस लीग को क्रिकेट प्रेमियों के बीच जरूर देखने लायक बनाएगी।

इरफ़ान पठान ने कहा, इतने लंबे समय तक कमेंटेटर रहने के बाद मैदान पर खेलना अच्छा लगता है, लेकिन हमारा पहला प्यार हमेशा क्रिकेट खेलना है और एशियन लीजेंड्स लीग में खेलने से निश्चित रूप से बहुत सारी यादें ताजा हो जाएंगी। मैंने इस लीग में अन्य आइकन खिलाड़ियों के खिलाफ काफी क्रिकेट खेला है। यह आपको एक अलग रोमांच देता है। फैंस के लिए भी ये बेहद रोमांचक अनुभव होगा। ऐसी लीग देखना हमेशा मज़ेदार होता है।

# तेलुगु टाइटन्स को 31 अंकों से हराकर पुनेरी पलटन शीर्ष पर




**पटना** 31 जनवरी (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग 2023-24 में पुनेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के 10वें सत्र के 97वें मुकाबले में तेलुगु टाइटन्स को 60-29 से हराकर एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में मंगलवार को खेले गये मैच में पुनेरी पलटन ने तेलुगु टाइअन्स को 31 अंकों के बड़े अंतर से हराया। पलटन की यह 16 मैचों में 12वीं जीत है इसके साथ ही उसके 68 अंक हो गये है। 66 अंकों के साथ जयपुर पिंक पैंथर्स दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। जबकि प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी टाइटन्स को 17 मैचों में 15वीं हार है।

पलटन की ओर से आकाश शिंदे ने 11 अंक बनाए, जबकि डिफेंस में शादलू सात और नादराजन पांच ने हाई-5 लगाए। टाइटंस की ओर से संजीवी ने सबसे अधिक आठ अंक लिए। कप्तान पवन सेहरावत सिर्फ चार अंक ले सके। मैच के दौरान पलटन दबदबा बनाते हुए सात मिनट के भीतर टाइटन्स को ऑलआउट कर 11-2 की बढ़त बना ली थी। पलटन के रेडरों ने पांच और डिफेंस ने चार अंक बटोरे। इस दौरान पलटन के डिफेंस ने टाइटन्स के कप्तान पवन को दो रेड में दो बार आउट किया। रेड में नाकामी से हताश पवन डिफेंस में हाथ आजमाते हुए शुरुआती नौ मिनट में तीसरी बार आउट हुए और पलटन ने अपनी बढ़त 10 अंक कर ली। ब्रेक के बाद मोहित ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ टाइटन्स को दूसरी बार सुपर टैकल की स्थिति में डाला लेकिन संजीवी ने डू ऑर डाई रेड पर असलम का शिकार करके इस स्थिति को टाल दिया।

आकाश ने हालांकि रनिंग हैंड टच के साथ फिर वही स्थिति कायम कर दी। पवन फिर डिफेंड करते हुआ आउट हुए। इसके बाद पलटन ने दूसरी ऑलआउट के साथ 22-6 की बढ़त बना ली। ऑलइन के बाद पवन एक बार फिर पकड़े गए।

उन्होंने रेड और डिफेंस में लगातार सफलता के साथ जल्द ही 20 अंकों की बढ़त ले ली। फिर रतन का शिकार कर टाइटन्स को तीसरी बार सुपर टैकल की स्थिति में डाला। हाफ टाइम तक टाइटन्स के पाले में एक खिलाड़ी बचा था और पलटन को 23 अंक से आगे थी। नादराजन अपना हाई-5 पूरा कर चुके थे। टाइटन्स को तीसरी बार ऑलआउट कर पलटन ने 32-7 की बढ़त बनायी।

21वें मिनट में टाइटन्स को डिफेंस में पहला अंक मिला लेकिन शादलू ने पवन का शिकार कर हिसाब बराबर कर लिया। साथ ही उन्होंने हाई-5 भी पूरा किया। डिफेंस ने हालांकि पवन को जल्द रिवाइव करा लिया। वह कुछ खास नहीं कर सके लेकिन आकाश ने सुपर रेड के साथ पलटन को 38-9 से आगे कर दिया। इसके बाद पलटन ने टाइटन्स को चौथी बार ऑलआउट कर 45-11 के स्कोर के साथ जीत सुनिश्चित कर ली। ब्रेक के बाद टाइटन्स ने सुपर टैकल के दो अंक हासिल किए और फिर एक और ऑलआउट टाल दिया लेकिन जल्द ही पलटन ने 50 का आंकड़ा छू लिया। इस बीच पलटन सुपर टैकल की स्थिति में आए और पवन का शिकार कर स्कोर 53-18 कर दिया, लेकिन संजीवी ने सुपर रेड के साथ टाइटन्स को ऊर्जा प्रदान की। इसके बाद टाइटन्स ने पहली बार पलटन को आलआउट करते हुए स्कोर 24-57 कर दिया। टाइटन्स ने लगातार तीन अंक हासिल किए और पलटन को फिर ऑलआउट की ओर धकेला, लेकिन तब समय खत्म समाप्त हो चुका था।

## सार संक्षेप

### बिहार के शुभम ने रिकर्व तीरंदाजी में जीता गोल्ड

**चेन्नई।** पिछले महीने शुभम कुमार ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपने होमटाउन बिहार के आरा से गुजरात के नडियाद तक जनरल डिब्बे में 30 घंटे की कठिन ट्रेन यात्रा की, लेकिन इतनी कठिनाई झेलने के बावजूद उन्होंने वहां टीम को कांस्य पदक दिलाया। छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आने के बाद शुभम ने पहले न तो इस स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना किया था और न ही इतने बड़े पैमाने की व्यवस्था देखी थी। लेकिन, उन्हें लड़कों की रिकर्व श्रेणी में बिहार के लिए खेलों का दूसरा स्वर्ण पदक जीतने से कोई नहीं रोक सका। चेन्नई के नेहरू पार्क स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीरंदाजी रेंज में उनके प्रदर्शन ने कई लोगों को आश्चर्यचकित किया होगा, लेकिन खुद शुभम को नहीं। प्रसन्न होकर शुभम ने कहा, मैं इस खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर आया था और मैंने वह हासिल कर लिया। मेरी शुरुआती शूटिंग उतनी अच्छी नहीं थी। मैं 11वें स्थान पर था लेकिन मैंने सोचा कि मैं अगले दिन वापस आऊंगा और बेहतर प्रदर्शन करूंगा, चाहे कितनी भी हवा हो। मुझे यहां बहुत कुछ सीखने को मिला। बहुत तेज़ हवा चल रही थी और आपको वास्तव में सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा, मैंने पहले इस स्तर की प्रतिस्पर्धा और इस तरह की हवा का सामना नहीं किया था।

### ओपनर के रूप में पहले कुछ हफ्तों का आनंद लिया : स्मिथ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि उन्होंने टेस्ट ओपनर बनने के पहले कुछ हफ्तों का आनंद लिया है। इस कदम पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को उन्होंने यह जवाब दिया है। उनके अनुरोध पर, डेविड वार्नर की सेवानिवृत्ति के बाद स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट ओपनर के रूप में पदोन्नत किया गया था। ब्रिस्बेन में दूसरे मैच की पहली पारी में छह रन बनाने से पहले, उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 12 और 11 नाबाद रन के स्कोर दर्ज किए। स्मिथ ने इसके बाद दूसरी पारी में नाबाद 91 रन बनाए, जहां ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज से आठ रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। मैं दो या तीन पारियों में असफल रहा, इस पर बहुत सारी टिप्पणियाँ की गईं - मैं एक में नॉट आउट रहा और दो बार कम स्कोर रहा। अब एक सलामी बल्लेबाज के रूप में मेरा औसत 60 का है। स्मिथ ने बुधवार को एमसीजी में संवाददाताओं से कहा, यह बस एक और स्थिति थी; मैंने जल्दी आकर नई गेंद के खिलाफ कई बार संघर्ष किया है, मैंने इसके पहले कुछ हफ्तों का आनंद लिया है... अगर वे मुझे वापस नीचे ले जाना उचित समझते हैं, तो मैं ऐसा करूंगा। टीम को जो भी जरूरत है।